# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बुधवार, 29 जुलाई, 2026 | वर्ष -01 | अंक-162 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


# अजगैबीनाथ में आधुनिक एयरपोर्ट का निर्माण कराया जाएगा : सम्राट

## मुख्यमंत्री ने किया विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला का शुभारंभ

**भागलपुर (एनएसबी)।** जिले के सुल्तानगंज स्थित नमामि गंगे घाट पर मंगलवार को विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 2026 का भव्य और ऐतिहासिक शुभारंभ हो गया है। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर एक महीने तक चलने वाले आस्था के इस महापर्व का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के साथ ही पूरा सुल्तानगंज (अजगैबीनाथ धाम) 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा है और उत्तरवाहिनी गंगा से पवित्र जल भरकर कांवरियों का जत्था बाबा

**सुल्तानगंज से देवघर तक फोरलेन सड़क बनाई जाएगी**

**'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा कांवरिया मार्ग**

बैद्यनाथ धाम (देवघर) के लिए रवाना होने लगा है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया और क्षेत्र के विकास के लिए कई घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की कि अब इस पावन धरती के लिए आधिकारिक तौर पर 'सुल्तानगंज' की जगह 'अजगैबीनाथ' नाम का इस्तेमाल शुरू कर देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि बाबा के भक्तों और स्थानीय विकास के लिए अजगैबीनाथ (सुल्तानगंज) में आधुनिक एयरपोर्ट (हवाई अड्डा) का निर्माण कराया जाएगा, जिसके लिए प्रस्तावित स्थल का हवाई सर्वे भी पूरा कर लिया गया है। सुल्तानगंज से देवघर तक की यात्रा को सुगम बनाने के लिए फोरलेन सड़क बनाई जाएगी। इसके साथ ही अगुवानी घाट तक रोपवे की योजना पर भी तेजी से काम होगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में पूरे मेला क्षेत्र को विश्वस्तरीय नागरिक और पर्यटन सुविधाओं से लैस किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए 'श्रावणी मेला 2026 मोबाइल ऐप' का लोकार्पण किया। इस डिजिटल पहल से कांवरियों को लाइव दर्शन और श्रद्धालु घर बैठे या यात्रा के दौरान बाबा बैद्यनाथ धाम का लाइव दर्शन कर सकेंगे। कांवर यात्रा मार्ग, प्रमुख विश्राम पड़ाव, आपातकालीन नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) की जानकारी मिलेगी। मार्ग में पड़ने वाले सभी चिकित्सा शिविरों और स्वास्थ्य केंद्रों की रियल-टाइम लोकेशन मिलेगा। गंगा घाट पर ठहरने के लिए निर्मित 2,850 बेड की अत्याधुनिक टेंट सिटी और स्वच्छ पेयजल की ट्रैकिंग हो सकेगी। उद्घाटन समारोह के मंच पर बिहार सरकार के कई वरिष्ठ चेहरे, स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के तौर पर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं उपमुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव मौजूद रहे।



### बीएड कॉलेजों में भी डिग्री कॉलेज खोले जाएंगे

**असरगंज (मुंगेर) (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुंगेर जिले के असरगंज नगर पंचायत स्थित जलालाबाद में रामानंद एवं परसीराम उच्च विद्यालय परिसर में नवनिर्मित राजकीय डिग्री महाविद्यालय और पठन-पाठन का विधिवत उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज होने से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए अपने घरों से दूर नहीं भटकना पड़ेगा। मौके पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने हमें तारापुर से विधायक बनाया है। हमने आपसे जो जो वादा किया है उसको पूरा करूंगा। डिग्री कॉलेज असरगंज को स्वीकृत किया था आज उसका उद्घाटन कर आपको समर्पित कर रहा हूं। मुझे आपने विधायक बनाया और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद मोदी, नीतीश कुमार और साथ साथ एनडीए ने बागडोर दिया है जिस विश्वास के साथ आपको आश्वस्त करता हूं कि तारापुर के सपनो के साथ साथ पूरे बिहार का सपना पूरा करूंगा।

### सभी परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समयसीमा में पूरा करें : मुख्यमंत्री

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में बिहार गति के अन्तर्गत चिन्हित परियोजनाओ की समीक्षा की। इस दौरान राज्य में क्रियान्वित 100 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं एवं केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। बिहार गति के अंतर्गत चिन्हित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में जल संसाधन, पथ निर्माण एवं स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए तथा प्रगति में आने वाली बाधाओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बिहार ने विकास की गति पकड़ ली है, अब इसे और बढ़ाना है। समीक्षा के दौरान सीएम ने कोसी मेची इंटर स्टेट लिंक परियोजना के निर्माण कार्य में मानसून समाप्त होते ही तेजी लाने के निर्देश दिए। नॉर्थ कोयल जलाशय परियोजना के कार्यों में तेजी लाने तथा इसे शीघ्र पूर्ण कर सिंचाई क्षमता बढ़ाने और किसानों को जल्द लाभ पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया।

**मुख्यमंत्री ने की बिहार गति के अंतर्गत चिन्हित परियोजनाओं की समीक्षा**

## संक्षिप्त खबरें

### जापान में भूकंप के झटकों से इमारतें गिरी

**जापान ।** मंगलवार को जापान के दक्षिणी हिस्से में एक बेहद शक्तिशाली भूकंप महसूस किया गया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, इस झटके के बाद तटीय इलाकों के लिए सुनामी का अलर्ट जारी किया गया था, लेकिन फिर बाद में अलर्ट वापस ले लिया गया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार मंगलवार को जापान के क्यूशू क्षेत्र के कुमामोटो प्रान्त में 7.1 की प्रारंभिक तीव्रता वाला भूकंप आया। यह एक बेहद शक्तिशाली झटका था जिसने पूरे दक्षिणी जापान को हिलाकर रख दिया।भूकंप के एपीसेंटर के पास कई इमारतें गिरी हुई दिखाई दीं।

### पेटीएम पेमेंट्स बैंक को बंद करने का दिया आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (PPBL) को बंद करने का आदेश दिया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) ने मंगलवार (28 जुलाई) को बताया कि नियमों का लगातार उल्लंघन करने के कारण बैंक का लाइसेंस पहले ही रद्द किया जा चुका था, और यह आदेश बैंक को बंद करने की प्रक्रिया का आखिरी चरण है। RBI ने एक बयान में कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट ने 8 जुलाई और 22 जुलाई, 2026 के आदेशों के जरिए, बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट, 1949 और कंपनीज एक्ट, 2013 के प्रावधानों के तहत पेटीएम पेमेंट्स बैंक को बंद करने का निर्देश दिया है।

### ट्रम्प से मुलाकात करने अमेरिका पहुंचे जेलेंस्की-नेतन्याहू

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व्हाइट हाउस में आज यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि इन दोनों बैठकों में यूरोप और पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात पर अहम फैसले हो सकते हैं।मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, जेलेंस्की ट्रम्प से ऐसे समय मुलाकात कर रहे हैं, जब रूस यूक्रेन पर लगातार मिसाइल और ड्रोन हमले कर रहा है। इस बैठक में वे अमेरिका से पैट्रियट एयर डिफेंस मिसाइलें और उनके उत्पादन में सहयोग मांगेंगे।

### दीपके बोले-छात्रों पर पुलिस कार्रवाई तुरंत रोकें

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने मंगलवार को कहा, 'अगर छात्रों के खिलाफ कार्रवाई नहीं रुकी तो, वे बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। इधर बिहार और महाराष्ट्र के बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने भी ठएएळ पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन करने वाले छात्रों के खिलाफ केस वापसी का ऐलान किया है। गृह विभाग ने साफ किया कि प्रदर्शन में हुए शामिल जिन लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, उन पर कार्रवाई नहीं होगी। कॉकरोच जनता पार्टी ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन किया था।

### केंद्र डिजिटल अरेस्ट को अलग अपराध बनाने पर विचार करेः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार से कहा कि वह डिजिटल अरेस्ट को आपराधिक कानून में औपचारिक रूप से परिभाषित करने और इसे कठोर सजा के साथ अलग अपराध घोषित करने पर विचार करे। डिजिटल अरेस्ट साइबर अपराध का एक बढ़ता हुआ रूप है, जिसमें जालसाज कानून लागू करने वाले अधिकारियों, अदालती कर्मचारियों या सरकारी एजेंसियों के कर्मियों के रूप में पेश होकर ऑडियो और वीडियो कॉल के जरिए पीड़ितों को डराते हैं। वे पीड़ितों को बंधक बनाकर पैसे देने का दबाव बनाते हैं। उखक सूर्यकांत,जस्टिस जॉयमाल्य बागची तथा जस्टिस वी मोहना की बेंच ने कहा कि ऐसे मामलों में आरोपी के खिलाफ ठोस सबूतों के आधार पर राय बनने के बाद उसकी संपत्ति को फ्रीज किया जा सकता है।



### लालू के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव बेउर जेल से हुए रिहा

**पटना (एनएसबी)।** जनशक्ति जनता दल के अध्यक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े बेटे और पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव मंगलवार शाम बेउर केंद्रीय कारा से रिहा हुए।जेल से बाहर निकलते ही समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया और नारेबाजी की। इसके बाद तेज प्रताप सीधे कार से अपने आवास के लिए रवाना हो गए। बिहार सरकार ने सोमवार देर रात छात्र आंदोलन में शामिल प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने और उन्हें रिहा करने का आदेश जारी किया था।



# पेपर लीक बिल पर लोस में आज फिर होगी चर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में पेपर लीक से जुड़े 'पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 मंगलवार को पास नहीं हो सका। दोपहर 2 बजे से रात 11 बजे तक लगातार 9 घंटे बिल पर चर्चा हुई। अभी भी कई सांसदों का बोलना बाकी है। रात 11 बजे स्पीकर ने लोकसभा बुधवार 11 बजे तक स्थगित कर दी। अब बिल पर बुधवार को लोकसभा में फिर चर्चा और वोटिंग होगी। वहीं बिल राज्यसभा में भी पेश किया जाएगा। विधेयक में 2024 में बने कानून में बदलाव का प्रस्ताव है। केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि इससे पेपर लीक रोकने में मदद मिलेगी। इससे पहले लोकसभा में प्रह्लाद जोशी को शिक्षा मंत्री बनाने पर भी हंगामा हुआ। संसद के बाहर राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने रेपिस्ट की पैरवी करने वाले शख्स को शिक्षा मंत्री बनाया है। यही बात प्रियंका गांधी ने भी लोकसभा में कही, हालांकि उनकी टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया।



**रेपिस्ट की पैरवी करने वाले को शिक्षा मंत्री बनाया : राहुल चरित्र हनन की कोशिश : रिजिजू**

### सूबे के सभी स्कूलों में शनिवार को हाफ-डे

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के स्कूलों में शनिवार को टिफिन ब्रेक के बाद बच्चों की छुट्टी करने की व्यवस्था लागू की जाएगी. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुंगेर के असरगंज में राजकीय डिग्री कॉलेज के उद्घाटन समारोह के बाद यह घोषणा की. मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि यह फैसला राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप लिया गया है. मुख्यमंत्री ने साफ-साफ कहा है कि राज्य के स्कूलों में शनिवार को अब आधे दिन तक ही पढ़ाई होगी और इसके बाद बच्चों को छुट्टी मिल जाएगी. बता दें कि शनिवार को हाफ-डे करने की मांग लंबे समय से शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों की ओर से उठाई जा रही थी. फरवरी 2026 में बिहार विधान परिषद में भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया था. इसके बाद सरकार की ओर से इस पर विचार का किया गया और अब इसको लेकर मुख्यमंत्री ने घोषणा भी कर दी है।

# सीबीआई ने दाखिल की चार्जशीट, 13 आरोपियों पर गंभीर धाराओं में केस

**नीट पेपर लीक मामला**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट यूजी 2026 प्रश्नपत्र लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 13 गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। जांच एजेंसी ने आरोपियों पर आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, सबूत नष्ट करने समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

इसके अलावा आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के तहत भी धाराएं लगाई गई हैं। सीबीआई ने अपनी चार्जशीट में 360 गवाहों, 422 दस्तावेजों और 43 महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्यों को शामिल किया है। जांच एजेंसी के मुताबिक, चार्जशीट दाखिल किए गए सभी 13 आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। मामले की शुरूआत तब हुई जब केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग ने 12 मई 2026 को नीट यूजी 2026 परीक्षा में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक की शिकायत दर्ज कराई थी। यह परीक्षा 3 मई 2026 को आयोजित की गई थी। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने उसी दिन प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। मामले की जांच के लिए एजेंसी ने 72 अधिकारियों और कर्मचारियों की कई टीमें गठित कीं, जिनमें 8 साइबर फॉरेंसिक विशेषज्ञ भी शामिल थे। सीबीआई ने जांच के दौरान महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली समेत कई राज्यों में कुल 92 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। इस कार्रवाई में जांच एजेंसी ने डिजिटल उपकरण, संचार उपकरण, दस्तावेज और अन्य महत्वपूर्ण सामग्री जब्त की। जब्त किए गए डिजिटल साक्ष्यों की फॉरेंसिक जांच की गई।



**एनटीए अधिकारियों की भूमिका की जांच जारी**

# दुलारी देवी व गुड्डू यादव से जुड़े 24 ठिकानों पर ईओयू की रेड

**मुंगेर (एनएसबी)।** बिहार के जमुई और शेखपुरा में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने मंगलवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष दुलारी देवी, उनके पति गुड्डू यादव और सहयोगियों से जुड़े कुल 24 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। करीब 50 वाहनों के काफिले के साथ पहुंची टीम संपत्ति, बैंकिंग गतिविधियों, निवेश और वित्तीय लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रही है।

**24 ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई :** अधिकारियों के अनुसार, ईओयू की टीम ने मंगलवार सुबह जमुई जिले के 23 और शेखपुरा जिले के एक स्थान सहित कुल 24 ठिकानों पर एक साथ तलाशी अभियान शुरू किया। करीब 50 वाहनों के काफिले के साथ पहुंची टीम ने संबंधित परिसरों को घेर लिया और दस्तावेजों, वित्तीय अभिलेखों तथा अन्य महत्वपूर्ण रिकॉर्ड की जांच शुरू कर दी।

**जमुई, शेखपुरा में कार्रवाई, लड़ चुका है एमएलसी, पत्नी जिला परिषद अध्यक्ष**





### इन ठिकानों पर चल रही है जांच

छापेमारी जिला परिषद अध्यक्ष दुलारी देवी के आवास के अलावा उनके पति गुड्डू यादव के ननिहाल खैरा प्रखंड के डुमरकोला गांव में भी की जा रही है। इसके अलावा सिकंदरा स्थित पैतृक गांव में प्रवीण मिश्रा, मिचु मियां, उप प्रमुख नैयर खान, सोनू यादव, प्रमोद यादव, अनीश यादव और खेवसर गांव निवासी छोटू यादव सहित कई लोगों के ठिकाने भी जांच के दायरे में हैं। वहीं, शेखपुरा जिले के एकरामा गांव निवासी अनुज यादव के यहां भी ईओयू की टीम पहुंची है।

**बीपीएससी टीआरई-3 पेपर लीक मामला**

# संजीव मुखिया गैंग से संलिप्त एमबीबीएस डॉक्टर गिरफ्तार

**पटना (एनएसबी)** ।बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) की शिक्षक भर्ती परीक्षा (TRE-3) पेपर लीक मामले में बिहार आर्थिक अपराध इकाई (EOU) ने एक और बड़ी कार्रवाई की है. एडव ने एमबीबीएस डॉक्टर डॉ. मनीष कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। आर्थिक अपराध थाना में दर्ज मामले की जांच के दौरान मिले सबूतों के आधार पर 27 जुलाई 2026 को यह गिरफ्तारी की गई। जांच एजेंसी का दावा है कि "आरोपी परीक्षा पेपर लीक गिरोह के संपर्क में था और अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले कथित तौर पर प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने की साजिश में शामिल था। आर्थिक अपराध इकाई के अनुसार, यह मामला 16 मार्च 2024 को दर्ज आर्थिक अपराध थाना कांड संख्या-06/2024 से संबंधित है. इस मामले में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं, आईटी एक्ट 2000 तथा बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1981 के तहत जांच की जा रही है। गिरफ्तार डॉ. मनीष कुमार जहानाबाद जिले के परसबीघा थाना क्षेत्र के नेहालपुर गांव के रहने वाले हैं. जांच में सामने आया है कि डॉ. मनीष कुमार की पहले से डॉ. शिव के साथ मित्रता थी. डॉ. शिव जांच परीक्षा गिरोह के सरगना संजीव मुखिया का पुत्र है। आर्थिक अपराध इकाई के अनुसार, इसी नेटवर्क के माध्यम से बीपीएससी ळफए-3 शिक्षक भर्ती परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक कर चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने की साजिश रची गई थी.जांच एजेंसी का आरोप है कि योजना के तहत डॉ. मनीष कुमार को प्रत्येक अभ्यर्थी की सेटिंग के बदले 50 हजार रुपये देने का वादा किया गया था. आरोप है कि 15 मार्च 2024 को आयोजित ळफए-3 परीक्षा से दो-तीन दिन पहले मनीष ने करीब 30 अभ्यर्थियों को पटना से आरक्षित वाहन के जरिए हजारीबाग स्थित कोहिनूर होटल पहुंचाया. वहां कथित तौर पर अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र पढ़ाया गया, ताकि वे परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।



# सारांश जैन को पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में मौका

### 33 की उम्र में सपना हुआ साकार

**नई दिल्ली (एजेंसी) :** भारतीय क्रिकेट में मेहनत और धैर्य का सबसे बड़ा पुरस्कार आखिरकार मध्य प्रदेश के अनुभवी ऑफ स्पिन ऑलराउंडर सारांश जैन को मिल ही गया। 33 वर्षीय सारांश जैन को पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए घोषित टीम में उन्हें जगह मिली है। यह चयन घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन और हाल ही में भारत-ए के श्रीलंका दौरे पर उनके प्रभावशाली खेल का इनाम माना जा रहा है। इस दौरे में भारत के लिए कई अहम खिलाड़ियों की वापसी भी हुई है। अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा टेनिस एल्बो की चोट से पूरी तरह उबरकर टीम में लौट आए हैं, जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी वापसी हुई है। हालांकि बुमराह और युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन की अंतिम उपलब्धता भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से फिटनेस मंजूरी मिलने पर निर्भर करेगी। सारांश जैन के चयन के पीछे उनकी हालिया शानदार फॉर्म सबसे बड़ा कारण रही। भारत-ए की ओर से श्रीलंका दौरे पर उन्होंने दूसरे चार दिवसीय मैच में नाबाद 70 रन बनाए और छह विकेट भी झटके। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनके नाम 54 मैचों में 2,223 रन और 188 विकेट दर्ज हैं, जो उनकी हरफनमौला क्षमता को साबित करते हैं। श्रीलंका की टीम में कई बाएं हाथ के बल्लेबाज होने के कारण चयनकर्ताओं ने उनके ऑफ स्पिन कौशल को विशेष महत्व दिया। दूसरी ओर, ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग चोट के कारण पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं हैं। इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान लगी इस चोट ने सारांश जैन के लिए भारतीय टीम का दरवाजा खोल दिया।




**श्रीलंका दौरे के लिए टीम घोषित**

# परिवीक्षा अवधि में कार्यरत टीआरई-3 के शिक्षकों का भी होगा स्थानांतरण

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** अब राज्य के विभिन्न विद्यालयों में परिवीक्षा अवधि (प्रोबेशन पीरियड) में कार्यरत शिक्षक, प्रधानाध्यापक एवं प्रधान शिक्षक भी स्थानांतरण के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के महत्वपूर्ण निर्देश पर मंगलवार को शिक्षा विभाग ने बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली, 2026 के तहत यह बड़ा निर्णय लिया।

इस फैसले से टीआरई-3 के शिक्षकों के भी तबादले की प्रक्रिया में शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है। सामान्य शिक्षकों की तरह वे भी समायोजन समानुपातीकरण तथा पारस्परिक स्थानांतरण के लिए आवेदन कर सकेंगे।


शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी।

श्री तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों के हितों को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है। शिक्षकों से प्राप्त सुझावों और व्यावहारिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। हमारा उद्देश्य शिक्षक स्थानांतरण प्रक्रिया को अधिक न्यायसंगत, पारदर्शी और शिक्षक हितैषी बनाना है।

गौरतलब है कि शिक्षा विभाग ने 21 जुलाई 2026 को जारी विस्तृत दिशा-निर्देश में परिवीक्षा अवधि में कार्यरत शिक्षकों को स्थानांतरण के दायरे से बाहर रखा था। अब बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली, 2026 के नियम-11 के तहत प्राप्त संशोधन की शक्ति का प्रयोग करते हुए इस प्रावधान को स्थानांतरण की पहली प्रक्रिया के लिए शिथिल कर दिया गया है। इस संशोधन के अलावा अधिसूचना के अन्य सभी प्रावधान पहले की तरह लागू होंगे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि स्थानांतरण की पूरी प्रक्रिया अनलाइन एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जाएगी।

# एससीईआरटी के रिक्त पद भरे जाएंगे, बीपीएससी को भेजी जाएगी अधियाचना : मिथिलेश तिवारी

- शिक्षा मंत्री ने एससीईआरटी की समीक्षा बैठक में दिए कई निर्देश
- पहली से पांचवीं कक्षा तक हिन्दी के साथ क्षेत्रीय भाषाओं में भी होगी पढ़ाई
- अगस्त में पटना में शिक्षक प्रशिक्षकों को दी जाएगी विशेष ट्रेनिंग
- छठी से आठवीं कक्षा के बच्चों के कौशल विकास पर विशेष जोर
- संस्कृत शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए किए जाएंगे ठोस प्रयास

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि एससीईआरटी में खाली पदों को भरने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इसके लिए बिहार लोक सेवा आयोग को अधियाचना भेजी जाएगी।

शिक्षा मंत्री ने मंगलवार को विकास भवन स्थित सभागार में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, शिक्षक प्रशिक्षण को मजबूत करने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार राज्य में पहली से पांचवीं कक्षा तक हिन्दी के साथ-साथ भोजपुरी, मगही, मैथिली, अंगिका जैसी क्षेत्रीय भाषाओं में भी बच्चों को पढ़ाया जाएगा ताकि वे बेहतर ढंग से सीख सकें।

श्री तिवारी ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डायट) की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अन्य राज्यों की एससीईआरटी की कार्यप्रणाली का अध्ययन करने और शिक्षा में नवाचार आधारित सोच विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को समय-समय पर विद्यालयों में जाकर जमीन स्थिति का भी आकलन करना चाहिए।

शिक्षा मंत्री ने विद्यालयों में स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन बनाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि शनिवार को नो बैग डे के दौरान बच्चों को स्वच्छता और हेपेटाइटिस-बी से बचाव के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि लगभग 2 करोड़ बच्चों के माध्यम से यह संदेश हर परिवार तक पहुंचे। उन्होंने सभी विद्यालयों में वंदे मातरम और जन गण मन के नियमित गायन की अनिवार्यता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। मंत्री ने बताया कि अगस्त माह में पटना में शिक्षक प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों (ट्रेनर्स) का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिससे शिक्षकों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता और बेहतर हो सके। बैठक में शिक्षा मंत्री ने संस्कृत शिक्षा की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके सशक्तीकरण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह प्रयास किया जाएगा कि बिहार के विद्यार्थियों को संस्कृत की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने ही राज्य में उपलब्ध हो। इसके अलावा उन्होंने छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग के विशेष सचिव धर्मेन्द्र कुमार, एससीईआरटी के निदेशक यतेंद्र कुमार पाल के अलावा अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें खास-खास

### 2 अगस्त को पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अभिनंदन समारोह होगी महाऐतिहासिक : केदार गुप्ता

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि आगामी 2 अगस्त को पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अभिनंदन समारोह महाऐतिहासिक होंगी। मंत्री श्री गुप्ता ने कहा कि इस आहूत कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राज्य के सभी जिले व प्रखंडों क्षेत्रों में लगातार दौरा कर रहे हैं एवं लोगों से इस कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अपील कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसकी तैयारी को लेकर मोतीहारी जिले के चकिया के गणिनाथ मंदिर के प्रांगण में आयोजित बैठक में उपस्थित हुए। उन्होंने इस बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की तथा सभी लोगो से अपील किए की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस महाऐतिहासिक समारोह को सफल एवं भव्य बनाएँ। इस मौके पर अखिल भारतीय कानू हलवाई विचार मंच बिहार प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, चेयरमैन ओम प्रकाश गुप्ता, पूर्व चेयरमैन रमेश कुमार गुप्ता उर्फ भोला , शंभू गुप्ता, प्रभात गुप्ता, प्रेमनाथ गुप्ता, जिलाध्यक्ष डा ओम प्रकाश गुप्ता , लखिन्द्र प्रसाद गुप्ता, कुंदन कुमार गुप्ता, मुखिया सुरेंद्र कुमार गुप्ता , जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता, कुंदन कुमार पिंकू समेत अन्य उपस्थित थे एवं सभी ने एक स्वर में कहा कि मोतीहारी जिले से सैकड़ों की तादाद की संख्या में लोग इस आहूत अभिनंदन समारोह में शामिल होगें।


बैठक को संबोधित करते राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता।

### शिक्षा मंत्री व नगर विकास मंत्री से मुजफ्फरपुर जिले के अधिवक्ता सुधीर ओझा ने की मुलाकात

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी व नगर विकास व आवास मंत्री नीतीश मिश्रा से पटना में मुजफ्फरपुर जिले के चर्चित वरिष्ठ अधिवक्ता सह बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष व सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य सुधीर कुमार ओझा ने शिष्टाचार मुलाकात की एवं शिक्षा व विकासात्मक के क्षेत्रों में और बेहतरीन कार्य हो इसपर विशेष रूप से सार्थक चर्चा किया एवं ससम्मान पूर्वक स्वागत भी किया। वरिष्ठ अधिवक्ता सह सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य सुधीर कुमार ओझा ने बताया कि राज्य के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के अगुवाई में प्रदेश शिक्षा के क्षेत्रों में काफी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं, तो वही नगर विकास व आवास मंत्री नीतीश मिश्रा के अगुवाई में नगर निकायों के अधीनस्थ होने वाले विकासात्मक व अन्य कार्यो के क्षेत्रों में प्रदेश निरंतर आगें बढ़ रही है। अधिवक्ता श्री ओझा ने कहा कि शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी राज्य के सभी सरकारी स्कूलों के शिक्षकों - शिक्षिकायें, छात्र - छात्राओं के हितकारी में लगातार बेहतरीन कार्य कर रहे है एवं लगातार हितकारी फैसले लेकर उसपर इम्प्लीमेंट भी करवा रहे है साथ ही नगर विकास व आवास मंत्री नीतीश मिश्रा भी अपने विभागों के अधीन नगर निकायों क्षेत्रों में विकास व जनउपयोगी कार्य करवा रहे है। श्री ओझा ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि आने वाले समयों में बिहार शिक्षा के क्षेत्रों में बड़ी हब बनेंगी जिससे छात्र - छात्राओं को उच्चतम स्तर के शिक्षा बिहार राज्य में ही प्राप्त होंगी। ज्ञात हो कि मुजफ्फरपुर जिले के चर्चित वरिष्ठ अधिवक्ता सह सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य सुधीर कुमार ओझा अपने अच्छे कार्यो के बदौलत आज बिहार प्रदेश ही नहीं देश व विदेशों में भी लगातार प्रख्यात हो रहे हैं। अधिवक्ता श्री ओझा मूल रूप से मुजफ्फरपुर जिले के ही सदर थाना क्षेत्र के लहलादपुर गांव के रहने वाले हैं। अधिवक्ता श्री ओझा लगातार आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की भी आवाज उठाते हुए आ रहे हैं। अधिवक्ता सुधीर ओझा का नाम मुजफ्फरपुर सिविल कोर्ट में काफी चर्चित के रूप में बेधड़क जाना जाता है एवं वे सामाजिक कार्यो में भी बेहद रुचि रखते है जिसकों लेकर वे जनहितकारी व जनउपयोगी , विकासात्मक मामले को राज्य व देश के कई राजनेताओं, वरीय अधिकारियों के समक्ष रखकर उसके निदान करवाने में अपनी अहम भूमिका भी निभाते हैं।


राज्य के शिक्षा मंत्री व नगर विकास मंत्री से मुजफ्फरपुर जिले के चर्चित अधिवक्ता सुधीर ओझा मुलाकात करते हुए।

### बदलाव कर देश और राज्य की राजनीति को एक नई दिशा प्रदान करें : तेजस्वी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने महागठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी रेखा गुप्ता के समर्थन में रोड शो बोरिंग रोड के पहलवान मार्केट से शुरू किया । इससे पहले तेजस्वी प्रसाद यादव चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव का चुनाव परिणाम देश की राजनीति के लिए मील का पत्थर साबित होगा और बदलाव की बयार को जनता जिस तरह से समर्थन दे रही है उससे देश और बिहार की राजनीति को नई दिशा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि में रोड शो में उमड़ा यह विशाल जनसैलाब ,विश्वास और समर्थन देश और बिहार की राजनीति को बदलने का स्पष्ट संदेश है। यह जनसमर्थन और लोगों का विश्वास यह बता रहा है कि 35 वर्षो से विकास की राह देख रहे बांकीपुर के लोगों में परिवर्तन की बेचौनी दिख रही है। और इस बार परिवर्तन होकर रहेगा। 21 वर्षो की भ्रष्ट एनडीए सरकार की जनविरोधी नीतियों, कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति, रिकर्डतोड़ महंगाई, बेरोजगारी, ध्वस्त शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था से त्रस्त लोग अबकी बार मोहब्बत और विकास की प्रतीक लालटेन जला कर परिवर्तन का प्रकाश फैलायेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में सरकार घोटाले पर घोटाले को बढ़ावा दे रही है और भ्रष्टाचारियों को सत्ता का संरक्षण मिल रहा है।


नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव रोड शो करते हुए।

तेजस्वी ने कहा कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद से लेकर विधायक तक भाजपा के रहे लेकिन बिहार में विकास कहीं नहीं दिख रहा है। जब तक परिवर्तन नहीं करेंगे किसान ,मजदूर, छात्र, महिला और आम जनों की भलाई नहीं हो सकती है। केंद्र से लेकर राज्य तक भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार है लेकिन बेरोजगारी, गरीबी, महिलाओं पर अत्याचार, भ्रष्टाचार और पलायन को बढ़ावा मिल रहा है ,क्योंकि डबल इंजन की सरकार की सोच जनता और जनता के हितों की नहीं बल्कि कुछ लोगों के और खास तौर से अपने उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुंचाने की रही है। जिसके कारण आज हर वर्ग के लोग परेशान हैं।

उन्होंने छात्र आंदोलन के क्रम में पुलिस के द्वारा एक-47 से हुई गोलीबारी की घटना की न्यायिक जांच कराये जाने की मांग की। और कहा कि जब भी हमारी सरकार बनेगी तो 74 आंदोलनकारियों की तरह छात्र आंदोलनकारी को जिनकी गिरफ्तारी हुई है उन्हें पेंशन दी जाएगी और सम्मानित किया जाएगा।

प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि आज दूसरे दिन का रोड शो कार्यक्रम बोरिंग रोड के पहलवान मार्केट से शुरू किया गया। जो बोरिंग रोड चौराहा, राजापुर पुल, दूसरा मस्जिद के समीप, पुलिस लाइन चौराहा, लोदीपुर मेन रोड, चीना कोठी, उत्तरी मंदिरी, इनकम टैक्स गोलंबर, किदवई पुरी, चक्रम देवी मंदिर के समीप समाप्त हुआ।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, उदय नारायण चौधरी, शिवचंद्र राम, डा रामानंद यादव , भोला यादव, रणविजय साहू, अख्तरुल इस्लाम शाहीन, कार्तिक सिंह, शक्ति सिंह यादव,कारी मो शोहैब, डा उर्मिला ठाकुर, गौतम कृष्णा, करिश्मा राय, अशोक पांडेय, सुदय यादव, रामाशीष यादव, मुकेश रोशन, डा अनवर आलम, निरंजन राय, दीनानाथ सिंह यादव, महताब आलम, अरविंद साहनी, नंदू यादव, भाई अरुण कुमार, बल्ली यादव, बृजकिशोर यादव, राजेश यादव, अनीता देवी, राजेश गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या में नेता और कार्यकर्ता रोड शो में शामिल थे। जगह-जगह लोगों ने तेजस्वी जी का स्वागत किया और तेजस्वी जी गाड़ी में महागठबंधन समर्थित रजत प्रत्याशी रेखा गुप्ता के साथ लोगों से समर्थन और विश्वास हाथ जोड़कर मांग रहे थे। लोगों ने ढोल नगाड़ों के साथ बड़ी संख्या में स्वागत किया।

## खबरें : एक नजर में

### आंदोलनकारी छात्र-युवाओं को नौकरी और पेंशन देने का ऐलान स्वागतयोग्य है : अरुण यादव


**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा छात्र आंदोलन में घायल, लाठीचार्ज के शिकार, झूठे मुकदमों में फँसाए गए तथा जेल भेजे गए छात्रों एवं युवाओं के लिए सरकार बनने पर सरकारी नौकरी और पेंशन देने की घोषणा का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक, साहसिक और लोकतांत्रिक एलान बताया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले जेपी आंदोलन के सेनानियों का सम्मान किया गया, उसी भावना के अनुरूप छात्र आंदोलन के योद्धाओं को सम्मान देने का तेजस्वी यादव का संकल्प युवाओं में नया विश्वास पैदा करेगा।


अरुण कुमार यादव ।

राजद ने कहा कि यह घोषणा केवल एक राजनीतिक वादा नहीं, बल्कि उन हजारों छात्र-युवाओं के संघर्ष, साहस और लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान है। जिन्होंने निष्पक्ष, पारदर्शी परीक्षा प्रणाली और पेपर लीक को रोकने के लिए आवाज उठाई। भाजपा-एनडीए सरकार ने उनकी आवाज सुनने के बजाय उन पर आंसू गैस के गोले दागे, लाठियाँ बरसाईं, गोलियां चलाईं, झूठे मुकदमे दर्ज किए और जेल भेजने का काम किया। राजद प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी यादव ने स्पष्ट कर दिया है कि महागठबंधन की सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने वालों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। छात्र-युवा इस राज्य का भविष्य हैं, अपराधी नहीं। उनके संघर्ष को सम्मान देना सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### राजद परिवार के नेताओं ने 74 आंदोलन के समाजवादी नेता हरे राम के निधन पर शोक प्रकट की

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद , पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ,सांसद डा मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डा कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डा तनवीर हसन, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, विधान पार्षद कारी मो सोहैब, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद,सहित अन्य नेताओं ने 74 आंदोलन के समाजवादी नेता हरे राम के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की है।


हरे राम (फाइल फोटो)।

### नीतीश कुमार के वीडियो पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का तंज

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पूर्व सीएम नीतीश कुमार के चुनावी वीडियो पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने तंज कसते हुए कहा है कि बीजेपी की भूंजा गैंग ने क्या हालत कर दी है । सम्माननीय की कितने क्रुर और खुर्ज लोग है वो तरस आता है, सहानुभूति शब्द भी कम पड़ता है । इनकी दशा और दिशा देखकर! अफसोसजनक स्थिति! अपने होश-ओ-हवास में ऐसा हरगिज नहीं करतेठ दबी जुबान में मूल जेडीयू के लोगों ने बताया कि वो प्रचार करने नहीं जाना चाहते थे, इसलिए जबरन उनसे यह वीडियो बनवाया गया है, यहाँ भी ज्यादती।

### श्रावणी मेला विश्वस्तरीय आयोजन, सरकार ने विकास की नई पहचान दी : विजय कुमार सिंह

**सुल्तानगंज / पटना (दैनिक नवसंदेश)।** श्रावणी मेला उद्घाटन समारोह के अवसर पर जनता दल (यूनाइटेड) के विधान परिषद सदस्य विजय कुमार सिंह ने कहा कि श्रावणी मेला आज केवल बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश और विदेश के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन चुका है। राज्य सरकार द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला अब विश्वस्तरीय स्वरूप ग्रहण कर चुका है। भागलपुर गंगा नदी के किनारे विकसित हो रहा मरीन ड्राइव, अजगैबीनाथ धाम के लिए प्रस्तावित रोपवे तथा अजगैबीनाथ ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाएँ राज्य सरकार की दूरदर्शी सोच और विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

# बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव : 422 पोलिंग बूथों पर पटना नगर निगम के 1,266 कर्मी तैनात

### साफ सफाई, फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव एवं पेयजल व्यवस्था के साथ मतदान दिवस की व्यापक तैयारी पूरी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने के लिए पटना नगर निगम ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। विधानसभा क्षेत्र के सभी 422 पोलिंग बूथों पर नगर निगम के कुल 1,266 कर्मियों की तैनाती की गई है, जो मतदान से पूर्व और मतदान दिवस पर विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभालेंगे।

मंगलवार को नगर निगम द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर विशेष सफाई अभियान चलाते हुए डीप क्लीनिंग कराई गई। प्रत्येक मतदान केंद्र के कमरों, बरामदों, शौचालयों, पूरे परिसर तथा मतदान केंद्र तक पहुंचने वाले मार्गो की गहन सफाई की गई। इसके साथ ही सभी बूथों पर चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, एंटी लार्वा ट्रीटमेंट तथा फगिंग कराई गई। प्रत्येक मतदान केंद्र पर दो-दो सफाई कर्मी तैनात किये गए हैं।

मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा सभी पोलिंग बूथों पर पेयजल काउंटर भी स्थापित किए जा रहे हैं। प्रत्येक बूथ पर 20-20 लीटर क्षमता वाले कम-से-कम तीन जार उपलब्ध रहेंगे। प्रत्येक पेयजल काउंटर पर एक-एक निगम कर्मी की तैनाती की गई है।

इसके साथ ही नगर निगम द्वारा अभियान के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों तक पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# भगवान जगन्नाथ की निकली नगर भ्रमण शोभायात्रा, नर नारियों ने खींची रस्सी, भगवान को पहुँचाया वापस मंदिर

**पटना सिटी (दैनिक नवसंदेश)।** । दीवान मुहल्ला नौजर घाट स्थित ऐतिहासिक प्राचीन जगन्नाथ मंदिर से भगवान जगन्नाथ की नगर भ्रमण शोभायात्रा बाजे गाजे के साथ निकाली गयी। रथ पर विराजमान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा की प्रतिमा अलौकिक छटा पेश कर रही थी। शोभायात्रा को लेकर श्रद्धालुओ मे खासा उत्साह देखा गया। शोभायात्रा पुरानी सिटी कोर्ट, भद्रघाट, गायघाट, चौतन्य मंदिर पहुंची। इसके बाद नया गांव चौलीटाड़, मीना बाजार, पश्चिम दरवाजा, राधा कृष्ण मंदिर होते हुए वापस मंदिर लौटी। रास्ते मे विभिन्न संगठनों की ओर से स्वागत किया गया। शोभायात्रा के मंदिर पहुंचने पर मंदिर में पुजारी आचार्य विष्णुकांत झा की देखरेख मे पूजा अर्चना हुई।


आयोजन में विधायक रत्नेश कुमार, महापौर सीता साहू, महंत विजय शंकर गिरि, पार्षद नीलम कुमारी समेत अन्य मंदिर अन्य प्रबुद्ध मंदिर पहुंच दर्शन पूजन की।

शोभायात्रा में महाराजा कुवंर रूप नारायण सिंह ट्रस्ट के उपाध्यक्ष कमल नयन श्रीवास्तव, सचिव संजय कुमार सिन्हा, नवीन कुमार सिन्हा, मोहन निषाद, अजय आजाद, पंकज गुप्ता, अरुण कुमार, लड्डू चंद्रवंशी, अनूप सिन्हा,रवि शर्मा, अमित गुप्ता, अमरनाथ, मनोज मिश्र, सौरव आनंद, शंकर पांडे, सन्नी सिन्हा, अनुराधा सिन्हा, राकेश कुमार समेत शामिल थे। शोभायात्रा निकलने से पहले मंदिर में राधाकुंज बिहारी मठ के परमपूज्य भक्ति प्रमोद भागवत स्वामी महाराज की कथा हुई। नगर भ्रमण शोभायात्रा के मंदिर वापस लौटने पर महाआरती व भंडारा हुआ। आयोजन में विधायक रत्नेश कुमार, महापौर सीता साहू, महंत विजय शंकर गिरि, पार्षद नीलम कुमारी समेत अन्य मंदिर अन्य प्रबुद्ध मंदिर पहुंच दर्शन पूजन की। वापस मंदिर परिसर में लौटने के बाद भगवान का भोग लगाया गया और फिर आरती की गई । आरती के बाद भंडारा प्रसाद का वितरण शुरू किया गया जिसमें करीब दस हजार भक्तों, रथयात्रियों, श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# रेड रन- के माध्यम से युवाओं को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करने का संदेश

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भारत सरकार के निर्देश के आलोक में युवाओं एवं आमजन के बीच एचआईवी एड्स, सुरक्षित रक्तदान तथा यौन संचारित संक्रमणों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा मंगलवार को पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग, पटना में राज्य स्तरीय रेड रन-2026 (5 किलोमीटर) का सफल आयोजन किया गया। रेड रन को स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि एवं बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक सुमित कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रेड रन पाटलिपुत्र खेल परिसर से प्रारंभ होकर मेदांता अस्पताल एवं शालिमार मार्ग होते हुए पुनः पाटलिपुत्र खेल परिसर में संपन्न हुई। इस अवसर पर राज्य के सभी जिलों से आए लगभग 250 छात्र-छात्राओं, नोडल पदाधिकारियों एवं समिति के अधिकारियों ने रेड रन में भाग लिया। इसके अतिरिक्त लगभग 700 युवाओं एवं आमजन ने वकाथन में शामिल होकर एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि ने कहा कि युवाओं को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि रेड रन का उद्देश्य युवाओं में एचआईवी एड्स, सुरक्षित रक्तदान एवं यौन संचारित संक्रमणों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों में जिला स्तरीय रेड रन का आयोजन किया गया था, जिनके विजेता आज राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए। राज्य स्तर पर विजयी प्रतिभागी अब राष्ट्रीय स्तर की रेड रन प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे।



राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेताओं को किया गया सम्मानित।

# श्रावणी मेला उद्घाटन समारोह में जदयू नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की रही गरिमामयी सहभागिता

**सुल्तानगंज/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जनता दल (यूनाइटेड) के जिलाध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक समारोह में भाग लिया।

उद्घाटन समारोह में जदयू के सांसद अजय कुमार मंडल, विधान परिषद सदस्य विजय कुमार सिंह, विधायक ललित नारायण मंडल तथा विधायक शुभानंद मुकेश की गरिमामयी उपस्थिति रही।

जदयू जिला अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता ने कहा, श्रावणी मेला बिहार की आस्था, संस्ति और गौरव का प्रतीक है।

सांसद अजय कुमार मंडल ने कहा, श्रावणी मेला हमारी सांस्तिक विरासत का महत्वपूर्ण पर्व है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएँ की गई हैं।

विधायक प्रो ललित नारायण मंडल ने कहाने कहा, श्रद्धालुओं की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य है और सभी विभाग समन्वय के साथ बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध करा रहे हैं। विधान परिषद सदस्य विजय कुमार सिंह ने कहा, श्रावणी मेला बिहार की पहचान है और इसे सफल बनाने में प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

विधायक शुभानंद मुकेश ने कहा, श्रावणी मेला सामाजिक समरसता और धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम है, इसके सफल आयोजन के लिए सभी को सहयोग करना चाहिए।

वरिष्ठ नेता सुड्डू साईं, संजीव चंद्रवंशी, शेखर पांडे, शैलेन्द्र तोमर प्रदीप कुशवाहा ,रोजी रानी ,शाबान खान, संजीत राय, हासीब, शालिनी साह, बृजेश सिंह, संजीव कुमार, महेश दास ,नंदन राय , नवीन सिंह, सुधांशु शेखर , सदानंद सिंह, मनीष कुमार, विनय कुमार कल्पना कर्ण, शरण देव सिंह, पवन केसान, रूबी देवी, रानी देवी, शशि भूषण ,मिथिलेश कुमार, मुकेश कुमार ,नीलम देवी के साथ-साथ बड़ी संख्या में जदयू के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बांकीपुर की जनता विकास एवं सुशासन के साथ : प्रो. (डा.) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के अंतिम चुनाव प्रचार दिवस पर भाजपा बिहार प्रदेश वाणिज्य प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश संयोजक प्रो (डा.) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान क्षेत्र के अनेक घरों में संपर्क कर भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में मतदान की अपील की गई। इस दौरान जनता से सकारात्मक समर्थन एवं उत्साहजनक प्रतिसाद प्राप्त हुआ।


जनसंपर्क अभियान में प्रदेश संयोजक प्रो. (डा.) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता व अन्य।

प्रदेश संयोजक प्रो (डा.) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बांकीपुर की जनता विकास, सुशासन एवं राष्ट्रहित की राजनीति के साथ मजबूती से खड़ी है तथा भाजपा प्रत्याशी श्री नीरज कुमार सिन्हा को भरपूर जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है।

प्रदेश सह-संयोजक अमृतेष कुमार गुप्ता ने कहा कि जनसंपर्क अभियान में सभी वर्गो के लोगों का उत्साह और विश्वास भाजपा की नीतियों के प्रति जनता के समर्थन को दर्शाता है।

प्रदेश सह-संयोजक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं के उत्साह और जनता के सहयोग से भाजपा की विजय सुनिश्चित होगी।

जनसंपर्क अभियान में प्रदेश संयोजक प्रो. (डा.) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता, प्रदेश सह-संयोजक अमृतेष कुमार गुप्ता, प्रदेश सह-संयोजक दिलीप कुमार गुप्ता, प्रदेश सह-संयोजक अंजनी गुप्ता, प्रदेश सह-संयोजक राजीव कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष प्रिंस कुमार गुप्ता, देवेंद्र कुमार गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता, श्रीमती मधु प्रिया, श्रीमती जयश्री भौमिक, डा. चंदना कुमारी, नागेंद्र साह एवं अजय गुप्ता बिट्टू सहित भाजपा बिहार प्रदेश वाणिज्य प्रकोष्ठ के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने एएन कॉलेज स्थित मतगणना केन्द्र का लिया जायजा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बाँकीपुर विधान सभा उप चुनाव के लिये एएन. कॉलेज में बनाये गये मतगणना केन्द्र का जायजा जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुन्दन कुमार ने लिया। उन्होंने कहा कि सारी तैयारी बारिश के मौसम को देखते हुये की जाये। ईवीएम प्राप्त करने का स्थान, मतगणना स्थल आदि का निरीक्षण करते हुये उन्होंने कहा कि सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर लगे सीसीटीवी चौबीसों घंटे चालू रहें एवं उसकी नियमित मनिटरिंग होती रहनी चाहिये। स्ट्रांग रूम की त्रि-स्तरीय सुरक्षा रहेगी। जेनेरेटर से अनवरत विद्युत आपूर्ति भी सुनिश्चित करने को कहा गया। ईवीएम एवं वीवीपैट रिसेप्शन टेबुल की व्यवस्था इस प्रकार से रहे कि मतदान कर्मियों को इसे जमा करने में अधिक-से-अधिक सहूलियत रहे। यातायात प्लान भी इस प्रकार से तैयार रखने को कहा गया जिससे कि मतदान कर्मियों के साथ-साथ आम जन को भी किसी प्रकार की दिक्कत का सामना करना न पड़े। मतगणना केन्द्र निरीक्षण करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा ने उपस्थित पदाधिकारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिये।

## संक्षिप्त खबरें

### साजनपुरा और पोहद्दी हाई स्कूल के छात्रों को दी लोकतंत्र व संविधान की जानकारी

**बेनीपुर (एनएसबी)।** लोकतंत्र में युवा भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एल ई ओ नवचन्द्र प्रकाश द्वारा मंगलवार को प्रखंड के साजज्जनपुरा एवं पोहद्दी हाई स्कूल में निर्वाचन साक्षरता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र की बुनियादी समझ, संविधानिक मूल्यों तथा मतदान प्रक्रिया के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। एल ईओ बेनीपुर के पदाधिकारि ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। स्कूल स्तर से ही यदि छात्रों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया जाए तो स्वस्थ लोकतंत्र की परिकल्पना साकार हो सकती है। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, मतदाता सूची में नामांकन एवं ई वी एम वी वी पैट के उपयोग की प्रक्रिया पर भी चर्चा की गई। साथ ही छात्रों को निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई कि वे 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करेंगे और समाज में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाएंगे।इस अवसर पर बीडीओ राहुल कर्ण सहित विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक आदि उपस्थित थे।

### लगमा पंचायत में 25 सोलर स्ट्रीट लाइट खराब, दो दिन में मरम्मत का निर्देश


**तारडीह (एनएसबी)।** तारडीह प्रखंड की लगमा पंचायत में लंबे समय से खराब पड़े सोलर स्ट्रीट लाइटों को लेकर कार्रवाई शुरू हो गई है। पंचायत के मुखिया रामाश्रय चौधरी द्वारा 29 जून 2026 को प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को आवेदन देकर पंचायत के विभिन्न वार्डों में 25 सोलर स्ट्रीट लाइट खराब होने की शिकायत की गई थी। आवेदन में खराब लाइटों की सूची भी संलग्न की गई थी।मुखिया के आवेदन के आधार पर सहयोग शिविर पोर्टल पर आवेदन संख्या आर ई एफ 485449 दर्ज किया गया। इसके बाद प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, तारडीह ने 6 जुलाई 2026 को संबंधित सोलर स्ट्रीट लाइट एजेंसी (बीज एण्ड रुफ कंपनी, आईटीआई कंपनी, स्काई लैंड) के प्रबंधक को पत्र जारी किया।जारी पत्र में कहा गया है कि लगमा पंचायत में कुल 25 सोलर स्ट्रीट लाइट कई दिनों से खराब हैं, जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। चूंकि सोलर स्ट्रीट लाइट सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, इसलिए एजेंसी को निर्देश दिया गया है कि लगमा पंचायत सहित तारडीह प्रखंड के अन्य पंचायतों में भी खराब सोलर स्ट्रीट लाइटों की दो दिनों के भीतर मरम्मत सुनिश्चित कर इसकी सूचना कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए।मुखिया द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार पंचायत के विभिन्न वार्डों में कुल 25 स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाइट खराब हैं। अब ग्रामीणों की नजर एजेंसी की कार्रवाई पर टिकी है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर मरम्मत कार्य पूरा होता है या नहीं।

### शनिवार को हाफ डे स्कूल की घोषणा सराहनीय: शंभू यादव



**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष शंभू यादव ने मुख्यमंत्री की ओर से शनिवार को हाफ डे स्कूल संचालित करने की घोषणा का स्वागत किया है। श्री यादव ने कहा कि छात्र एवं शिक्षक के हित में सरकार का यह निर्णय बहुत ही सराहनीय है जिसकी भूरी भूरी प्रशंसा बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ एवं पूरे जिला के शिक्षक कर रहे हैं।
मालूम हो कि विभिन्न शिक्षक संगठनों की ओर से शनिवार को हाफ डे विद्यालय संचालन को लेकर वर्षों से मांग की जा रही थी जिस पर मुख्यमंत्री ने निर्देश जारी कर दिया है। अब शिक्षकों को सरकार के पत्र निर्गत की जिज्ञासा है।

### चयागींत' की मैथिली व्याख्या का लोकार्पण



**दरभंगा (एनएसबी)।** चयागींत' पुस्तक की मैथिली व्याख्या का लोकार्पण मंगलवार को मैथिली साहित्य के प्रसिद्ध आलोचक डॉ रमानन्द झा रमण' ने किया। मैथिली में इसकी व्याख्या कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ शशिनाथ झा ने की है। जिसका प्रकाशन नवारम्भ, मधुबनी के द्वारा हुआ है। इस अवसर पर मिथिला- मैथिली के विशिष्ट अध्येता अमल कुमार झा ने कहा कि चर्या का अर्थ पवित्र आचार होता है, यह सातवीं शती के सरह, भुसुक आदि सिद्धों की रचना है। इस व्याख्या में स्पष्ट किया गया है कि चयागींत मैथिली साहित्य की प्राचीन सम्पत्ति है। डॉ रमण ने कहा कि इसकी भूमिका में मैथिली भाषा के इस पुस्तक के संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया आदि शब्दों का भाषा वैज्ञानिक विवेचन करते हुए इसे मैथिली भाषा के स्वतन्त्र ग्रन्थ के रूप में लाया गया है। यह मैथिली साहित्य की समृद्धि के लिए शुभ संकेत है। इस अवसर पर पं दिनानाथ मिश्र, राम प्रसाद मण्डल, उद यनाथ झा, डॉ प्रमोद झा आदि उपस्थित थे। मौके पर पुस्तक के व्याख्याकार डॉ शशिनाथ झा ने कहा कि चर्यापद के स्वतन्त्र रूप से मैथिली साहित्य के प्राचीन ग्रन्थ सिद्ध करते हुए इसका प्रकाशन होना महत्त्वपूर्ण है। उदयनाथ के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### संस्कृत विश्वविद्यालय में दो दिवसीय विशेष शिविर सम्पन्न

**भुगतान के लिए पड़े करीब दो सौ से अधिक आवेदन**

**दरभंगा/एनएसबी।** कार्यरत व सेवानिवृत कर्मियों के बकाये व लम्बित वेतन-पेंशन की राशि भुगतान के लिए संस्कृत विश्वविद्यालय के दरबार हॉल में आयोजित दो दिवसीय विशेष शिविर का आज समापन हो गया। दो दिनों में भुगतान सम्बन्धी करीब दो सौ से अधिक आवेदन दिए गए हैं। सभी आवेदनों की अब समीक्षा की जाएगी।उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि पूरे प्रदेश से आवेदक स्वयं या फिर अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से आवेदनों को मुख्यालय तक पहुंचाए। आगन्तुकों का इस बार शिविर में विशेष ख्याल रखा गया था। ठंडे जल के साथ चाय नाश्ते की भी व्यवस्था की गई थी। दूसरे दिन कुलसचिव डॉ दिनेश झा एवं वित्त पदाधिकारी डॉ पवन कुमार झा के नेतृत्व में लेखा विभाग के कर्मी आवेदनों को रिसीव कर रहे थे। उक्त दोनों पदाधिकारी आवेदकों की जिज्ञासाएं भी शांत कर रहे थे। एसओ सह अंकेक्षक अभिषेक कुमार झा ने बताया कि दूसरे दिन करीब 90 आवेदन रिसीव किये गए हैं। इस तरह कुल दो सौ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। उल्लेखनीय है कि पेंशन से सम्बंधित जो भी आवेदन मील हैं उनसे जुड़ी प्रक्रियाएं पहले की जाएगी। फिर नियमानुकूल भुगतान का कार्य किया जाएगा। लेखा सहायक रणजीत ठाकुर व शम्भूनाथ झा के साथ साथ लेखा कर्मी राजन कुमार झा पूरे दिन शिविर कार्यों में व्यस्त रहे।

### संस्कृत विश्वविद्यालय में शिक्षा शास्त्री 2024-26 का परिणाम घोषित

**द्वितीय वर्ष में रुपराज कुमार बना टॉपर**

**दरभंगा/एनएसबी।** मंगलवार को अपने सचिवालय कक्ष से कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पाण्डेय ने पोर्टल के माध्यम से शिक्षाशास्त्री सत्र 2024-26 का परीक्षा परिणाम जारी करने की घोषणा की। परिणाम के अनुसार प्रथम वर्ष में 75 तथा द्वितीय वर्ष में 95 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। वहीं, शास्त्री व आचार्य के विभिन्न सत्रों की परीक्षा 13 केंद्रों पर 29 जुलाई से दो पालियों में शुरू होने जा रही है जो 03 अगस्त तक चलेगी। मुख्यालय में भी एक परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि द्वितीय वर्ष में रुपराज कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विभाग में शीर्ष स्थान हासिल किया। आकांक्षा कुमारी द्वितीय तथा चेतना आनंद तृतीय स्थान पर रहे। वहीं,कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पाण्डेय ने सभी सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थी समर्पण भाव से आगे की पढ़ाई जारी रखें और अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। कुलसचिव डॉ. दिनेश झा ने भी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विभागीय प्राध्यापकों ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा समय पर परिणाम जारी किए जाने से शिक्षकों की नियुक्ति के लिए सरकार द्वारा जारी होने वाले आगामी विज्ञापनों में विभाग के सफल छात्र आवेदन कर सकेंगे। विशेष रूप से टीआर-4 में सफल छात्र आवेदन के पात्र होंगे।



# प्रतियोगिता में जितना और सीखना दोनों का मिलता है फायदा: डॉ आर एन चौरसिया

**वाद-विवाद प्रतियोगिता में संगीत एवं नाट्य विभाग के उत्पल झा-पक्ष में तथा अर्थशास्त्र विभाग के आदित्य कुमार ने विपक्ष में पाया प्रथम स्थान**



प्रतिभागियों के साथ अतिथि आयोजक एवं अन्य

**दरभंगा (एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग में बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, दरभंगा शाखा के तत्वावधान में आयोजित मेगा वाद-विवाद प्रतियोगिता पक्ष में विश्वविद्यालय संगीत एवं नाट्य विभाग के उत्पल झा- प्रथम, राजनीति विभाग के अनीश कुमार- द्वितीय, सीएम कॉलेज की जोया परवीन- तृतीया एवं मारवाड़ी समाज के वेद मित्तल ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वहीं विपक्ष में विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र विभाग के आदित्य कुमार- प्रथम, मारवाड़ी समाज के श्रेया वर्मा- द्वितीय एवं छवि चौधरी- तृतीय तथा जन्तु विज्ञान विभाग की प्रिया कुमारी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया, जिन्हें आयोजक की ओर से रैंक प्रमाण पत्र, मेडल सहित अनेक उपहारों से सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता में सीएम कॉलेज, सीएम साइंस कॉलेज, एमआरएम कॉलेज, तथा एमएलएसएम कॉलेज के स्नातकोत्तर के दो-दो छात्र-छात्रा क्रमशः पक्ष एवं विपक्ष में और विश्वविद्यालय हिन्दी, संस्कृत, मैथिली, अंग्रेजी, उर्दू, दर्शनशास्त्र, गणित, राजनीति विज्ञान, भूगोल, मारवाड़ी समाज, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, वाणिज्य, इतिहास, एआईएच एण्ड सी, डब्लूआईटी, लाइब्रेरी विज्ञान आदि के साथ 60 से अधिक छात्र-छात्राओं ने पक्ष एवं विपक्ष में भाग लिया।वाद-विवाद प्रतियोगिता के टॉपिकों में "कृत्रिम बुद्धिमत्ता : मानवता हेतु वरदान, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म प्रतिबंधित हो, परंपरागत क्लास रूम एवं डिजिटल शिक्षा, जलवायु परिवर्तन की जिम्मेदारी सरकार की, समाजसेवा ही सर्वोत्तम धर्म है, क्या तकनीक मानवीय मूल्य का स्थान ले सकती है, मतदान अनिवार्य किया जाना चाहिए, एक राष्ट्र- एक चुनाव : समय की मांग, भारत को पर्यावरण की अपेक्षा विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए, आरक्षण नीति में बदलाव, भारतीय युवा देश का नेतृत्व करने को तैयार, एकल परिवार से संयुक्त परिवार बेहतर, अनुशासन स्वतंत्रता से अधिक महत्वपूर्ण, सफलता योग्यता की अपेक्षा कड़ी मेहनत पर निर्भर है, किताबें तकनीकी से बेहतर शिक्षक हैं, मोबाइल फोन स्कूल में स्वीकृत हो, अंक बुद्धिमत्ता को परिभाषित नहीं करते हैं आदि शामिल हैं। निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ आर एन चौरसिया ने वाद- विवाद प्रतियोगिता को अद्वितीय, अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि डिबेट के विषयों में राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय सभी समस्याओं एवं मुद्दों को शामिल किया गया है जो विशेष रूप से युवा, महिला, बच्चे, वृद्ध आदि से संबंधित हैं। उन्होंने अधिकांश प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में यद्यपि कुछ प्रतिभागी जीते जरुर हैं, पर बाकी सभी काफी सीखते हैं। डॉ नीतू कुमारी ने कहा कि इतनी लंबी प्रतियोगिता के बाद भी आयोजक एवं प्रतिभागी धैर्य के साथ लग रहे। यदि संभव हो तो संस्था मेधावी एवं गरीब छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना भी चलाएं।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने नए राशन कार्ड निर्माण में तेजी लाने के दिए निर्देश

**प्रमंडल स्तरीय खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित**



बैठक करते प्रमंडलीय आयुक्त

**दरभंगा (एनएसबी)।** आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा हिमांशु कुमार राय की अध्यक्षता में प्रमंडल स्तरीय खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर जिलों में संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान आयुक्त ने सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि नए राशन कार्ड के लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि पात्र लाभुकों को समय पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ मिल सके।

उन्होंने राशन कार्ड निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होने देने का निर्देश दिया। आयुक्त ने जन वितरण प्रणाली पीडीएस के अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों के संचालन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं का लंबित लाइसेंस शीघ्र निर्गत करने का निर्देश दिया। लाइसेंस निर्गत होने से वितरण व्यवस्था अधिक प्रभावी एवं सुचारु होगी।आयुक्त ने जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम (एसएफसी) को गोदामों में संग्रहित चावल की गुणवत्ता की नियमित जांच कराने का निर्देश दिया। साथ ही गोदामों का नियमित निरीक्षण कर भंडारण व्यवस्था, साफ-सफाई तथा खाद्यान्न की गुणवत्ता पर सतत निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया। राइस मिलों की गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखने का निर्देश देते हुए कहा कि सीएमआर आपूर्ति, मिलिंग कार्य एवं खाद्यान्न प्रबंधन से संबंधित सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं समयसीमा के अनुरूप संपादित किए जाएं। बैठक में संयुक्त आयुक्त के सचिव सुशील कुमार मिश्रा, मधुबनी एवं समस्तीपुर के जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रबंधक (एसएफसी), जिला सहकारिता पदाधिकारी तथा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग एवं सहकारिता विभाग के अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# छपरा में बीडीओ पर हमले के विरोध में काली पट्टी बांधकर किया कार्य



काली पट्टी बांधकर कार्य करते अलीनगर बीडीओ ललित कुमार मिश्रा

**अलीनगर (एनएसबी)।** छपरा में विधि-व्यवस्था ड्यूटी के दौरान दो प्रखंड विकास पदाधिकारियों बीडीओ पर हुए हमले के विरोध में बिहार ग्रामीण विकास सेवा संघ ने राज्य सरकार के खिलाफ विरोध जताया। मंगलवार को अलीनगर प्रखंड कार्यालय में बीडीओ ललित कुमार मिश्रा समेत अधिकारियों एवं कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। बीडीओ ललित कुमार मिश्रा ने बताया कि संघ ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि 25 जुलाई को छपरा सदर के बीडीओ दृष्टि पाठक और रिविलगंज के बीडीओ रितेश कुमार पर ड्यूटी के दौरान हुए हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज पटना एम्स में चल रहा है। संघ ने प्रत्येक बीडीओ के साथ दो प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मियों की तैनाती, सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने, घायल अधिकारियों के लिए विशेष मुआवजा नीति तथा संवेदनशील ड्यूटी के लिए स्पष्ट रडढ लागू करने की मांग की है। अध्यक्ष प्रशांत कुमार एवं महासचिव लाल बाबू पासवान ने चेतावनी दी है कि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं होने की स्थिति में राज्यभर के बीडीओ गैर-जरूरी सरकारी कार्यों का बहिष्कार जारी रखेंगे। हालांकि जनहित से जुड़ी आवश्यक सेवाएं पूर्ववत संचालित होती रहेंगी।

### कायस्थ मेधावी छात्र- छात्राओं को डॉ के एन पी सिन्हा सम्मान से सम्मानित करेगा दरभंगा चित्रगुप्त सभा

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा चित्रगुप्त सभा, दरभंगा की एक आवश्यक बैठक कोतवाली थाना के निकट अवस्थित चित्रगुप्त भवन (पुराना सोसाइटी सिनेमा हॉल) के परिसर में सभा के अध्यक्ष- आर के दत्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि रविवार आगामी 16 अगस्त, 2026 को कायस्थ मेधावी छात्र-छात्राओं के बीच डॉ के एन पी सिन्हा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। विदित हो कि डॉ स्व के एन पी सिन्हा दरभंगा चित्रगुप्त सभा, दरभंगा के वर्षों



संरक्षक रहे,अतः उन्ही के नाम पर इस वर्ष आयोजित सम्मान समारोह में मैट्रिक से लेकर उच्चतर परीक्षाओं में प्रथम आए कायस्थ छात्र-छात्रओं को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए पुनीत कुमार सिन्हा तथा मुकेश कुमार वर्मा को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है। साथ ही सभा द्वारा वार्ड स्तर पर विस्तार हेतु संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय करने के लिए 48 नए सदस्यों को वार्ड पार्षद के रूप में जोड़ा जाएगा और हर वार्ड में बैठकें होंगी। बैठक में आर.के. दत्ता, उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र प्रभाकर, पवन कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव- मुकेश कुमार वर्मा एवं संतोष कुमार सिन्हा,पूजा प्रभारी- डॉ मनीष कुमार,संगठन सचिव- मिथिलेश कुमार विवेक,युवा संभाग के संयोजक -बसु श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी- पत्रकार पुनीत कुमार सिन्हा,संतोष कुमार श्रीवास्तव,सुरेंद्र दयाल सुमन,रेणु भारत सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# जले में नई चीनी मिलों की स्थापना को लेकर गन्ना क्षेत्र विस्तार का विशेष अभियान

**28 जुलाई से 02 अगस्त तक सभी पंचायतों में लगेंगे विशेष शिविर**

**किसान पंजीकरण एवं सहकारी सदस्यता अभियान को मिलेगा गति**

**दरभंगा (एनएसबी)।** सचिव, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार सरकार के निर्देश तथा मुख्य सचिव, बिहार सरकार के निदेशानुसार जिले में नई चीनी मिलों की स्थापना के उद्देश्य से गन्ना क्षेत्र विस्तार हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में किसानों के बीच व्यापक जनजागरूकता, गन्ना किसान पंजीकरण तथा चीनी मिल सहकारी सदस्यता अभियान संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने बताया कि जिले में नई चीनी मिलों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रत्येक चीनी मिल के सफल संचालन के लिए लगभग 30,000 एकड़ क्षेत्र में गन्ना की खेती आवश्यक होगी। इसे ध्यान में रखते हुए जिले में गन्ना की खेती का रकबा बढ़ाने तथा अधिक से अधिक किसानों को गन्ना उत्पादन एवं सहकारिता से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। नई चीनी मिल क्षेत्र में गन्ना क्षेत्र विस्तार के लिए प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर व्यापक स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में सहकारिता, कृषि, गन्ना उद्योग एवं पंचायती राज विभाग के प्रखंड एवं पंचायत स्तर के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए किसानों के साथ संवाद करेंगे तथा गन्ना खेती के लाभ, आधुनिक तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगे।

अभियान के दौरान पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक किसानों का गन्ना किसान पंजीकरण तथा चीनी मिल सहकारी समिति की सदस्यता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही किसानों को गन्ना उत्पादन बढ़ाने, नई तकनीकों को अपनाने तथा चीनी उद्योग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 28 जुलाई 2026 से 02 अगस्त 2026 तक जिले के सभी प्रखंडों की सभी पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी पंचायत स्तर पर सहकारिता, कृषि एवं पंचायती राज विभाग के पदाधिकारियों की त्रि-सदस्यीय समिति का गठन करेंगे, जो शिविरों का सफल संचालन सुनिश्चित करेगी।

# शहर में चल रहे कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन किया जाए: कौशल कुमार

**एलीवेटेड सड़क,आरओबी एवं अन्य निर्माण कार्यों के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित**



फोटो 6 बैठक में भाग लेते जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं अन्य

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभा कक्ष में दरभंगा शहर में वर्तमान में विभिन्न स्थानों पर संचालित एलीवेटेड सड़क, पुल, रेलवे ओवरब्रिज आरओबी, सड़क निर्माण एवं अन्य आधारभूत संरचना परियोजनाओं के दौरान विधि-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा एवं आवश्यक समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों के कारण यातायात व्यवस्था, आमजन की सुविधा, सुरक्षा, संभावित जाम की स्थिति, वैकल्पिक मार्गों की उपलब्धता तथा निर्माण एजेंसियों एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि दरभंगा शहर में आधारभूत संरचना के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से शहर की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा नागरिकों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा।

उन्होंने संबंधित विभागों एवं निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन किया जाए। निर्माण स्थल पर आवश्यक बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक, रात्रि में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा यातायात संकेतकों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे।

जिलाधिकारी ने पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि संवेदनशील स्थलों पर नियमित निगरानी रखी जाए तथा यातायात प्रबंधन को प्रभावी बनाया जाए। आवश्यकता के अनुसार वैकल्पिक मार्गों की जानकारी आमजन को समय पर उपलब्ध कराई जाए तथा निर्माण कार्यों के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि वे प्रशासन एवं आमजन के बीच एक सशक्त समन्वयक की भूमिका निभाएं। यदि किसी क्षेत्र में निर्माण कार्य अथवा यातायात से संबंधित कोई समस्या उत्पन्न होती है तो उसकी सूचना तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके।

शांति समिति के सदस्यों ने भी विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित सुझाव एवं स्थानीय समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया तथा आश्वस्त किया कि नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बैठक में नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता, अपर समाहर्ता एवं जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) सलीम अख्तर, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) कुमार गौरव, डीसीएलआर (सदर) संजीत कुमार, संबंधित विभागों के पदाधिकारी तथा जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सम्मानित हुए चाँद मुसाफिर

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** शहर के एक निजी शिक्षण संस्थान के सभागार में क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार कवि एवं साहित्यिक संस्था अभिव्यक्ति के संस्थापक चांद मुसाफिर को सम्मानित करते हुए एक शाम_चांद मुसाफिर के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का संचालन कलमकार संसद के महासचिव सयूम



जावेद ने किया दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन के उपरांत कलमकार संसद के अध्यक्ष एवं महासचिव द्वारा साहित्यकार चांद मुसाफिर को पुष्प गुच्छ , पाग चादर भेंट कर ।सम्मानित किया गया इस अवसर पर कवि गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें नबीन कुमार झा,शौकत अली प्रो सत्यसंध भारद्वाज समेत अन्य कबियो ने हिस्सा लिया मौके पर काफी लोग मौजूद थे।

### समारोहपूर्वक मनी राम अवतार प्रसाद सर्राफ की 8 वीं पुण्यतिथि

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** मंगलवार को दलसिंहसराय खाद्यान व्यवसायी संघ कार्यालय में बिहार खाद्यान संघ पटना के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एवं लोकप्रिय समाजसेवी श्रद्धेय राम अवतार प्रसाद सर्राफ की 8 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित व्यवसायियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि, वे व्यवसायियों की मुखर आवाज थे। व्यवसायी की समस्या को उठाने एवं उसके समाधान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस अवसर पर आयोजित सभा में संतोष कुमार सुरेका, कार्यकारिणी अध्यक्ष बिहार खाद्यान संघ, सुधीर कुमार चौधरी, अध्यक्ष खाद्यान व्यवसायी संघ दलसिंहसराय, खाद्यान व्यवसायी सुनील कुमार साह, उपाध्यक्ष, अवधेश कुमार साह, विजय साह, रामविलास साह, विश्वनाथ साह, राकेश कुमार साह, श्याम सुंदर साह, सुशील चमडिया, अमरजीत साह, सुधीर कुमार साह, सुशील शर्मा सहित अन्य उपस्थित हुए।

### भाकपा माले ने संस्थापक महासचिव चारु मजुमदार की 54वीं शहादत बरसी मनाई

**ताजपुर (एनएसबी)।** भाकपा माले ताजपुर प्रखंड कमिटी के बैनर तले मंगलवार को पार्टी के संस्थापक महासचिव कॉमरेड चारु मजुमदार की 54वीं शहादत बरसी रहीमाबाद के बहादुरनगर में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया तथा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने कॉमरेड चारु मजुमदार के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके संघर्षपूर्ण जीवन और विचारों को याद किया। साथ ही पार्टी की केंद्रीय कमिटी द्वारा जारी आह्वान पत्र का सामूहिक पाठ किया। सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने पार्टी एवं जनसंगठनों को व्यापक स्तर पर मजबूत बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने संविधान और मौलिक अधिकारों पर उत्पन्न खतरों तथा विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं में व्याप्त लूट एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ जनआंदोलनों को और तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में एक प्रस्ताव पारित कर आगामी 10 अगस्त को ताजपुर नगर परिषद कार्यालय के प्रस्तावित घेराव को बड़ी भागीदारी के साथ सफल बनाने की अपील की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपा माले के प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने की। मौके पर प्रखंड कमिटी सदस्य आसिफ होदा, ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, प्रभात रंजन गुप्ता, मो. एजाज, संजीव राय, नीलम देवी, रधिया देवी, अनीता देवी, जीरबा देवी, सुनीता देवी, धर्मेंद्र पासवान, मो. कादीर, रुखशाना खातून, रेहाना खातून, सुखिया खातून समेत बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नक्सलबाड़ी किसान आंदोलन के जनक थे कॉ. मजूमदार : भाकपा

**जनाधिकार के संघर्ष की मजबूती के लिए संगठन को मजबूत करने का किया आह्वान**

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** भाकपा (माले) जिला कार्यालय और जिले के अन्य प्रखंडों, दर्जनों पंचायतों में पार्टी संस्थापक राष्ट्रीय महासचिव का. चारु मजूमदार का 55 वीं स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पार्टी कार्यकताओं ने कॉ. चारु मजूमदार प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दो मिनट का उन्हें मौन श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि, कॉ. मजूमदार का जन्म एक सम्पन्न परिवार में होने के बाबजूद भी वे अपने जीवन के अंतिम क्षण तक गरीब, शोषित-पीड़ित, किसान, छात्र - नौजवान के हित के लिए संघर्ष करते रहे । उनका आज के ही दिन कलकत्ता के लाल बाजार के थाना लॉक अप में पुलिस प्रताड़ना के कारण निधन हो गया। इस दौरान माले जिला सचिव कॉ. प्रो. उमेश कुमार ने कहा कि का. चारु मजूमदार नक्सलवाड़ी किसान आंदोलन के जनक के रूप में जाने जाते हैं। उनके निधन को हम राष्ट्रीय क्षति के रूप में देखते हैं। आज भी जनांदोलन को सरकार ए. के. 47 से दबाने की कोशिश कर रही है। जनता के आंदोलन को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए मजबूत संगठन बनाने और जनाधार को विस्तारित करने करने की आवश्यकता है। इस दौरान राज्य कमिटी सदस्य कॉ. ललन कुमार, जिला कमिटी सदस्य कॉ. उपेंद्र राय, अनिल चौधरी, जयंत कुमार, आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस एवं मतदाता साक्षरता जागरूकता रैली का आयोजन

**कल्याणपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के बिरसिंहपुर स्थित स्वायत्त एवं, नैक द्वारा बी प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त सेंट पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, सह-पाठ्यक्रम समिति के संयुक्त तत्वावधान में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस एवं मतदाता साक्षरता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को पर्यावरण संरक्षण तथा लोकतंत्र में मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता तथा प्लास्टिक मुक्त जीवन का संदेश देते हुए लोगों से




प्रकृति की रक्षा केलिए जिम्मेदार बनने और आगे आने का आह्वान किया। साथ ही मतदाता जागरूकता संबंधी बैनरों एवं नारों के माध्यम से लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने, निष्पक्ष एवं शत-प्रतिशत मतदान में भाग ले कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया।रैली के दौरान "पेड़ लगाएँ, पर्यावरण बचाएँ", "प्रकृति हमारी धरोहर है", "योर वोट, योर वॉइस, योर फ्यूचर" तथा "बी ए रिस्पांसिबल सिटीजन, मेक योर वोट काउंट" जैसे प्रेरक संदेशों के माध्यम से जागरूकता फैलाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रशासन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और मतदान के प्रति जागरूकता, दोनों ही एक जिम्मेदार नागरिक के महत्वपूर्ण कर्तव्य हैं। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरणीय संवेदनशीलता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, सह-पाठ्यक्रम समिति एवं सभी छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

# विभिन्न विभागों एवं समितियों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित, दिए गए कई निर्देश

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** मंगलवार को जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों एवं जिला स्तरीय समितियों की एक श्रृंखलाबद्ध समीक्षात्मक बैठकें आयोजित की गईं। जिसमें उन्होंने विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों, कानून-व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा, जन वितरण प्रणाली तथा अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर चहारदीवारी एवं कब्रिस्तान घेराबंदी योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

इसके उपरांत जिला पर्यावरण समिति, जिला आर्द्रभूमि समिति, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से संबंधित समितियों तथा वायु प्रदूषण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) के रोकथाम हेतु गठित समितियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिलाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाने, पौधारोपण, जल संरक्षण एवं प्रदूषण




बैठक में शामिल पदाधिकारी।

नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिले के सभी थाना परिसरों में सीसीटीवी अधिष्ठापन की समीक्षा करते हुए शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने तथा निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने का निर्देश दिया गया। जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी कार्रवाई जारी रखने तथा संयुक्त अभियान संचालित करने का निर्देश दिया गया। नार्को कोझऑर्डिनेशन सेंटर के जिला स्तरीय समिति की बैठक में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर नियंत्रण, जनजागरूकता एवं विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर कार्रवाई तेज करने पर बल दिया। इसके पश्चात जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं राष्ट्रीय राजमार्ग सुरक्षा से संबंधित बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई, यातायात नियमों के पालन तथा जनजागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। विधि-व्यवस्था की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा किसी भी परिस्थिति से त्वरित एवं प्रभावी ढंग से निपटने के निर्देश दिए। भूमि विवाद से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग के समन्वय से नियमित शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया।

भू-समाधान पोर्टल पर लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। आगामी श्रावणी मेला के सफल एवं सुरक्षित आयोजन के लिए आयोजित बैठक में सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक में जन वितरण प्रणाली की नियमित निगरानी, खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता तथा अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं की अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित बैठक में प्राप्त मामलों की समीक्षा कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त आवेदनों की जिला स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्र लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर लाभ उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।बैठक में उप विकास आयुक्त समस्तीपुर सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, आरक्षी अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह के अलावा जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान क्विज, रंगोली व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित



संबोधित करते पदाधिकारी व अन्य

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** लोकतंत्र को मजबूत बनाने और विद्यार्थियों में मतदान के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से मंगलवार को उच्च माध्यमिक बालकृष्णपुर मड़वा विद्यालय में निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ राजस्व अधिकारी अरुण कुमार शर्मा, विद्यालय की प्राचार्या आत्मजा कुमारी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ क्विज, रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिताओं का मुख्य विषय मतदाता जागरूकता, लोकतांत्रिक मूल्यों, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव तथा मतदान के महत्व पर आधारित था। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया, जिसकी उपस्थित अतिथियों ने सराहना की।मुख्य अतिथि आरओ अरुण कुमार शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की सफलता जागरूक मतदाताओं पर निर्भर करती है। विद्यालय स्तर से ही विद्यार्थियों में निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी और मतदान के महत्व की समझ विकसित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन साक्षरता क्लब भविष्य के जिम्मेदार यू नागरिक तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। प्राचार्या आत्मजा कुमारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के छात्र ही कल के मतदाता हैं। उन्हें अपने मतदान के अधिकार के साथ-साथ लोकतांत्रिक कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। वहीं उन्होंने ने कहा कि विद्यालय समय-समय पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि विद्यार्थियों में सामाजिक और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास हो सके। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शत-प्रतिशत मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रमेश रजक, निर्वाचन प्रशाखा के कर्मी दिनेश कुमार दास, सुनील कुमार चौधरी,शिक्षक तपन कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक पियक्कड़ गिरफ्तार

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना की पुलिस ने गस्ती के दौरान छोटू दास उर्फ छोटन दास पिता मोती दास, ग्राम बमौरा, थाना विद्यापति नगर को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय उत्पाद महोदय कोर्ट समस्तीपुर उपस्थापन हेतु भेजा है। जानकारी देते हुए सहायक अवर निरीक्षक संदीप कुमार सिंह ने बताया की उक्त व्यक्ति शराब पीकर हंगामा कर रहा था। जिसकी जानकारी मिलने पर गिरफ्तार किया गया है।

## तकनीक या अनुसंधान तभी सार्थक है जब वह खेत तक पहुंचे : कुलपति

**डीआरपीसीएयू में ह्ललीची स्टिंक बग के प्रबंधनह्व पर एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न**

**पूसा (एनएसबी)।** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के विद्यापति सभागार में प्रसार शिक्षा निदेशालय एवं कीट विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को ह्ललीची स्टिंक बग प्रबंधनह्व विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों के स्वागत के उपरांत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी.एस. पाण्डेय



संबोधित करते कुलपति व अन्य।

एवं आगत अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान लीची स्टिंक बग पर आधारित प्रसार पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में कुलपति डॉ. पी. एस. पाण्डेय ने कहा कि, लीची बिहार की पहचान और किसानों की आमदनी का प्रमुख स्रोत है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से स्टिंक बग के प्रकोप से किसान भारी नुकसान झेल रहे हैं। इसके नियंत्रण के लिए हमारे वैज्ञानिकों, कृषि विज्ञान केंद्रों और किसानों को मिलकर समन्वित प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि, प्रयोगशाला में विकसित तकनीक या अनुसंधान तभी सार्थक है जब वह खेत तक पहुंचे। आज का यह प्रशिक्षण हमारे 'लैब टू लैंड' कार्यक्रम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस कीट के नियंत्रण केलिए केवल रासायनिक छिड़काव पर्याप्त नहीं है, बल्कि जैविक और समेकित प्रबंधन को भी अपनाना होगा। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि, विश्वविद्यालय लीची किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है और उन्हें हर संभव तकनीकी सहयोग देने का प्रयास कर रहा है ।

**मुख्य अतिथि निदेशक, राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केन्द्र, मुजफ्फरपुर डॉ विकास दास ने ने कहा कि**

लीची स्टिंक बग अब राष्ट्रीय समस्या बन चुका है। विश्वविद्यालय और लीची अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों ने द इसकी निगरानी, समय पर छिड़काव और जैव-नियंत्रण एजेंटों के उपयोग की स्पष्ट अनुशंसाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को फरवरी-मार्च में ही कीट की निगरानी शुरू करनी चाहिए। अंड समूहों को नष्ट करना और परजीवी कीटों का संरक्षण सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने कहा कि लीची अनुसंधान केंद्र मुजफ्फरपुर विश्वविद्यालय के साथ मिलकर जिला-स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएंगा ताकि हर लीची उत्पादक किसान तक यह जानकारी पहुंच सके ।भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक डॉ बी बी पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय लीची अनुसंधान संस्थान के साथ मिलकर सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इस कीट के नियंत्रण की तकनीक विश्वविद्यालय ने विकसित कर ली है और किसानों को जागरूक बनाने का प्रयास भी कर रहा है लेकिन इसके व्यापक नियंत्रण के लिए राज्य सरकार के सहयोग की भी आवश्यकता है। अतिथियों का स्वागत करते हुए स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ मयंक राय ने विषय प्रवेश कराया। कार्यक्रम के दौरान तकनीकी सत्र मे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने स्टिंक बग के जीवन-चक्र और पहचान पर, तथा राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों ने जैविक नियंत्रण पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में सभी जिलों के कृषि विग्यान केंद्र के वैज्ञानिकों के साथ जिला-वार कार्ययोजना बनाई गई। इसमें निगरानी दल गठन, किसान पाठशाला और फील्ड प्रदर्शन शामिल हैं। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सुधा नंद ने धन्यवाद ज्ञापन किया और जिसके बाद किसानों ने भरोसा दिलाया कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को गांव-गांव तक पहुंचाकर लीची किसानों को स्टिंक बग से बचाया जाएगा। इस अवसर पर निदेशक प्रसार डॉ. आर. के. झा, निदेशक अनुसंधान डॉ. ए. के. सिंह, सहित बड़ी संख्या में वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान और स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ माकपा ने किया प्रदर्शन, की 10 अगस्त को जेल भरो आंदोलन की घोषणा

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की स्थानीय कमेटी, विद्यापतिनगर के तत्वावधान में मंगलवार को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में प्रखंड मुख्यालय पर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं एवं समर्थकों ने भाग लिया और महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बिगड़ती कानून-व्यवस्था सहित जनसरोकार से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन की शुरूआत विद्यापतिनगर स्टेशन से निकाले गए जुलूस से हुई। जुलूस विभिन्न मार्गो से होते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचा, जहां कॉमरेड अर्जुन राय की अध्यक्षता में सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए माकपा



प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ता।

अंचल सचिव कामरेड नीलम देवी ने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार की दोहरी मार झेल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता पर लगातार नए करों का बोझ डाला जा रहा है, जबकि शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार जनसमस्याओं के समाधान के बजाय जनविरोधी फैसले थोप रही है, जिसका माकपा सड़क से लेकर सदन तक लगातार विरोध करती रहेगी। सभा को कामरेड विधानचंद्र, अर्जुन राय, रंजीत राय, रणधीर कुमार, रामगोविंद राय, रामजतन महतो, अशोक साह तथा नंद कुमार चौधरी ने भी संबोधित किया। इस दौरान वक्ताओं ने होल्डिंग टैक्स एवं टोल टैक्स वापस लेने, राशन से वंचित पात्र परिवारों का नाम जोड़ने, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण करने तथा विभिन्न आपराधिक मामलों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। कार्यक्रम के अंत में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की। सभा के समापन पर नेताओं ने जनहित के मुद्दों पर आंदोलन जारी रखने तथा 10 अगस्त 2026 को 'जेल भरो आंदोलन' की घोषणा की।

## संक्षिप्त खबरें

### शिकायत के बाद मिला टीएचआर का लाभ,पोषण ट्रैकर में नाम जोड़कर लाभार्थी को उपलब्ध कराया गया राशन

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** बेनीपट्टी परौल पंचायत के लाभार्थी सिद्धि विनायक को आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 196 से टीएचआर का लाभ नहीं मिलने की शिकायत बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कुमारी रेखा के समक्ष की गई।शिकायत प्राप्त होने के बाद परियोजना पदाधिकारी के निर्देश पर संबंधित सेक्टर की लेडी सुपरवाइजर मालती कुमारी द्वारा केंद्र का निरीक्षण एवं जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि सिद्धि विनायक के बच्चे का नाम



पोषण ट्रैकर पर दर्ज नहीं था। केंद्र की सेविका सीमा कुमारी ने भी इसकी पुष्टि की।इसके बाद एल.एस. मालती कुमारी ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए बच्चे का नाम पोषण ट्रैकर में जोड़वाया। नाम दर्ज होने के उपरांत लाभार्थी को जून 2026 माह का टीएचआर उपलब्ध करा दिया गया।इस कार्रवाई से लाभार्थी को लंबित टीएचआर का लाभ मिल सका।

### चारू मजूमदार का शहादत दिवस मनाया, नक्सलबाड़ी आंदोलन की विरासत पर हुई चर्चा

**जयनगर (एनएसबी)।** भाकपा-माले जयनगर प्रखंड कमिटी के तत्वावधान में नक्सलबाड़ी विद्रोह के नायक एवं भाकपा-माले के संस्थापक कॉमरेड चारू मजूमदार का शहादत दिवस जयनगर बस्ती के राजपूताना टोला में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित कार्यकताओं एवं स्थानीय लोगों ने कॉमरेड चारू मजूमदार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की। इस दौरान देर संध्या तक सभा आयोजित कर नक्सलबाड़ी आंदोलन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और उसकी विरासत पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में ह्लनक्सलबाड़ी को लाल सलामह्व, ह्लनक्सलबाड़ी नहीं मरा और नहीं मरेगाह्व तथा ह्लनक्सलबाड़ी की चिंगारी गांव-गांव में फैला दोह्व जैसे नारे लगाए गए। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले जयनगर प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने कॉमरेड चारू मजूमदार के जीवन, राजनीतिक विचारों तथा नक्सलबाड़ी आंदोलन के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला।भूषण सिंह ने कहा कि वर्ष 1967 का नक्सलबाड़ी किसान विद्रोह भारतीय राजनीति और किसान आंदोलनों के इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं में माना जाता है। इस आंदोलन ने भूमि,



सामाजिक न्याय और ग्रामीण गरीबों के अधिकारों से जुड़े सवालों को व्यापक राजनीतिक बहस के केंद्र में ला दिया था। उन्होंने कहा कि चारू मजूमदार ने शोषण, अन्याय और असमानता के खिलाफ संघर्ष को अपने जीवन का उद्देश्य बनाया।उन्होंने कहा कि आज भी किसानों, खेत मजदूरों, दलितों, आदिवासियों, छात्रों, युवाओं और मेहनतकश लोगों से जुड़े कई सवाल प्रासंगिक हैं। लोकतांत्रिक अधिकार, सामाजिक न्याय और समान अवसर के लिए जनता को संगठित कर संघर्ष को आगे बढ़ाने की जरूरत है।भूषण सिंह ने हाल के छात्र-युवा आंदोलनों का उल्लेख करते हुए पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन के दौरान आंदोलनकारियों पर दर्ज प्राथमिकी वापस लिए जाने को जनदबाव की उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, रोजगार और लोकतांत्रिक अधिकारों के सवाल पर संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।सभा में अन्य वक्ताओं ने भी चारू मजूमदार के जीवन और नक्सलबाड़ी आंदोलन की विरासत पर विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि ऐतिहासिक आंदोलनों और सामाजिक-राजनीतिक सवालों पर जनता के बीच संवाद लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा है। अंत में सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक अधिकारों और जनहित के मुद्दों पर जनसंपर्क एवं संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम में तस्लीम, भोला पासवान, तेजी लाल कामत, रमजानी, लक्ष्मण साह, ब्रजमोहन पासवान, देबू पासवान, अमृत सिंह, अभिराज सिंह, मोहन पासवान, फूलो देवी, जानकी देवी, रीता देवी, कुशमा देवी, जहाना खातून, शविला खातून सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### बिहार से 7 अगस्त को दिल्ली जंतर-मंतर पर सैकड़ों महिलाएं धरना में शिरकत करेंगी - रामपरी

**मधुबनी (एनएसबी)।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, (एडवा), आज 28 जुलाई को मधुबनी जिला के रांटी में महिलाओं की बैठक रेखा देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, बैठक को संबोधित करते हुए एडवा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामपरी ने कहा कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण विधेयक पारित किया जाए यह मुद्दा सबसे पहले 1996 में संसद में बहस के लिए लाया गया एडवा समेत इस देश की लाखों




महिलाऐं 30 बर्षो से महिला आरक्षण की मांग कर रही है। अभी तक जो भी दल सत्ता में रहे इस विधेयक को टाल मटोल कर इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। यही वजह है कि महिलाओं का वोट प्रतिशत तो पुरुष से अधिक है लेकिन संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी प्रत्येक चुनाव में कम होते जा रहा है। एडवा तथा अन्य महिला संगठनों के द्वारा दिल्ली में चल रहा मानसून सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने के लिए लगातार जंतर मंतर दिल्ली में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इस धरना कार्यक्रम में बिहार से 7अगस्त को सौकड़ो की संख्या में महिलाऐं जंतर-मंतर दिल्ली पहुंचेगी। मोदी सरकार नारी वंदन, महिला सशक्तिकरण के नाम पर महिलाओं को झांसा देना चाहते हैं। मोदी सरकार महिला विरोधी हैं, देश में सबसे ज्यादा महिलाओं का उत्पीड़न किया जा रहा है , महिलाओं के रोजगार के लिए कोई नीति सरकार के पास नहीं है। एडवा सरकार से मांग करती है कि बिना कोई देर किये बिना जनगणना और परिसीमन का अभी तुरंत महिला आरक्षण पारित कराया जाए। ताकि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ सके। बैठक को एडवा के रीना कुमारी, मुन्नी खातुन, रेखा देवी, अपनी देवी,सोभिता देवी ,मुनकी देवी, मुन्नी खातून,रेखा देवी, सोनिया देवी सहित अन्य नेताओं ने विचार व्यक्त किए।

### कॉमरेड चारू मजूमदार के अधूरे सपनों को पूरा करना ही होगी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि : भाकपा-माले

**पूसा (एनएसबी)।** भाकपा-माले के संस्थापक महासचिव, नक्सलबाड़ी किसान आंदोलन के प्रणेता व गरीब-किसान मजदूरों के नेता कॉमरेड चारू मजूमदार के शहादत दिवस को प्रखंड के गंगापुर पंचायत के हरिजन टोला में संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भाकपा-माले प्रखंड सचिव अमित कुमार की अध्यक्षता में संकल्प सभा आयोजित की गई। जिसमें माले कार्यकताओं ने पार्टी को आगे बढ़ाते हुए मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस दौरान झंडोत्तोलन के पश्चात चारू मजूमदार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। संकल्प सभा को संबोधित करते हुए माले सचिव कॉ. अमित ने कहा कि कॉमरेड चारू मजूमदार के अधूरे सपनों को पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि चारू मजूमदार ने वर्ष 1969 में भाकपा-माले जैसी क्रांतिकारी वामपंथी पार्टी का निर्माण किया था। उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों का परिणाम ही है कि, अन्याय के खिलाफ न्याय के लिए संघर्ष आज प्रमुख मुद्दा बना है। मौके पर माले प्रखंड कमिटी सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह, अखिलेश सिंह, जितेंद्र राय, समेत अजय राम, राजू पासवान, रीता देवी, संजू देवी, महावीर राम, उमेश राम, ममता देवी,चंद्रकला देवी,रतन देवी, सरिता देवी, मंजू देवी, संगीता देवी, मुन्नी देवी, रीता कुमारी, निर्मला देवी, कलरी देवी, कौशल्या देवी, निलम देवी, तारा देवी,आशा देवी आदि मौजूद थे ।

# ग्रामीण एसपी ने जयनगर थाना का किया औचक निरीक्षण, दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

**जयनगर (एनएसबी)।** ग्रामीण पुलिस अधीक्षक शिवम धाकड़ ने मंगलवार को जयनगर थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित मामलों की समीक्षा की, अभिलेखों का निरीक्षण किया और अपराध नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्रामीण एसपी ने एसडीपीओ सदानंद कुमार से जयनगर थाना क्षेत्र समेत अनुमंडल की भौगोलिक स्थिति की जानकारी ली और लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने प्रगति प्रतिवेदन, वाहन जांच अभियान, शराबबंदी, गुंडा पंजी, डकैती, लूट, गृहभेदन, हत्या पंजी तथा एसआर पंजी सहित विभिन्न अभिलेखों का अवलोकन किया। इसके अलावा संगठित अपराधियों की गतिविधियों और इंडो-नेपाल सीमा की सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। ग्रामीण एसपी ने कहा कि जयनगर नेपाल सीमा से सटा संवेदनशील क्षेत्र है। शराब और गांजा की तस्करी रोकना तथा सीमा पार से अपराध कर भागने वाले अपराधियों पर कार्रवाई बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए नेपाल पुलिस के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सीमा सुरक्षा



निरीक्षण करते ग्रामीण एसपी

बल के साथ मिलकर सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया जाएगा तथा फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए नेपाल पुलिस के सहयोग से विशेष अभियान संचालित होगा। ग्रामीण एसपी ने कहा कि जयनगर थाना का निरीक्षण कर स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता है कि आम नागरिकों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए बार-बार कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े और उनका काम संबंधित स्तर पर ही समय पर पूरा हो। निरीक्षण के दौरान जयनगर के एसडीपीओ सदानंद कुमार , पर्यवेक्षकीय पदाधिकारी जितेश रौशन प्रिंस, सर्किल इन्स्पेक्टर बिजेंद्र कुमार ब्रजेश , जयनगर थानाध्यक्ष रमण कुमार, अपर थानाध्यक्ष, एसआई बेलाल खान, एसआई मोनिका कुमारी, एस आई परपन कुमार, एसआई अमित कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### भारत-नेपाल सीमा पर बड़ी कार्रवाई: 5 भैंसों के साथ नामजद आरोपी गिरफ्तार

**लदनियां (एनएसबी)।** लदनियां थाना कांड संख्या 318/26 के तहत दर्ज मामले में पुलिस और एसएसबी को बड़ी सफलता मिली है। मामले में नामजद



फोटो संख्या 3 गिरफ्तार अभियुक्त

अभियुक्त रामचन्द्र कामत (58 वर्ष), पिता स्व. परसादी कामत, निवासी वटोली मरनैया, थाना लदनियां, जिला मधुबनी को भारत-नेपाल सीमा के पिलर संख्या 260/17 के पास से 5 भैंसों के साथ गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तारी की कार्रवाई एसएसबी के सहायक उपनिरीक्षक उत्तम दास द्वारा विधिवत की गई। अभियुक्त के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएसएन की धारा 317(5) तथा संबंधित पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### स्कूली बच्चों ने लगाए पौधे.पर्यावरण को बचाने का लिया संकल्प



मौके पर शिक्षक एवं बच्चे

**बिस्फी (एनएसबी)।** विश्व प्राकृतिक संरक्षण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय बलहा मे शिक्षकों व छात्रों ने भारी संख्या में फलदार, सजावटी एव आयुर्वेदिक पौधे लगाए. इस मौके पर स्कूल की प्रधानाध्यापिका मीनाक्षी कुमारी ने बताया कि वे इससे पूर्व भी पर्यावरण को लेकर जागरूक फैलती रही है. कहा कि जागरूकता अभियान के तहत अपने विद्यालय के बच्चों के साथ पंचायत में जाकर बच्चों को पौधा लगाने के लिए कहते हैं. सिर्फ पौधे लगाने तक ही सीमित न रहकर उनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा करना का भी संकल्प बच्चों को दिलाते हैं. कार्यक्रम में मौजूद बच्चों ने कहा कि अपने घर और मोहल्ले में लोगों को पौधों का महत्व समझाएंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान से जोड़ने की कोशिश करेंगे. शिक्षकों ने कहा कि यह अभियान केवल प्रतीकात्मक नहीं बढ़ते प्रदूषण और बदलते मौसम को देखते हुए हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह पधारोपण करें. एक पौधा आने वाली पिढियो के लिए स्वच्छ हवा और बेहतर जीवन का आधार बनेगा. विद्यालयों की साफ सफाई और हरा भरा रखने के लिए हम अभिभावक से भी भागीदारी देने की अपील की. एक पेड़ एक जिंदगी अभियान समाज के सभी वर्गों को प्रकृति से जोड़ने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाने का सराहनीय प्रयास है. हम सभी को पर्यावरण को लेकर विशेष पहल करनी चाहिए. मौके पर कई शिक्षक व बच्चे उपस्थित थे.

# सीएसपी संचालक से हथियार के बल पर लूट के प्रयास का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



जानकारी देते डीसीपी अमित कुमार

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** बेनीपट्टी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि साहारघाट थाना क्षेत्र के बसबरिया चौक स्थित एक सीएसपी संचालक से हथियार का भय दिखाकर रुपये लूटने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, लूटी गई ₹5,000 की राशि तथा अन्य कागजात बरामद किए गए हैं।

**डीसीपी अमित कुमार ने बताया कि 27 जुलाई को**

सीएसपी संचालिका अनीता कुमारी बसबरिया चौक स्थित अपने केंद्र पर बैंक से दो लाख रुपये निकालकर पहुंची थीं। उन्होंने नकदी काउंटर के ड्रॉअर में रख दी, जबकि बैग में पहले से रखे ₹5,000 और अन्य कागजात अपने पास रखे हुए थीं। इसी दौरान शाम करीब चार बजे मोटरसाइकिल से पहुंचे दो बदमाशों ने हथियार का भय दिखाकर बैग छीन लिया और भागने लगे। स्थानीय ग्रामीणों ने पीछा कर एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि दूसरा फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने छापेमारी कर दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सीतामढ़ी जिले के पुपरी थाना क्षेत्र निवासी गुलशन कुमार तथा साहारघाट थाना क्षेत्र के बसबरिया निवासी मनोज शर्मा के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने अपने अन्य साथियों की संलिप्तता का भी खुलासा किया है। पुलिस उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

**इस संबंध में साहारघाट थाना कांड संख्या 144/26**

दर्ज किया गया है। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 309(3) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेनीपट्टी के नेतृत्व में साहारघाट थाना पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया

# स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियों की समीक्षा

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से आगामी 15 अगस्त 2026 (स्वतंत्रता दिवस समारोह) के सफल, गरिमामय एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह से संबंधित सभी पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श करते हुए विभिन्न विभागों एवं पदाधिकारियों को समयबद्ध जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। बैठक में निर्णय लिया गया कि समारोह स्थल की साफ-सफाई, मंच निर्माण, बैरिकेडिंग, रंग-रोगन, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था, पार्किंग, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण तथा अन्य सभी आवश्यक तैयारियाँ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश संबंधित विभागों को दिया गया।* जिलाधिकारी ने नगर निगम, भवन प्रमंडल, पथ प्रमंडल, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, विद्युत विभाग एवं अन्य संबंधित एजेंसियों को समारोह स्थल को आकर्षक एवं व्यवस्थित बनाने के लिए समन्वित रूप से कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही पुलिस केंद्र परिसर में आवश्यक मरम्मत,



जिलाधिकारी आनंद शर्मा

रंगाई-पुताई, पेयजल, शौचालय, जलनिकासी तथा साफ-सफाई सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। बैठक में समारोह स्थल की तैयारी की नियमित निगरानी के लिए विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों की समिति गठित की गई, जो निर्धारित तिथि तक सभी कार्यों की समीक्षा कर समय पर पूर्ण कराएगी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के अनुसार माननीय मंत्री द्वारा प्रातः 9:00 बजे पुलिस केंद्र में राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात समाहरणालय, अनुमंडल कार्यालय, विकास भवन, जिला परिषद, जिला शिक्षा कार्यालय, नगर निगम एवं नगर थाना सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों में निर्धारित समयानुसार ध्वजारोहण संपन्न होगा। मुख्य समारोह में आगंतुकों एवं अतिथियों के बैठने की समुचित व्यवस्था, वीआईपी दीर्घा, मीडिया गैलरी, आम नागरिकों के लिए बैठक व्यवस्था तथा पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त संख्या में कुर्सियाँ, टेंट, मंच, साउंड सिस्टम, जनरेटर एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में राष्ट्रीय ध्वज सलामी एवं परेड की तैयारी पर विशेष चर्चा हुई। पुलिस बल, बिहार पुलिस, एसएसबी, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट एवं गाइड सहित विभिन्न दलों द्वारा परेड की जाएगी। परेड की पूर्वाभ्यास निर्धारित तिथियों पर कराया जाएगा, जिसका निरीक्षण स्वयं जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक करेंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु मंच संचालन की जिम्मेदारी निर्धारित की गई। वहीं विशिष्ट अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों को ई-कार्ड के माध्यम से आमंत्रण भेजने तथा आवश्यकतानुसार मुद्रित आमंत्रण पत्र उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रगान प्रस्तुति हेतु छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करने, उनके आवागमन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कल्याण पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही समारोह की फोटो एवं वीडियोग्राफी की समुचित व्यवस्था करने की जिम्मेदारी भी संबंधित शाखा को सौंपी गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि उत्कृष्ट परेड प्रदर्शन करने वाले दलों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए जिला स्तरीय चयन समिति गठित की गई है, जो विभिन्न परेड टुकड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करेगी। बैठक में चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन, एम्बुलेंस, जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता, यातायात नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा घेरा, वाहनों के प्रवेश-निकास, प्रतिमा स्थलों की साफ-सफाई एवं माल्यार्पण सहित अन्य व्यवस्थाओं की भी विस्तार से समीक्षा की गई तथा सभी विभागों को आयोजन कों सफल बनाने का निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गौरव एवं सम्मान का पर्व है। इसके आयोजन में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी विभाग निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सुनिश्चित करें ताकि मधुबनी में स्वतंत्रता दिवस समारोह अनुशासित, भव्य एवं यादगार रूप से संपन्न हो सके।

### एमडीडीएम कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, डीएम बोले -निर्वाचक सूची में नाम रहना वोट देने की पहली शर्त

# सभी पात्र छात्र–छात्रा अपना नाम वोटर लिस्ट में अवश्य जुड़वाएं : जिलाधिकारी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी कुमार गौरव के निर्देश पर मंगलवार को स्थानीय क्लब रोड स्थित एमडीडीएम कॉलेज में निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) के तत्वाधान में निर्वाचक जागरूकता कार्यक्रम का वृहत आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में कॉलेज की छात्राओं, प्राध्यापकों एवं अधिकारियों ने भाग लिया। उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्यप्रिय कुमार के नेतृत्व में मुजफ्फरपुर जिला निर्वाचन विभाग की टीम द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विविध प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया।

निर्वाचन के विभिन्न पहलुओं पर छात्राओं के बीच क्विज, प्रश्नोत्तर तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। एनसीसी छात्राओं की टीम द्वारा वोट के महत्व पर आधारित एक अत्यंत मनमोहक एवं ज्ञान-वर्द्धक नुक्कड़-नाटक का मंचन किया गया।विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के नाम अपने संदेश में जिलाधिकारी ने अर्हता-प्राप्त सभी विद्यार्थियों से मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने सहित सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।

हमारे महान संविधान निमार्ताओं द्वारा संविधान में सार्वभौम वयस्क मताधिकार का जो प्रावधान किया गया है वह अतुलनीय एवं बहुमूल्य है। त्रुटिरहित मतदाता सूची पूरे निर्वाचन प्रक्रिया का आधार है। निर्वाचक सूची में नाम रहना वोट देने की पहली शर्त है। इसके बिना आप मत नहीं दे सकते। अतः सभी पात्र विद्यार्थियों को फोटो निर्वाचक सूची में नाम शामिल कराने के लिए पंजीकरण अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग


मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते अतिथिगण।

द्वारा पंजीकरण की प्रक्रिया को भी काफी आसान कर दिया गया है। आप जैसे यंग, डायनामिक एवं टेक्नोलॉजी-फ्रेंडली छात्रा ऑनलाईन माध्यम से ईसीआइनेट ऐप से आसानी से पंजीकरण कर सकते हैं।

ऑफलाईन माध्यम से भी अपने-अपने बूथ, प्रखंड, अनुमंडल, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी का कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में आवेदन दिया जा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि ईएलसी के तहत मुजफ्फरपुर जिला के सभी महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में कैम्पस एम्बेसडर की भी मुख्य भूमिका है। हर एक कॉलेज एवं शैक्षणिक संस्थान में इन्हें भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेश के तहत नियुक्त किया जाता है। कैम्पस एम्बेसडर छात्र-छात्राओं तथा निर्वाचन तंत्र के मध्य एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करते हैं तथा मतदाता पंजीकरण में आवश्यक सहयोग प्रदान करते हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने में यह काफी सहायक साबित होता है। कार्यक्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्यप्रिय कुमार द्वारा छात्राओं को पंजीकरण के बारे में विस्तार से बताया गया तथा सभी से अपना-अपना नाम शामिल कराने का आह्वान किया गया। इस क्रम में कॉलेज की छात्राओं, प्राध्यापकों एवं अधिकारियों को कार्यक्रम के दौरान *मतदाता शपथ* दिलायी गयी।कार्यक्रम को कॉलेज के प्राचार्य, अनेक प्राध्यापक तथा अवर निर्वाचन पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### संत रविदास की 650वीं जयंती पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर भाजपा का जिलास्तरीय कार्यशाला आयोजित

**मुजफ़्फरपुर(एनएसबी)।** संत श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर मंगलवार को नगर के इमलीचट्टी स्थित भाजपा पूर्वी किला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 'राष्ट्रव्यापी श्री गुरु



बैठक सह कार्यशाला को संबोधित करते पूर्वी जिलाध्यक्ष।

रविदास समर्थ संकल्प अभियान' की रूपरेखा तैयार की गई, जो 29 जुलाई 2026 (गुरुवार, गुरु पूर्णिमा) से शुरू होकर 20 फरवरी 2027 तक चलाया जाएगा। इस अवधि में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी के लिए आयोजित इस कार्यशाला के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए पूर्वी जिला अध्यक्ष ने बताया कि अभियान के तहत जिले के प्रत्येक मंडल में कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के संबंध में जिला प्रभारी रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान की शुरूआत में जहाँ-जहाँ संत गुरु रविदास जी की प्रतिमाएं स्थापित हैं, वहाँ उनकी प्रतिमाओं प जलाभिषेक व साफ-सफाई की जाएगी। इसके पश्चात संध्या काल में सभी प्रतिमा स्थलों एवं प्रमुख स्थानों पर भव्य दीपोत्सव मनाया जाएगा। इस क्रम में जिले के सभी मंडलों में विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर अनिवार्य रूप से बैठकों व कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसकी जानकारी सभी मंडल अध्यक्षों को दे दी गई है। इस दौरान संत रविदास जी के विचारों और उनके सामाजिक समरसता के संदेश को जन जन तक पहुँचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर संकल्प लिया गया। विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी के लिए आयोजित इस बैठक सह कार्यशाला की अध्यक्षता कार्यक्रम संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष फेकू राम ने की। इस अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिन पदाधिकारियों को ज़िम्मेदारी सौंपी गई, उसमे जिला संयोजकः फेकू राम, सह-संयोजक शंकर पासवान, बिकाऊ यादव एवं ओमकार पासवान शामिल हैं। कार्यशाला सह बैठक में उपस्थित लोगो का धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह ने किया।इस अवसर पर अशोक कुमार झा, इंदिरा सिंह, रितु राज, परितोष सिंह, लालबाबू साहनी, रितु आनंद, रंजन कुमार ओझा, अमिताभ कुमार, अरविंद सिंह, पंकज कुमार, आशीष कुमार पिंटू, सहित विधानसभा प्रभारी, संयोजक एवं सभी मंडलों के अध्यक्ष मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### सड़क पर हो रही आतिशबाजी को रोकने पहुंची पुलिस पर प्रखंड प्रमुख के समर्थकों ने किया

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलवरिया चौक पर सोमवार की देर रात उपद्रवियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प का मामला सामने आया है। सड़क पर हो रही खतरनाक आतिशबाजी को रोकने पहुंची गश्ती पुलिस टीम पर मोतीपुर के प्रखंड प्रमुख के समर्थकों ने जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में एक महिला पुलिस अधिकारी, पुलिस वाहन का चालक और एक सिपाही गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। पुलिस वाहन को भी काफी नुकसान पहुंचा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि देर रात फुलवरिया चौक पर प्रखंड प्रमुख के समर्थक मुख्य सड़क के बीचों-बीच पटाखे फोड़ रहे थे। सड़क पर वाहनों का आवागमन जारी होने के कारण दुर्घटना की आशंका को देखते हुए राजेपुर थाने की गश्ती पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने समर्थकों को समझाते हुए सड़क से हटकर आतिशबाजी करने की हिदायत दी। इसी बात पर प्रखंड प्रमुख के समर्थक


घायल पुलिस कर्मियों को अस्पताल ले जाते पुलिसकर्मी।

उग्र हो गए और पुलिस के साथ बहस करने लगे। देखते ही देखते मामला इतना बिगड़ गया कि समर्थकों ने पुलिस की गाड़ी को निशाना बनाकर पटाखे और देशी बम फोड़ने शुरू कर दिए।

#### एक महिला पुलिस अधिकारी, पुलिस गाड़ी का चालक और सिपाही जख्मी

उपद्रवियों ने महिला पुलिस अधिकारी के साथ पहले अभद्र व्यवहार और छेड़खानी की, फिर उनके गले में गमछा डालकर खींचने का प्रयास किया। जब गश्ती दल के सिपाही और चालक ने इसका विरोध किया, तो भीड़ ने उन पर भी हमला कर दिया। हमले में कई पुलिसकर्मी लहूलुहान हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर आसपास के कई थानों की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। सरैया के एसडीपीओ (रउ्ढड) अभिजीत कौर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि गश्ती के दौरान असामाजिक तत्वों ने पुलिस टीम पर हमला किया, गाड़ी पर बमबाजी की और महिला पुलिसकर्मी के साथ दुर्व्यवहार किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से दो मुख्य आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल हिरासत में लिए गए दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है और घटना में शामिल अन्य फरार उपद्रवियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद इलाके में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले और पुलिस पर हमला करने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# टिकट सुपरवाइजर बनकर रेलयात्रियों से वसूली कर रहे दो कोच अटेंडेंट गिरफ्तार

### पुणे-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस में फर्जीवाड़े का हुआ बड़ा खुलासा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर आने वाली पुणे-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस में यात्रियों से आरक्षित सीट दिलाने के नाम पर अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है. खुद को टिकट सुपरवाइजर बताकर यात्रियों से नकद रुपये वसूल रहे दो कोच अटेंडेंटों को रेलवे अधिकारियों ने रंगेहाथ पकड़ लिया. दोनों को आरपीएफ के हवाले कर दिया गया है। वही आरपीएफ ने मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुणे-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस (15590) में यात्रियों की भारी भीड़ का फायदा उठाकर दोनों आरोपित खुद को टिकट सुपरवाइजर और रेलवे का वरिष्ठ अधिकारी बताकर लोगों से संपर्क कर रहे थे। वे आरक्षित सीट दिलाने का भरोसा देकर यात्रियों से नकद रुपये वसूल रहे थे। सीट की तलाश में परेशान कई यात्री उनकी बातों पर भरोसा कर पैसे भी दे रहे थे। मामले का खुलासा उस समय हुआ, जब मुख्य टिकट सुपरवाइजर राजेंद्र काटकर और आनंद कुमार ट्रेन में नियमित टिकट जांच कर रहे थे। जांच के दौरान दोनों की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। पूछताछ में वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके, जिसके बाद उनकी पहचान की जांच की गई। जांच में पता चला कि दोनों व्यक्ति टिकट सुपरवाइजर नहीं, बल्कि ट्रेन में तैनात कोच अटेंडेंट हैं और फर्जी पहचान बनाकर यात्रियों से अवैध वसूली कर रहे थे। मामले की पुष्टि होते ही रेलवे अधिकारियों ने दोनों को मौके पर पकड़ लिया और आगे की कार्रवाई के लिए आरपीएफ के हवाले कर दिया। आरपीएफ और रेल प्रशासन अब यह पता लगाने में जुटा है कि दोनों आरोपितों ने कितने यात्रियों से पैसे वसूले और वे दोनों कोच अटेंडेंट इस तरह की गतिविधि कब से चला रहे थे।

फिलहाल रेलवे की टीम इस मामले में दोनों से पूछताछ कर अन्य पहलुओं की भी जांच पड़ताल कर रही है। वहीं इस घटना को गंभीरता से लेते हुए रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि सीट या अन्य सुविधा के नाम पर किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को पैसे



जंक्शन पर आरपीफ की मौजूदगी में अटेंडेंट से टिकट के लिए दिए पैसे वापस करने की मांग करते यात्री।

न दें। यदि कोई खुद को रेलवे अधिकारी या टिकट सुपरवाइजर बताकर रुपये मांगता है, तो उसकी सूचना तुरंत टीटीई, ट्रेन स्टाफ या आरपीएफ को दें, ताकि ऐसे फजीर्वाड़े करने वाले पर समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## विवि में लंबित वेतन एरियर एवं पेंशन मामले के निस्तारण के लिए आयोजित दो दिवसीय समाधान शिविर संपन्न

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में लंबित वेतन, एरियर एवं पेंशन मामलों के निस्तारण के लिए सोमवार से शुरू हुआ विशेष समाधान शिविर मंगलवार को संपन्न हो गया। विवि गेस्ट हाउस में राजभवन सचिवालय बिहार के निर्देश पर आयोजित इस दो दिवसीय शिविर में कार्यरत एवं उन्होंने कहा कि सभी पात्र लाभुकों को समय पर वैधानिक भुगतान सुनिश्चित करना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। शिविर में कुलसचिव प्रो (डॉ.) समीर कुमार शर्मा, वित्तीय सलाहकार प्रवीण कुमार सिंह, वित्त पदाधिकारी राम बाबू महतो, पेंशन पदाधिकारी डॉ मो अमानुल्लाह, उप कुलसचिव प्रथम प्रवीर


बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में समाधान शिविर में लंबित मामले के निष्पादन की जानकारी देते संबंधित विवि के अधिकारी।

सेवानिवृत्त शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लंबित मामलों का सत्यापन कर कई प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। मौके पर कुलपति प्रो डॉ दिनेशचंद्र राय ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन शिक्षकों और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है तथा आवश्यकता पड़ने पर भविष्य में भी ऐसे विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। कुमार सरकार, राजेश कुमार, खुर्शीद आलम, ऋषि, अमित भारद्वाज, संतोष सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने दस्तावेजों का सत्यापन कर लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन की प्रक्रिया पूरी कराई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस पहल से लंबित भुगतान संबंधी मामलों के निस्तारण में तेजी आई है और बड़ी संख्या में लाभुकों को राहत मिली है।

### मुजफ्फरपुर में चेन स्नैचिंग गिरोह पर पुलिस का बड़ा एक्शन

## कटिहार से कोढ़ा गैंग का सदस्य गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** शहर में महिलाओं को निशाना बनाकर सोने की चेन और जेवरात लूटने वाले शातिर अपराधियों के खिलाफ मुजफ्फरपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुख्यात कोढ़ा गिरोह के एक सदस्य को कटिहार जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से महिला से छीनी गई सोने की चेन और वारदात के समय पहने गए कपड़े भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, यह मामला नगर थाना क्षेत्र के साहू पोखर इलाके का है। 20 जुलाई 2026 की सुबह करीब सात बजे मुन्नी खातून मॉर्निंग वॉक के लिए निकली थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन छीन ली और मौके से फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई थी। घटना के बाद पीड़िता की शिकायत पर नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डीएसपी टाउन सुरेश कुमार के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया। टीम में नगर थाना अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह समेत कई पुलिस अधिकारियों को शामिल किया गया।

पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मानवीय सूचना तंत्र के आधार पर अपराधियों की तलाश शुरू की। लगातार छापेमारी और निगरानी के बाद पुलिस ने कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र स्थित जुराबगंज से शिवम कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी के कोढ़ा गिरोह से जुड़े होने की पुष्टि हुई है। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह भीड़भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं को निशाना बनाकर चेन स्नैचिंग जैसी वारदातों को अंजाम देता है। गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने छीनी गई सोने की चेन और घटना के समय पहने गए कपड़े बरामद कर लिए हैं। वहीं, उसके फरार साथी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि शहर में सक्रिय अपराधी गिरोहों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। महिलाओं की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में मारपीट मामले में नया मोड़ जांच में होमगार्ड जवान पर लगे आरोप सही पाए गए

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में कक्षपाल के साथ मारपीट के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। प्रारंभिक तौर पर खुद को पीड़ित बताने वाले होमगार्ड जवान रंजीत कुमार के खिलाफ ही जेल प्रशासन की जांच में आरोप सही पाए गए हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए कारा अधीक्षक ने जवान को कारण बताओ (शो-कॉज) नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया है। जेल प्रशासन की जांच रिपोर्ट के अनुसार, 26 जुलाई को गृहरक्षक रंजीत कुमार अपनी ड्यूटी पर करीब 15 मिनट की देरी से पहुंचे थे। कारा गेट पर तैनात उच्च कक्षपाल ऋषिकेश कुमार यादव ने जब उनसे देरी का कारण पूछा, तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी दौरान रंजीत कुमार ने गाली-गलौज की, कक्षपाल के साथ मारपीट की और थप्पड़ मारते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। जांच में यह भी सामने आया है कि रंजीत कुमार अक्सर जानबूझकर ड्यूटी पर देर से पहुंचते थे, ताकि नियमित तलाशी प्रक्रिया से बचकर जेल परिसर में प्रवेश कर सकें। प्रशासन ने यह भी उल्लेख किया है कि पूर्व में बंदियों तक आपत्तिजनक सामग्री पहुंचाने की शिकायतें भी उनके संबंध में मिली थीं, जिसकी जांच की जा रही थी। कारा अधीक्षक ने इस पूरे घटनाक्रम को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए होमगार्ड जवान से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही मामले की जानकारी देते हुए गृह रक्षा वाहिनी के समादेष्टा, जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर आवश्यक विभागीय कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।

## औराई बीआरसी में हुई प्रधानाध्यापकों की उन्मुखीकरण कार्यशाला

**औराई(एनएसबी)।** बिहार शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्राथमिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान), बिहार शिक्षा परियोजना, मुजफ्फरपुर के कार्यालय आदेश के आलोक में प्रखंड संसाधन केंद्र औराई में मंगलवार को प्रारंभिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में औराई प्रखंड के 96 प्राथमिक एवं 94 मध्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, प्रभारी प्रधानाध्यापकों एवं प्रधान शिक्षकों ने भाग लिया।प्रशिक्षण का संचालन प्रखंड टेक्निकल टीम (बीटीटी) के सदस्य रमन कुमार, जीतू

**96 प्राथमिक एवं 94 मध्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को बीटीटी ने विभिन्न योजनाओं पर दिया तकनीकी प्रशिक्षण**

कुमार, अंशु कुमार प्रसाद एवं अमरेश कुमार साहनी ने किया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता से संबंधित इको क्लब, प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग की मानक संचालन प्रक्रिया, प्रशस्त ऐप 2.0 के माध्यम से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान एवं प्रोफाइलिंग, नियमित शिक्षक-अभिभावक बैठक (ढळ्ट), इंस्पायर अवार्ड के लिए विद्यार्थियों के आइडिया एवं मॉडल


कार्यशाला सह प्रशिक्षण में शामिल प्रखंड के 190 स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकायें।

नामांकन, टट८ऋड्ढ५ गतिविधियों एवं स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों, निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ऋछ्ठ (बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान), दीक्षा ऐप से प्रमाण-पत्र एवं रिपोर्ट डाउनलोड करने तथा ब्लॉक टेक्निकल रिपोर्टिंग से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।विभागीय निर्देश के अनुसार मध्य विद्यालयों से गणित एवं विज्ञान विषय के तकनीकी रूप से दक्ष शिक्षकों तथा प्राथमिक विद्यालयों से कंप्यूटर साक्षर शिक्षकों की सूची तैयार करने पर भी बल दिया गया, ताकि विभिन्न योजनाओं का विद्यालय स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यशाला के समापन पर बीटीटी सदस्यों ने सभी प्रधानाध्यापकों से अपील की कि प्रशिक्षण में प्राप्त तकनीकी जानकारी एवं विभागीय निदेर्शों को अपने-अपने विद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू करें, जिससे औराई प्रखंड के विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित हो सके।

# मानव व्यापार से संबंधित ज्ञानवर्धन कार्यशाला सह सम्मान समारोह का आयोजन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में सीतामढ़ी पुलिस की मानव तस्करी निरोध इकाई एवं अदिथी कवच परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को "मानव व्यापार से संबंधित ज्ञानवर्धन कार्यशाला सह सम्मान समारोह" का आयोजन वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) मो. नजीब अनवर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) मो. नजीब अनवर ने मानव तस्करी की रोकथाम, पीड़ितों के संरक्षण, समुदाय की सहभागिता तथा विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानव तस्करी जैसे संगठित अपराध की प्रभावी रोकथाम के लिए पुलिस, प्रशासन, सामाजिक संस्थाओं एवं आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

कार्यशाला के दौरान आयोजित ओपन डिस्कशन सत्र में प्रतिभागियों ने मानव तस्करी की रोकथाम से संबंधित विभिन्न सुझाव एवं व्यावहारिक समाधान साझा किए। इस अवसर पर मानव तस्करी से संबंधित किसी भी सूचना के आदान-प्रदान हेतु सीतामढ़ी पुलिस की मानव तस्करी निरोध इकाई का हेल्पलाइन मोबाइल नंबर 92644 97210 भी साझा किया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि प्राप्त सूचनाओं पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी तथा सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।


समारोह में सम्मानित पुलिस पदाधिकारी व अन्य।

पुलिस निरीक्षक सह शाखा प्रभारी, मानव तस्करी निरोध इकाई सुशील कुमार सिंह ने जिले में मानव तस्करी, बाल श्रम एवं अन्य संबंधित अपराधों के विरुद्ध अब तक की गई कार्रवाई, बचाव, पुनर्वास एवं जन-जागरूकता अभियानों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर मुकुंद कुमार चौधरी ने बाल श्रम एवं मानव तस्करी की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिस पदाधिकारियों एवं अन्य हितधारकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रेरणादायी पंक्तियाँ प्रस्तुत करते हुए उपस्थित सभी प्रतिभागियों को मानव तस्करी एवं बाल श्रम के विरुद्ध सामूहिक प्रयास करने तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। मनीष कुमार ने मानव तस्करी जैसे जघन्य अपराध के विरुद्ध समाज के सभी वर्गों की सहभागिता पर बल देते हुए मानव तस्करी मुक्त सीतामढ़ी के संकल्प को साकार करने हेतु सभी हितधारकों से समन्वित प्रयास करने का आह्वान किया।

**मानव तस्करी रोकथाम हेतु सामूहिक प्रयासों पर दिया गया बल**

कार्यक्रम के दौरान बाल श्रम, मानव तस्करी एवं बाल विवाह की रोकथाम तथा जन-जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पुलिस निरीक्षक सुशील कुमार सिंह, अंचल निरीक्षक (सुरसंड) परशुराम सिंह, बेला थानाध्यक्ष अचल अनुराग, महिला एवं बाल विकास निगम के जिला परियोजना प्रबंधक एजाजुल अंसारी, केंद्र प्रशासक शबनम कुमारी, अदिथी कवच परियोजना के कार्यक्रम प्रबंधक रोहित सिंह, ग्राम पंचायत घुरघुरा हनुमाननगर की मुखिया नुशरत जहां, सामाजिक कार्यकर्ता मो. कमर अख्तर, शिव शंकर ठाकुर, संजय वर्मा, पायल सिंह, रंजीत कुमार, प्रशांत कुमार, सुनीता कुमारी, आशिया खातून सहित अन्य हितधारकों को वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) मो. नजीब अनवर द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का समापन इस विश्वास के साथ हुआ कि पुलिस, प्रशासन, सामाजिक संस्थाओं एवं आमजन के समन्वित प्रयासों से मानव तस्करी, बाल श्रम एवं बाल विवाह के विरुद्ध जन-जागरूकता को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा तथा सुरक्षित, संवेदनशील एवं मानव तस्करी मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### सदर अस्पताल से इलाजरत विचाराधीन बंदी फरार, तलाश में जुटी पुलिस, सूचना देने की अपील

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सीतामढ़ी सदर अस्पताल स्थित कैदी वार्ड से इलाजरत एक विचाराधीन बंदी सोमवार देर रात फरार हो गया। फरार बंदी की पहचान परसौनी थाना क्षेत्र के परशुरामपुर निवासी फेकन कुमार के रूप में हुई है। वह रीगा थाना कांड संख्या 274/26 का अभियुक्त बताया गया है।


पुलिस द्वारा जारी फरार बंदी की तस्वीर।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही तत्काल जांच शुरू कर दी गई। प्रारंभिक जांच में सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों से पता चला कि बंदी ने बाथरूम के वेंटिलेटर को तोड़कर कैदी वार्ड से फरार होने में सफलता हासिल की। घटना को गंभीरता से लेते हुए ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप में कैदी सुरक्षा में तैनात प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मियों एवं गृहरक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में सीतामढ़ी नगर थाना में कांड संख्या 519/26 दर्ज किया गया है। फरार बंदी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन कर लगातार छापेमारी एवं अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। सीतामढ़ी पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि फरार विचाराधीन बंदी फेकन कुमार के संबंध में किसी प्रकार की सूचना मिले तो तत्काल निकटतम थाना अथवा सीतामढ़ी पुलिस को सूचित करें। पुलिस ने आश्वस्त किया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### नशीली दवाओं / मादक पदार्थ के विरुद्ध कारवाई को लेकर जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की बैठक

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में नशीली दवाओं / मादक पदार्थ के विरुद्ध प्रभावी कारवाई करने की दृष्टिगत जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की बैठक हुई। समिति के नोडल पदाधिकारी वरीय पुलिस उपाधिक्षक नजीब अनवर के द्वारा


जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की बैठक करते अधिकारी।

उपस्थित एसएसबी के पदाधिकरियो, शिक्षा, कल्याण, औषधि नियंत्रण, वन प्रमंडल तथा अन्य विभाग के पदाधिकारियों के साथ जिले में नशीली दवाओं एवं नशीली पदार्थों के दुरुपयोग से निपटने के उद्देश्य से रणनीतियों पर चर्चा की गई। साथ ही उन्होंने कहा कि बैठक का प्राथमिक उद्देश्य अंतर्विभागीय समन्वय को मजबूत करना है।उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं/ड्रग्स के खतरे को रोकने के लिए प्रभावी उपायों को लागू करें। बैठक मो नजीब अनवर ने उपस्थित अधिकारियों को कहा कि पंचायत राज जनप्रतिनिधियों, अनुमंडल स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों तथा विभिन्न विभागों यथाःझ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, मद्यनिषेध, वन विभाग इत्यादि के माध्यम से परस्पर समन्वय स्थापित करते हुए उक्त गतिविधियों पर अंकुश लगाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे पॉकेट को चिन्हित करें ।बैठक में सहायक औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया गया गया कि जिले के सभी दवा दुकानों, विशेष कर बॉर्डर एरिया पर चल रहे दवा दुकानों पर विशेष नजर रखें। साथ ही औचक निरीक्षण करें। उनके स्टॉक का वेरिफिकेशन किया जाए। दवाओं की जांच की जाए। सहायक औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि दवा दुकानों की जांच संबंधी रिपोर्ट ःझऐसे कितने अवैध दुकानों को सील किया गया? कितने पर केस किए गए? कितने का लाइसेंस रद्द किया गया? इत्यादि से संबंधित प्रतिवेदन नियमित रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बॉर्डर से जुड़े हुए प्रखंडों पर विशेष फोकस करें।

### माता की रसोई में 80 से अधिक जरूरतमंदों को कराया गया भोजन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर, सीतामढ़ी धाम में मंगलवार को जुलाई माह के अंतिम मंगलवार के अवसर पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार "माता की रसोई" का आयोजन श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संध्या 7:30 बजे मंदिर परिसर में माता वैष्णो देवी की विशेष पूजा-अर्चना एवं भव्य आरती से हुआ। मंदिर समिति, लायंस क्लब सीतामढ़ी सेंट्रल के सदस्यों तथा उपस्थित श्रद्धालुओं ने माता रानी को चावल, दाल, आलू-परवल, चने की रसेदार सब्जी एवं भुनी हुई मिर्च का भोग अर्पित किया। इसके उपरांत मंदिर अतिथि गृह में पाटिया पर बैठाकर 80 से अधिक जरूरतमंदों को श्रद्धापूर्वक भरपेट भोजन कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माता रानी की कृपा से सेवा, समर्पण और मानवता का संदेश समाज तक पहुंचाना रहा। इस सेवा कार्य का संचालन लायंस क्लब सीतामढ़ी सेंट्रल के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में लायन संजय कुमार सिन्हा (अध्यक्ष, मां वैष्णो देवी सेवा मंडल), लायन डॉ. हिमांशु कुमार, लायन लक्ष्मी सिंह, लायन राकेश कुमार, लायन राजीव रंजन, राजीव कुमार राजा बरिया (भाजपा नेता एवं महासचिव, मां वैष्णो देवी सेवा मंडल), सुजय कुमार 'पप्पू' (सदस्य, मां वैष्णो देवी सेवा मंडल) तथा समाजसेवी रोहित कुमार की सक्रिय एवं सराहनीय भागीदारी रही। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं ने सेवा को ही सच्ची भक्ति बताते हुए भविष्य में भी नियमित रूप से ऐसे जनसेवा कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।



भोजन परोसते लायंस क्लब के सदस्य व अन्य श्रद्धालु।

# योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से लक्षित लाभुकों तक पहुँचना चाहिए : जिलाधिकारी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में जिला विकास एवं समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त सुश्री श्वेता भारती, अपर समाहर्ता संजीव कुमार के साथ सभी विभागों के जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे जबकि अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े हुए थे। बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रुन्नीसैदपुर का एक दिन का वेतन स्थगित रखने का निर्देश दिया गया।

आपूर्ति विभाग के समीक्षा के क्रम में बताया गया कि नए राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य 44915 के विरुद्ध अब तक 40142 आवेदन प्राप्त हुए हैं। निर्देश दिया गया कि छूटे हुए लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करें। टीबी मुक्त भारत अभियान में निर्धारित लक्ष्य के प्राप्ति के निमित सभी बीडीओ, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के साथ बैठक कर इसके अद्यतन प्रगति की समीक्षा करें।



समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में जिला विकास एवं समन्वय समिति की बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी रिची पाण्डेय।

जिलाधिकारी ने कहा कि योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से लक्षित लाभुकों तक पहुँचना चाहिए तथा कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रखंड स्तरीय विधि-व्यवस्था समन्वय समिति एवं प्रखंड स्तरीय विकास समन्वय समिति की बैठक नियमित एवं अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए तथा बैठक की कार्यवाही समय पर जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराई जाए। संभावित जल संकट की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी श्री रिची पांडेय ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी चापाकलों एवं नल-जल योजनाओं को हर हाल में क्रियाशील रखा जाए तथा खराब जलापूर्ति योजनाओं की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित की जाए।

**जिला विकास एवं समन्वय समिति की बैठक में दिए गए कई आवश्यक दिशा-निर्देश**

जल संकट संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखी जाय।जिलाधिकारी ने शिकायतों के त्वरित निष्पादन तथा बिजली विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी प्रखंडों के पदाधिकारियों को नियमित क्षेत्र भ्रमण कर स्थिति की निगरानी करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन को सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता, नल-जल योजनाओं की कार्यशीलता, कृषि फीडर के माध्यम से विद्युत आपूर्ति तथा सामान्य विद्युत व्यवस्था का आकलन कर विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्था की पूर्व तैयारी रखने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में सीमावर्ती बाजारों एवं पंचायतों में संचालित दवा दुकानों के स्टॉक सत्यापन, औषधियों की उपलब्धता तथा वैध लाइसेंस संबंधी जांच नियमित रूप से कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनहित से जुड़े प्रतिष्ठानों की निगरानी में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए।

# कामरेड चारु मजुमदार के शहादत दिवस पर माले कार्यालय में हुईं संकल्प सभा


संकल्प सभा में भाकपा माले के संस्थापक महासचिव का.चारू मजुमदार को श्रद्धांजलि देते पार्टी के सदस्य गण।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नक्सलबाडी. आंदोलन के प्रणेता और भाकपा-माले के संस्थापक महासचिव का.चारु मजुमदार के 54वें शहादत दिवस पर माले जिला कार्यालय में संकल्प श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। एक मिनट का मौन रख कर का.चारू मजुमदार सहित सभी शहीदों और पिछले दिनों दिवंगत पार्टी के पूर्व राज्य सचिव का.नंदकिशोर प्रसाद, ऐक्टू के राज्य महासचिव का.आर एन ठाकुर और पार्टी के केन्द्रीय कमिटी सदस्य व किसान नेता का. प्रेम सिंह गहालावत को श्रद्धांजलि दी गई और पुष्पांजलि अर्पित किया गया।

पार्टी केन्द्रीय कमिटी द्वारा जारी आह्वान पत्र का पाठ किया गया तथा फासीवादी सांप्रदायिक कॉरपोरेट हमले के खिलाफ लोकतंत्र, संविधान व जनअधिकारों की रक्षा के लिए चौतरफा आंदोलन तेज करने का संकल्प लिया गया। पार्टी के पूर्व जिला सचिव कृष्णमोहन ने कार्यक्रम का संचालन किया। मौके पर वरिष्ठ संस्कृति कर्मी कामेश्वर प्रसाद, आइसा नेता नीरज कुमार गुप्ता, खेग्रामस राज्य सचिव शत्रुघ्न सहनी, अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह, सहारा संघर्ष मोर्चा के राज्य अध्यक्ष ललित कुमार, मुकेश कुमार, पार्टी नगर कमिटी सदस्य राजकिशोर प्रसाद, विजय गुप्ता, कर्मचारी नेता वीरेन्द्र चौधरी, दिनेश दास, पार्टी कार्यकर्ता धनंजय कुमार, मुन्ना कुरैशी सहित अन्‍ कार्यकर्ता शामिल थे।

### बाल श्रम, मानव तस्करी, बंधुआ मजदूरी एवं बाल विवाह मुक्त सीतामढ़ी के लिए

# सामुदायिक सहभागिता पर विशेष सेमिनार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में संचालित "नया सवेरा अभियान-3.0" के तहत सीतामढ़ी पुलिस एवं अदिथी कवच परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) मो. नजीब अनवर के निर्देशन तथा पुलिस निरीक्षक सह शाखा प्रभारी, मानव तस्करी निरोध इकाई, सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में "बाल श्रम, मानव तस्करी, बंधुआ मजदूरी एवं बाल विवाह मुक्त सीतामढ़ी के निर्माण में समुदाय की भूमिका" विषय पर श्री जागेश्वर उच्च माध्यमिक विद्यालय, भुतही के सभा कक्ष में एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार का उद्देश्य समुदाय, विद्यालय, पंचायत एवं प्रशासन के समन्वित प्रयासों से बाल संरक्षण को मजबूत करना तथा बाल श्रम, मानव तस्करी, बंधुआ मजदूरी एवं बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए जनभागीदारी को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी, सोनबरसा मृत्युंजय कुमार ने कहा कि बाल संरक्षण केवल सरकारी तंत्र की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। पंचायत स्तर पर सक्रिय भागीदारी, समय पर सूचना एवं सामुदायिक निगरानी से बाल विवाह, बाल श्रम और मानव तस्करी जैसी घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है।

अंचल निरीक्षक परशुराम सिंह ने कहा कि किसी भी बच्चे के अधिकारों का हनन समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे मामलों की सूचना तत्काल पुलिस एवं संबंधित विभागों को देना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सुधांशु पाठक ने बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि बाल श्रम कानूनन दंडनीय अपराध है तथा प्रत्येक बच्चे को शिक्षा और सुरक्षित बचपन का अधिकार प्राप्त है। बाल अधिकार कार्यकर्ता मुकुंद कुमार चौधरी ने कहा कि बाल संरक्षण तभी प्रभावी होगा जब पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समितियाँ नियमित रूप से सक्रिय रहें, जोखिमग्रस्त बच्चों की पहचान करें, बाल विवाह एवं मानव तस्करी की आशंका वाले मामलों की समय पर सूचना दें तथा विद्यालय, आंगनबाड़ी, जीविका समूह, आशा कार्यकर्ता, पुलिस एवं प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर सामुदायिक निगरानी को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि जागरूक समुदाय ही बाल अधिकारों की सबसे मजबूत सुरक्षा कवच बन सकता है।

बिहार नव निर्माण फाउंडेशन के सचिव मो. कमर अख्तर ने सामाजिक सहभागिता पर बल देते हुए कहा कि बच्चों का सुरक्षित एवं सम्मानजनक बचपन सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक परिवार, विद्यालय और समुदाय की सक्रिय भूमिका आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान रामदेव भगत बलदेव चौधरी प्रोजेक्ट बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, भुतही तथा श्री जागेश्वर उच्च माध्यमिक विद्यालय, भुतही में आयोजित निबंध प्रतियोगिता के उत्कृष्ट बीस छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सेमिनार के समापन पर उपस्थित सभी अधिकारियों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों ने सीतामढ़ी जिले को बाल श्रम, मानव तस्करी, बंधुआ मजदूरी एवं बाल विवाह मुक्त बनाने तथा प्रत्येक बच्चे के अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय सहयोग देने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिहार नव निर्माण फाउंडेशन के सचिव मो. कमर अख्तर का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम में भुतही थाना की महिला हेल्पडेस्क प्रभारी अंबिका शर्मा, बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी रणवीर कुमार, अदिथी कवच परियोजना की प्रखंड समन्वयक शिव दुलारी देवी, प्रधानाध्यापक अकील अहमद आसी (रामदेव भगत बलदेव चौधरी प्रोजेक्ट बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, भुतही), प्रधानाध्यापक पंकज कुमार केशव (श्री जागेश्वर उच्च माध्यमिक विद्यालय, भुतही) सहित विद्यालय परिवार, स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं 700 से अधिक छात्र-छात्राओं और स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की।

# संत रविदास जयंती पर भाजपा का समरसता संकल्प अभियान

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में 29 जुलाई (गुरु पूर्णिमा) से 20 फरवरी 2027 (माघी पूर्णिमा) तक देशव्यापी "समरसता संकल्प अभियान" चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता एवं विकसित भारत के संकल्प को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपलाल बघेला ने बताया कि अभियान के तहत "समरसता दीप महोत्सव", कलश वंदन अभियान तथा श्री गुरु रविदास महाराज समरसता यात्रा जैसे अनेक भव्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर (वाराणसी) की पवित्र मिट्टी से भरे कलश देश के प्रत्येक प्रदेश, जिला, मंडल एवं गांव तक पहुंचाए जाएंगे।


प्रेस वार्ता में जानकारी देते भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपलाल बघेला व पार्टी के अन्य नेता।

उन्होंने बताया कि 5 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक डेरा सचखंड बल्लां (जालंधर) से श्री गुरु रविदास महाराज की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर (वाराणसी) तक "श्री गुरु रविदास महाराज समरसता यात्रा" निकाली जाएगी। यात्रा के माध्यम से संत रविदास के समता, सामाजिक न्याय, मानवता, सेवा और सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा तथा सामाजिक समरसता और विकसित भारत के निर्माण के लिए जनजागरण किया जाएगा।

**गुरु पूर्णिमा से शुरू होंगे भव्य आयोजन**

श्री बघेला ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज केवल किसी एक समाज के संत नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के महान पथप्रदर्शक, भक्ति आंदोलन के प्रमुख संत, श्रेष्ठ समाज सुधारक और महान आध्यात्मिक चिंतक थे। उनका जीवन सामाजिक समानता और मानव कल्याण का प्रेरक संदेश देता है। भाजपा नेता तरुण चुग के हवाले से जानकारी देते हुए बताया गया कि अभियान का शुभारंभ 29 जुलाई 2026 को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर होगा। इस दिन संध्या समय देशभर के मंदिरों में "समरसता दीप महोत्सव" के अंतर्गत 51 हजार स्थानों पर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। वहीं 29 जुलाई से 10 सितंबर 2026 तक श्री गुरु रविदास महाराज कलश वंदन अभियान संचालित किया जाएगा। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवेन्दु किशोर सिंह, जिला महामंत्री चुनचुन सिंह, कार्यालय सह मंत्री विनोद वालिया तथा मीडिया प्रभारी सह जिला प्रवक्ता रमण कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# टीईटी, सक्षमता और शिक्षक योग्यता परीक्षा : बदलाव के दौर में न्याय, गुणवत्ता और विश्वास की सबसे बड़ी परीक्षा

भारतीय शिक्षा व्यवस्था आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहाँ एक ओर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की चुनौती है, तो दूसरी ओर लाखों शिक्षकों के वैध अधिकारों, सेवा सुरक्षा और सम्मान को बनाए रखने की जिम्मेदारी भी है। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) द्वारा न्यायालय में दायर हलफनामे में 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता लागू नहीं होने संबंधी स्पष्टता ने पूरे देश में एक नई बहस को जन्म दिया है। यह बहस केवल टीईटी तक सीमित नहीं है, बल्कि बिहार में आयोजित सक्षमता परीक्षा, शिक्षक योग्यता परीक्षा और शिक्षा सुधार की व्यापक प्रक्रिया से भी गहराई से जुड़ी हुई है। अन्य राज्यों की सरकार की ओर से एनसीटीई के हलफनामे ने एक महत्वपूर्ण सिद्धांत को पुनः रेखांकित किया है कि जिस समय जो नियम लागू थे, उसी के आधार पर की गई नियुक्तियों को बाद में लागू किए गए पात्रता मानकों से सामान्यतः नहीं जोड़ा जा सकता। यह केवल कानूनी तर्क नहीं, बल्कि संवैधानिक न्याय का भी मूल आधार है। किसी व्यक्ति को उस नियम के आधार पर दंडित नहीं किया जा सकता, जो उसके नियुक्ति काल में अस्तित्व में ही नहीं था।

यहीं से बिहार की वर्तमान परिस्थितियों को समझना आवश्यक हो जाता है। बिहार में पिछले कुछ वर्षों के दौरान शिक्षा सुधार की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इनमें स्थानीय निकाय शिक्षकों के लिए आयोजित सक्षमता परीक्षा तथा राज्य स्तर पर विभिन्न शिक्षक योग्यता परीक्षाओं का विशेष महत्व रहा है। राज्य सरकार का उद्देश्य शिक्षकों की क्षमता, दक्षता और शैक्षणिक गुणवत्ता को मजबूत करना है, ताकि विद्यालयों में सीखने का स्तर बेहतर हो सके और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि गुणवत्ता सुधार की प्रक्रिया में शिक्षकों की गरिमा और वर्षों की सेवा को कमतर नहीं आँका जाए। बिहार के हजारों शिक्षक ऐसे हैं जिन्होंने अत्यंत सीमित संसाधनों, जर्जर भवनों, शिक्षण सामग्री के अभाव और कठिन परिस्थितियों में भी पीढ़ियों को शिक्षित किया है। आज जिन विद्यार्थियों ने प्रशासन, चिकित्सा, अभियंत्रण, सेना, न्यायपालिका और अन्य क्षेत्रों में सफलता प्राप्त की है, उनकी नींव इन्हीं शिक्षकों ने तैयार की है। इसलिए किसी भी सुधार प्रक्रिया में अनुभव और योगदान का सम्मान होना चाहिए।

सक्षमता परीक्षा का मूल उद्देश्य भी किसी शिक्षक को अपमानित करना नहीं, बल्कि उसकी शैक्षणिक क्षमता को प्रमाणित करना और उसे नई व्यवस्था के अनुरूप सशक्त बनाना बताया गया है। इसी प्रकार शिक्षक योग्यता परीक्षा का उद्देश्य भी न्यूनतम गुणवत्ता मानक सुनिश्चित करना है। लेकिन इन परीक्षाओं को लेकर समय-समय पर जो असमंजस, आशंकाएँ और विवाद उत्पन्न हुए हैं, उन्होंने यह प्रश्न भी खड़ा किया है कि क्या शिक्षा सुधार केवल परीक्षा आधारित होना चाहिए या सतत प्रशिक्षण आधारित भी होना चाहिए।

वास्तविकता यह है कि एक उत्कृष्ट शिक्षक केवल परीक्षा पास करके नहीं बनता। शिक्षक बनने के लिए विषय ज्ञान के साथ-साथ संवेदनशीलता, धैर्य, संवाद कौशल, सामाजिक समझ, बाल मनोविज्ञान की जानकारी और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण की भी आवश्यकता होती है। यदि केवल परीक्षा ही गुणवत्ता का अंतिम पैमाना होती, तो दशकों से उत्कृष्ट कार्य करने वाले अनेक शिक्षक कभी आदर्श शिक्षक नहीं बन पाते। दूसरी ओर यह भी सत्य है कि बदलते समय में शिक्षकों को नई तकनीक, डिजिटल शिक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शिक्षण संसाधनों और आधुनिक शैक्षणिक पद्धतियों से परिचित होना ही होगा।

यही कारण है कि बिहार में सक्षमता परीक्षा और शिक्षक योग्यता परीक्षा को केवल मूल्यांकन के औजार के रूप में नहीं, बल्कि शिक्षक सशक्तिकरण के व्यापक अभियान के रूप में देखने की आवश्यकता है। यदि परीक्षा के साथ प्रशिक्षण, अकादमिक सहयोग, डिजिटल संसाधन और पेशेवर विकास की व्यवस्था जुड़ी होगी, तो उसका परिणाम अधिक सकारात्मक होगा। लेकिन यदि परीक्षाएँ केवल भय, असुरक्षा और विभाजन का वातावरण उत्पन्न करेंगी, तो शिक्षा सुधार का मूल उद्देश्य कमजोर पड़ सकता है।

एनसीटीई के हलफनामे से निकलने वाला सबसे बड़ा संदेश यही है कि शिक्षा सुधार और न्याय एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। गुणवत्ता बढ़ाने के लिए नए मानक आवश्यक हैं, लेकिन वैध अधिकारों की रक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। बिहार में भी यही संतुलन सबसे महत्वपूर्ण होगा। एक ओर नई पीढ़ी को सक्षम, प्रशिक्षित और आधुनिक शिक्षकों की आवश्यकता है, तो दूसरी ओर वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के अनुभव, अधिकार और सम्मान की भी रक्षा होनी चाहिए।

# सम्राट सरकार के 100 दिन : सेवा, संकल्प और समर्पण के नए युग का शंखनाद



डा. संजय मयूख

*(लेखक बिहार विधान परिषद के सदस्य तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं।)*

सत्ता का वास्तविक मूल्य उसके वर्षों में नहीं, बल्कि उन प्रारंभिक दिनों में निहित होता है, जब संकल्प नीतियों का रूप लेते हैं और नीयत जनता के विश्वास में परिवर्तित होने लगती है। किसी भी नई सरकार के पहले 100 दिन केवल प्रशासनिक उपलब्धियों का लेखा-जोखा नहीं होते, बल्कि वे उसके चरित्र, कार्यशैली और भविष्य की दिशा का उद्घोष होते हैं।

बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने अपने कार्यकाल के 100 दिन पूरे करते हुए केवल शासन का संचालन नहीं किया है, बल्कि विकास, सुशासन और जनसेवा के एक नए अध्याय का शंखनाद किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प में विकसित बिहार की निर्णायक भूमिका है। इसी राष्ट्रीय दृष्टि, नीतीश कुमार के दूरदर्शी मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के ऊर्जावान नेतृत्व के समन्वय ने इन 100 दिनों को बिहार के भविष्य की एक सशक्त प्रस्तावना बना दिया है। कार्यभार संभालते ही जिस गति और स्पष्टता के साथ निर्णय लिए गए, उन्होंने यह संकेत दे दिया है कि बिहार अब विकास की बुलेट ट्रेन पर सवार होकर नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार है।

नीतीश कुमार ने वर्षों के अथक प्रयासों से बिहार में सुशासन की जो सुदृढ़ आधारशिला रखी, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में वही आधार अब आधुनिक, आत्मनिर्भर और विकसित बिहार के निर्माण का मजबूत स्तंभ बन रहा है। इन 100 दिनों में राज्य सरकार ने रोजगार, शिक्षा, कृषि, निवेश और प्रशासनिक सुधारों के क्षेत्र में जिस तीव्रता और दूरदृष्टि के साथ निर्णय लिए हैं, वे स्पष्ट संकेत देते हैं कि नया बिहार उद्यमशीलता, तकनीक और सुशासन के बल पर अपनी ऐतिहासिक पहचान को पुनः स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है।

### औद्योगिक क्रांति, बुनियादी ढांचा और रोजगार का नया सवेरा

किसी भी राज्य की समृद्धि उसके औद्योगिक वातावरण और निवेश पर निर्भर करती है। वर्षों तक बिहार के सामने सबसे बड़ी चुनौती युवाओं का रोजगार के लिए पलायन रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार ने इसी मूल समस्या पर प्रहार करते हुए वर्ष 2030 तक राज्य में पाँच लाख करोड़ रुपये के औद्योगिक निवेश का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। यह केवल निवेश का आंकड़ा नहीं, बल्कि बिहार के युवाओं को अपने ही राज्य में सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराने का दृढ़ संकल्प है।

निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने लालफीताशाही को कम करते हुए प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और निवेशक-अनुकूल बनाया है। शहरीकरण को नई दिशा देने के उद्देश्य से राज्य में 12 अत्याधुनिक टाउनशिप विकसित करने की घोषणा की गई है। यह पहल न केवल आधारभूत संरचना और रियल एस्टेट क्षेत्र को नई गति देगी, बल्कि लाखों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी सृजित करेगी।

राज्य राजमार्गों, पुलों और सड़कों के निर्माण में भी अभूतपूर्व तेजी लाई गई है। पर्यटन के क्षेत्र में बिहार की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए हेली टूरिज्म की शुरुआत एक महत्वपूर्ण पहल है, जो देश-विदेश के पर्यटकों को राज्य के प्रमुख धार्मिक एवं सांसतिक स्थलों से जोड़ेगी।

स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए बिहार के मेडिकल कलेज अस्पतालों का विकास अब लोक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत किया जाएगा। इस नीति के अंतर्गत राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 33 मेडिकल कॉलेज अस्पतालों का तीव्र गति से विकास प्रस्तावित है, जिससे लोगों को स्थानीय स्तर पर ही आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

### शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण : नए बिहार की मजबूत नींव

शिक्षा कभी बिहार की वैश्विक पहचान रही है। उसी गौरव को पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से सरकार ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रभावी क्रियान्वयन तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए 551 सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूलों की स्थापना की योजना शिक्षा क्षेत्र में

**मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में पूरे हुए ये 100 दिन केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि विकसित बिहार की यात्रा की सशक्त शुरुआत हैं। रोजगार सृजन, शिक्षा में तकनीकी नवाचार, किसानों की आय वृद्धि, निवेश, आधारभूत संरचना और सुशासन के क्षेत्र में इन शुरुआती दिनों में जो दिशा निर्धारित की गई है, वही आने वाले वर्षों में विकसित बिहार की मजबूत आधारशिला सिद्ध होगी।**

परिवर्तनकारी कदम है। उच्च शिक्षा को प्रत्येक युवा की पहुंच तक ले जाने के लिए 211 प्रखंडों में नए डिग्री कलेज खोलने का निर्णय लिया गया है।

तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में बिहार को अग्रणी बनाने के उद्देश्य से कई नए विश्वविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें देश का अपनी तरह का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विश्वविद्यालय भी शामिल है। यह पहल बिहार के युवाओं को भविष्य की वैश्विक चुनौतियों के अनुरूप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। वहीं शिक्षकों के लिए अंक आधारित पारदर्शी स्थानांतरण नीति ने वर्षों से चली आ रही अपारदर्शी व्यवस्था पर प्रभावी अंकुश लगाया है।

स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए नई रेफरल नीति लागू की गई है, ताकि मरीजों को समय पर उचित चिकित्सा उपलब्ध हो सके। महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण, जो नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की प्राथमिकताओं में सदैव शामिल रहा है, उसे और मजबूत करते हुए स्कूलों एवं कॉलेजों में पुलिस दीदी की तैनाती का निर्णय लिया गया है। यह पहल बेटियों में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण निर्मित करेगी। साथ ही स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए भी व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं।

### अन्नदाता का सम्मान, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पारदर्शी सुशासन

भारत की आत्मा गांवों में बसती है और बिहार की अर्थव्यवस्था का आधार कृषि है। कमजोर मानसून की परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ने किसानों के हित में प्रतिदिन 12 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिससे सिंचाई की समस्या के समाधान में बड़ी सहायता मिलेगी।

पारंपरिक खेती के साथ-साथ कृषि आधारित स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को इन नवाचारों से जोड़कर कृषि को आधुनिक और लाभकारी बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

सुशासन और प्रशासनिक जवाबदेही एनडीए सरकार की कार्यशैली का मूल आधार है। आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सहयोग शिविर प्रारंभ किए गए हैं, जिनमें 30 दिनों के भीतर जन-शिकायतों का निस्तारण अनिवार्य किया गया है। समयसीमा का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई का प्रावधान यह स्पष्ट करता है कि अब व्यवस्था जनता के प्रति अधिक जवाबदेह बन रही है।

सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में प्रत्येक माह की 10 तारीख को पेंशन दिवस घोषित किया गया है, जिससे बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को समय पर पेंशन उपलब्ध हो रही है। जुलाई माह में 1,100 मासिक पेंशन के रूप में डीबीटी के माध्यम से 97.84 लाख सामाजिक सुरक्षा लाभार्थियों के खातों में कुल 1,423.94 करोड़ की राशि हस्तांतरित की गई।

पंचायती राज व्यवस्था को और सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को ग्रामसभा की अनिवार्य बैठक तथा पंचायतों के परिसीमन की घोषणा लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं मुख्यमंत्री श्री चौधरी द्वारा अपने सरकारी आवास का नाम बदलकर लोक सेवक आवास करना केवल एक प्रतीकात्मक निर्णय नहीं, बल्कि इस विचार का सार्वजनिक उद्घोष है कि सरकार स्वयं को शासक नहीं, बल्कि जनता का सेवक मानती है।

**निष्कर्ष :** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में पूरे हुए ये 100 दिन केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि विकसित बिहार की यात्रा की सशक्त शुरुआत हैं। रोजगार सृजन, शिक्षा में तकनीकी नवाचार, किसानों की आय वृद्धि, निवेश, आधारभूत संरचना और सुशासन के क्षेत्र में इन शुरुआती दिनों में जो दिशा निर्धारित की गई है, वही आने वाले वर्षों में विकसित बिहार की मजबूत आधारशिला सिद्ध होगी।

एनडीए सरकार ने यह विश्वास मजबूत किया है कि जब केंद्र और राज्य में समान विकास दृष्टि वाली सरकारें कार्य करती हैं, तब योजनाएं फाइलों तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि धरातल पर उतरकर जनजीवन में परिवर्तन का माध्यम बनती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व, नीतीश कुमार का प्रशासनिक अनुभव और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की ऊर्जा एवं कार्यकुशलता यह त्रिवेणी बिहार के उज्ज्वल भविष्य की नई आशा बनकर उभरी है। बिहार अब ठहराव का नहीं, बल्कि तीव्र गति से विकास की ओर अग्रसर राज्य के रूप में अपनी नई पहचान गढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार है।

*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

# गुरु : ज्ञान से आत्मबोध तक

**आज का युग** सूचना का युग है। कुछ ही क्षणों में हम किसी भी विषय की असंख्य जानकारियाँ प्राप्त कर सकते हैं। ज्ञान अर्जित करने के लिए भी आज अनेक संस्थान, पुस्तकें और विशेषज्ञ उपलब्ध हैं। फिर भी एक प्रश्न आज पहले से अधिक प्रासंगिक हो उठा है, क्या केवल सूचना और ज्ञान ही जीवन के लिए पर्याप्त हैं यदि ऐसा होता, तो साधनों की इतनी प्रचुरता के बीच भी मनुष्य पहले से अधिक उलझा हुआ, अस्थिर और दिशाहीन क्यों दिखाई देता है।

भारतीय मनीषा इस प्रश्न का उत्तर प्रज्ञा में खोजती है। सूचना बुद्धि को समृद्ध कर सकती है, ज्ञान क्षमता का विस्तार कर सकता है, किंतु जीवन को दिशा देने वाली प्रज्ञा केवल अनुभव, साधना और सम्यक् मार्गदर्शन से विकसित होती है। यहीं से गुरु की भूमिका आरम्भ होती है।

भारतीय परंपरा के महान प्रसंग इस सत्य की पुष्टि करते हैं। नचिकेता के पास जिज्ञासा थी, हनुमान के पास अपार शक्ति थी, अर्जुन के पास अद्वितीय युद्ध कौशल था और मदालसा के पुत्र के भीतर आत्मचेतना का बीज था। इन चारों को बाहर से कुछ नया नहीं मिला, उन्हें मिला ऐसा मार्गदर्शन, जिसने उनके भीतर निहित सत्य को जागृत कर दिया। भारतीय परंपरा के प्रत्येक निर्णायक प्रसंग में गुरु केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि जीवन की दिशा बदलने वाली शक्ति के रूप में उपस्थित होते हैं।

कठोपनिषद्, रामचरितमानस, महाभारत और मार्कण्डेय पुराण, भारतीय ज्ञान परंपरा के ये सभी ग्रंथ गुरु-तत्व की महिमा को अपने अपने ढंग से उद्घाटित करते हैं। पात्र भिन्न हैं, परिस्थितियाँ भिन्न हैं, किंतु प्रत्येक कथा के केंद्र में एक ऐसा गुरु है, जो मनुष्य के भीतर सुप्त सत्य को जागृत करता है।

कठोपनिषद् का नचिकेता-यम संवाद इसका प्रथम उदाहरण है। नचिकेता मृत्यु के रहस्य को जानने के लिए यमराज के समक्ष उपस्थित होता है। यमराज उसे केवल मृत्यु का रहस्य नहीं बताते, बल्कि आत्मा की नित्यता का बोध कराते हैं। नचिकेता को सूचना नहीं, आत्मविद्या प्राप्त होती है।

रामचरितमानस में हनुमान अपनी अपार शक्ति को भूल जाते हैं। समुद्र लाँघने का प्रश्न सामने है, पर आत्मविश्वास सुप्त है। उस समय जाम्बवान उन्हें कोई नया वरदान नहीं देते, न कोई चमत्कार करते हैं। वे केवल उनकी भूली हुई सामर्थ्य का स्मरण कराते हैं। उसी क्षण हनुमान का आत्मविश्वास जाग उठता है और वे असंभव प्रतीत होने वाले कार्य को संभव कर दिखाते हैं। गुरु का कार्य नई शक्ति देना नहीं, शक्ति का बोध कराना है।

महाभारत में अर्जुन के पास गांडीव भी है, दिव्यास्त्र भी हैं और अद्वितीय युद्धकौशल भी। कमी केवल स्पष्ट दृष्टि की है। श्रीकृष्ण उन्हें कोई नया अस्त्र नहीं देते, वे उनके मोह का निवारण करते हैं। गीता का उपदेश युद्ध की रणनीति नहीं, दृष्टि का परिवर्तन है। दृष्टि बदलते ही वही अर्जुन, जो विषाद में बैठ गया था, अपने धर्म के निर्वहन के लिए खड़ा हो जाता है।

इसी प्रकार मार्कण्डेय पुराण में वर्णित माता मदालसा अपने शिशु को पालने में झुलाते हुए सांसारिक महत्वाकांक्षा का नहीं, आत्मविद्या का संस्कार देती हैं

शुद्धोसि बुद्धोसि निर्ञ्जनोसि।
संसारमाया-परिवर्जितोसि

तुम शुद्ध हो, ज्ञानस्वरूप हो, माया और समस्त दोषों से रहित हो। तुम्हारा वास्तविक स्वरूप संसार की माया से परे है, इसलिए अज्ञान और मोह के भ्रम में मत पड़ो, अपने शुद्ध आत्मस्वरूप को पहचानो।



**बी कृष्णा**

**(ज्योतिष, योग एवं आध्यात्मिक चिंतक)**

मदालसा का यह प्रसंग बताता है कि भारतीय संस्कृति में गुरु होना केवल आश्रम या गुरुकुल तक सीमित नहीं है। जहाँ जीवन को दिशा मिलती है, वहीं गुरु उपस्थित है। माता बालक की प्रथम गुरु है, क्योंकि वही उसके भीतर जीवन के प्रथम संस्कार, प्रथम मूल्य और प्रथम दृष्टि का निर्माण करती है। मदालसा ने अपने पुत्र का केवल पालन-पोषण नहीं किया, उसके भीतर आत्मचेतना का संस्कार डाला।

इन सभी प्रसंगों को एक सूत्र में पिरोकर देखें, तो एक गहरी बात सामने आती है। भारतीय परंपरा में गुरु का कार्य केवल ज्ञान देना नहीं, मनुष्य के भीतर सही दृष्टि का जागरण करना है। यमराज ने नचिकेता की जिज्ञासा को आत्मविद्या तक पहुँचाया, जाम्बवान ने हनुमान को उनकी विस्मृत शक्ति का स्मरण कराया, श्रीकृष्ण ने अर्जुन के मोह का निवारण किया और मदालसा ने बाल्यावस्था में ही आत्मचेतना का संस्कार दिया। चारों प्रसंगों में गुरु ने बाहर से कुछ नहीं जोड़ा, उन्होंने भीतर छिपी संभावनाओं को जागृत किया।

इन सभी प्रसंगों का निष्कर्ष भारतीय शिक्षा-दर्शन के मूल आदर्श में दिखाई देता है। यहाँ शिक्षा का उद्देश्य केवल विद्वान तैयार करना नहीं, बल्कि ऐसे तेजस्वी व्यक्तित्वों का निर्माण करना है, जो स्वयं भी ज्ञान के वाहक बन सकें। इसी भावना को गुरु-शिष्य परंपरा का प्रसिद्ध शान्ति मंत्र अभिव्यक्त करता है,

सह नाववतु।
सह नौ भुनक्तु।
सह वीर्य करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु।
मा विद्विषावहै

यहाँ गुरु अकेले अपने ज्ञान, अपने तेज या अपनी सिद्धि की कामना नहीं करता। उसकी प्रार्थना है, तेजस्विनावधीतमस्तु, हम दोनों का अध्ययन तेजस्वी हो। यह मैं नहीं, हम की संस्कृति है, अधिकार नहीं, सहयात्रा का आदर्श है। भारतीय गुरु शिष्य को अपने पीछे चलने वाला अनुयायी नहीं बनाता, बल्कि ऐसा व्यक्तित्व गढ़ता है जो स्वयं भी ज्ञान-परंपरा का संवाहक बन सके। गुरु का प्रकाश स्वयं तक सीमित नहीं रहता, वह अपने शिष्यों के माध्यम से पीढ़ी दर पीढ़ी प्रवाहित होता है।

इसी गुरु-तव का दार्शनिक शिखर श्वेताश्वतर उपनिषद् में मिलता है,

यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ।
तस्यैते कथिताः ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः
(श्वेताश्वतर उपनिषद् 6.23)

अर्थात् जिस व्यक्ति की ईश्वर में परम श्रद्धा हो और वही श्रद्धा गुरु के प्रति भी हो, उसके अंतःकरण में जीवन और शास्त्रों का गूढ़ तत्व स्वयं प्रकाशित होने लगता है।

उपनिषद् का यह कथन अत्यंत गहन है। गुरु सत्य का सृजन नहीं करता, वह सत्य के साक्षात्कार की पात्रता जगाता है। इसलिए भारतीय परंपरा में गुरु का महव उसके ज्ञान के विस्तार में नहीं, बल्कि उसकी उस क्षमता में है, जिससे वह शिष्य के भीतर सुप्त चेतना को जागृत कर देता है।

यही भारतीय गुरु परंपरा का सार है। गुरु वह नहीं जो हमारे स्थान पर जीवन जी दे या हमारे लिए उत्तर खोज देय गुरु वह है जो हमारे भीतर ऐसी दृष्टि जगा दे, जिससे हम स्वयं सत्य को पहचान सकें। गुरु हमें नया सत्य नहीं देता, वह सत्य को देखने की दृष्टि देता है। और जब दृष्टि बदल जाती है, तब ज्ञान जीवन का अनुभव बन जाता है, अनुभव आत्मबोध में परिणत होता है और मनुष्य केवल शिक्षित नहीं, बल्कि प्रबुद्ध हो उठता है।

*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

# सैमसंग ने पेश किए एआई से लैस स्मार्ट ग्लासेज

**अब चश्मे के जरिए मिलेगा गैलेक्सी इकोसिस्टम का अनुभव, जेंटल मॉन्स्टर और वार्बी पार्कर के साथ मिलकर तैयार किए गए स्मार्ट ग्लासेज, यूजर की पर्सनल स्टाइल के साथ देंगे एआई आधारित स्मार्ट सहायता**

**सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स** ने लंदन में आयोजित गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट के दौरान अपने नए इंटेलिजेंट आईवेयर (स्मार्ट ग्लासेज) पेश किए। गूगल आई ओ में पेश किए गए कन्सेप्ट को आगे बढ़ाते हुए कंपनी ने इन्हें वैश्विक आईवेयर ब्रांड जेंटल मॉन्स्टर और वार्बी पार्कर के सहयोग से विकसित किया है। ये स्मार्ट ग्लासेज दिखाते हैं कि गैलेक्सी इकोसिस्टम अब सिर्फ स्मार्टफोन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी, कामकाज, यात्रा और अन्य हैंड्स-फ्री गतिविधियों का भी हिस्सा बनेगा।

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के मोबाइल एक्सपीरियंस (एमएक्स) बिजनेस के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर वन-जून चोई ने कहा, एजेंटिक एआई मोबाइल अनुभवों को नई दिशा दे रहा है। अब अगला कदम इन अनुभवों को और सहज बनाना है, ताकि वे हर यूजर की जरूरत और परिस्थिति के अनुरूप काम कर सकें। स्मार्ट ग्लासेज इंटरैक्शन का एक नया माध्यम हैं, जो एआई आधारित व्यक्तिगत सहायता को स्वाभाविक रूप से लोगों की रोजमर्रा की जिं का हिस्सा बनाते हैं।

**नया इंटेलीजेंट आईवेयर एक्सपीरियंस :** सैमसंग ने इन स्मार्ट ग्लासेज को रोजाना आराम से पहनने लायक डिजाइन किया है। इनमें हल्का फ्रेम, पतली बनावट और लंबी बैटरी लाइफ दी गई है। कंपनी के अनुसार, ये एक बार चार्ज करने पर करीब नौ घंटे तक काम करते हैं, जबकि चार्जिंग केस की मदद से इन्हें




सात बार अतिरिक्त फुल चार्ज किया जा सकता है। स्मार्ट ग्लासेज में लगा इन-बिल्ट कैमरा यूजर के सामने मौजूद दृश्य को समझकर एआई को बेहतर संदर्भ उपलब्ध कराता है। वहीं, स्नैपड्रैगन एआर1 जेन1 प्लेटफॉर्म रियल-टाइम एआई प्रोसेसिंग को सपोर्ट करता है। इसके साथ ही टच कंट्रोल, बेहतर कनेक्टिविटी, कम बिजली खपत और प्रभावी हीट मैनेजमेंट जैसी सुविधाओं को कम्पैक्ट फ्रेम में ही शामिल किया गया है।

गूगल में एंड्रयड इकोसिस्टम के प्रेसिडेंट समीर सामत ने कहा, गूगल और सैमसंग की साझा सोच एआई को इस तरह लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाना है कि वह हर परिस्थिति में उपयोगी साबित हो। एंड्रयड एक्सआर प्लेटफॉर्म पर तैयार किए गए ये स्मार्ट ग्लासेज विश्वस्तरीय डिजाइन को जेमिनी की उन्नत एआई क्षमताओं के साथ जोड़ते हैं। यूजर जो देख रहा होता है, उसके अनुसार यह एआई स्वाभाविक रूप से प्रतिक्रिया देता है और पूरे दिन बिना हाथों का इस्तेमाल किए मदद उपलब्ध कराता है। इस अनुभव को जल्द से जल्द अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने को लेकर हम उत्साहित हैं।

**स्मार्ट ग्लासेज के प्रमुख फीचर्स :** मौके पर ही मिलेगी स्मार्ट मदद, स्मार्ट ग्लासेज लंबे मैसेज का सार बता सकेंगे, जरूरी जानकारी पढ़कर सुना सकेंगे और लाइव ट्रांसलेशन की सुविधा भी देंगे। यूजर आवाज या आसान जेस्चर के जरिए इन्हें कंट्रोल कर सकेंगे, जिससे बिना हाथों का इस्तेमाल किए डिवाइस का उपयोग करना आसान होगा। जरूरत पड़ने पर स्मार्ट ग्लासेज यूजर के सामने मौजूद दृश्य, जैसे व्हाइटबोर्ड या मीटिंग के दौरान हुई चर्चा को कैप्चर कर सकेंगे। इसके बाद अहम जानकारियों को नोट्स में व्यवस्थित कर दिया जाएगा, जिससे बाद में उन्हें देखना, साझा करना और उन पर आगे काम करना आसान होगा।

## प्रवचन

# अश्लील दृश्यों से उत्पन्न होते है मानसिक विकार : जीयर स्वामी

**अच्छी संगति से जिंदगी और मृत्यु हो जाती मंगलमय**

**जीवन को सही रास्ते पर सवांर देता है संतों का संग**

**पांचों अंगुलियों से नहीं करें हवन**

अश्लील दृश्यों को देखने से मस्तिष्क में कुविचार उत्पन्न होते हैं। अश्लील दृश्य, अश्लील गीत व अश्लील वार्ता से मन में विकृति पैदा होती है, जिसकी स्मृति से चेतन मन में स्थायी रूप अंकित हो जाती है। इसके कारण सामान्य जीवन में विचलन का भय रहता है। मानव जीवन अपने उद्देश्यों से भटक जाता है। परिवार, समाज एवं देश के स्तर पर अश्लील दृश्य एवं अश्लील गीतों के प्रति वर्जनात्मक संवेदनशीलता बरतनी चाहिए। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कही।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

स्वामी जी ने कहा कि अजामिल कनौज क्षेत्र के सदाचारी ब्राह्मण थे। वे दिनचर्या के तहत पूजा का फूल और तुलसी पत्र लेने वाटिका में गये थे। वहॉं उन्होंने एक लम्पट व्यक्ति को वेश्या के साथ अस्त-व्यस्त स्थिति में देखा। यह दृश्य उनके मानस-पटल में बैठ गया। कुछ दिन उसी दृश्य की स्मृति में रमने के बाद वे भी वेश्यागामी हो गये। अपनी पत्नी एवं संतान को घर से निकाल कर वेश्या को स्थायी रुप से घर में बैठा दिये। पूजा-पाठ एवं जपादि धार्मिक कृतियों से विमुख हो गये। अपनी सम्पति समाप्त होने के बाद जीवन चापन के लिए चोरी-डकैती का सहारा लेने लगे। मानव मन विषय सुख में अधिक रमना है। जिस वस्तु में मन रमे, वह प्रेय तो है लेकिन श्रेय नहीं है। मन को प्रिय माने वाली वस्तु व्याज्य है। उनका नतीजा अधोगामी है। जिससे पालोक बनता है उसमें मन रमन नहीं करता। मन को प्रसन्न करने वाली वस्तु से दूर रहना चाहिए।

उस वेश्या से नौ संतानें उत्पन्न हुई। दसवीं संतान के गर्भ में आने के बाद तीर्थ-यात्रा पर निकले संतों का एक समूह एक दिन अजामिल के घर पहुंचा। उसकी वेश्या पत्नी ने संतों का सत्कार किया। जाते वक्त संतों ने आग्रह कि दसवीं पुत्र का नाम नारायण रखना। अजामिल का उस पुत्र में आसक्ति बढ़ गयी और मृत्यु के समय जब यमदूत आये तो अजामिल डर से नारायण-नारायण पुकारने लगा। यमदूत नारायण भक्त जान लौट गये और विष्णु गण उसे ले गये, जिससे उसकी मुक्ति हो गयी।

स्वामी जी ने कहा कि एक बार का अश्लील दृश्य अजामिल के जीवन को विद्रूप कर दिया। दूसरी तरफ संतों का मात्र एक दिन का सान्निध्य उसके जीवन को मंगलमय बना दिया।

स्वामी जी ने कहा कि धर्म को जान कर करना चाहिए। बिना जाने नहीं। जैसे हवन करना धर्म है, लेकिन पॉंचों अंगुलियों के साथ आहुति नहीं देनी चाहिए। हवन और जाप में सिर्फ तीन अंगुलियां अंगुठा, मध्यमा और अनामिका का सहारा लेना चाहिए। यानी तीन अंगुलियों से ही हवन ओर जाप करनी चाहिये। तर्जनी और कनिष्का को अलग रखनी चाहिए। पॉंचों अंगुलियों से किया गया हवन से फल प्राप्ति नहीं होती है।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी की बाइक काटकर बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**कल्याणपुर(एनएसबी)।** कल्याणपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी की मोटरसाइकिलों के पार्ट्स अलग-अलग कर बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। छापेमारी के दौरान एक आरोपित को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके अन्य साथी फरार हो गए। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।थानाध्यक्ष विनित कुमार ने बताया कि सोमवार की संध्या गश्ती के दौरान सूचना मिली कि मननपुर गांव के वार्ड संख्या पांच निवासी बंका महतो एवं तेरस महतो अपने साथियों के साथ चोरी की मोटरसाइकिल खरीदकर उसके पार्ट्स अलग-अलग कर बेचने का अवैध कारोबार कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने मननपुर गांव में छापेमारी की, जहां बंका महतो को मोटरसाइकिल खोलते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया।छापेमारी के दौरान एक मोटरसाइकिल, आठ चेसिस, दो इंजन, 10 पेट्रोल टैंक, 11 साइलेंसर, चार पहिए, तीन लेगगार्ड, 23 शकर सहित बड़ी मात्रा में अन्य मोटरसाइकिल के पार्ट्स बरामद किए गए।पुलिस ने बरामद सामान को जब्त कर लिया है और फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष विनित कुमार, पुअनि मुकेश कुमार, रामप्रसाद महतो, रंजीत कुमार सिंह तथा पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### चोरी के बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** थाना पुलिस ने चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान राजू कुमार, पिता धनी लाल यादव, निवासी सरेया अहीर टोली, थाना पहाड़पुर, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष अजय कुमार के निर्देश पर एसआई वशिष्ठ कुमार के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से मोटरसाइकिल संख्या ठत-22-5631 बरामद की गई। पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मंगलवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में भी पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

### बदमाशो ने बाइक की डिक्की तोड़कर 5 लाख के आभूषण उड़ाए

**चकिया।** बेखौफ बदमाशो ने शहर के केसरिया रोड स्थित एक स्वर्ण व्यवसाई के बाइक की डिक्की तोड़कर उसमें रखे 5 लाख का आभूषण लेकर चंपत हो गया। पीड़ित व्यवसाई नगर परिषद वार्ड सात निवासी आदर्श कुमार ने थाना में आवेदन दिया है। जिसमें बताया है कि बीते सोमवार को देर शाम बालाजी ज्वेलर्स के पास बाइक लगाकर अपने दुकान का शटर बंद कर रहा था। बाइक की डिक्की में बैग में सोने का बाली, मंगलसूत्र, पायल बिछिया अन्य जेवर लगभग 5 लाख मूल्य का रखा था। इसी बीच अज्ञात बदमाशो ने बाइक की डिक्की तोड़कर उसमें रखे आभूषण वाला बैग लेकर फरार हो गया। जब आया तो देखा डिक्की खुला था व आभूषण वाला बैग गायब था। आस पास के लोगों से जानकारी मिली कि बाइक सवार दो बदमाश आया, एक ने बाइक का डिक्की तोड़ आभूषण से भरा बैग लेकर फरार हो गया।

### कारगिल विजय दिवस पर 71वीं वाहिनी एसएसबी में शहीदों को श्रद्धांजलि, देशभक्ति से गूंजा परिसर

**पीपराकोठी।** कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर मंगलवार को स्थानीय 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के मैदान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें माउंट लिटेरा जी स्कूल, मोतिहारी के छात्र-छात्राओं ने कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार के मार्गदर्शन और कमांडेंट (चिकित्सा) राजेश कुमार की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। अपने संबोधन में कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, पराक्रम और सर्वोच्च बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने कठिन परिस्थितियों में भी देश की सीमाओं की रक्षा कर अद्वितीय शौर्य का प्रदर्शन किया। कमांडेंट ने विद्यार्थियों से राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन का मूल मंत्र बनाने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से एसएसबी अधिकारियों को अंगवस्त्र और स्मृति-चि देकर सम्मानित किया गया। वहीं, 71वीं वाहिनी ने विद्यालय के सह-प्रबंधक को स्मृति-चि भेंट कर सम्मानित किया। दोनों संस्थानों ने शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रहित के कार्यों में आपसी सहयोग को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# तीन माह का माइक्रो प्लान बनाकर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दें : डीएम

**मोतिहारी(एनएसबी )।** सदर अस्पताल स्थित आरोग्य भवन सह पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में डीएम ने अगले तीन माह के लिए सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों का माइक्रो प्लान तैयार कर लक्ष्य निर्धारित करने तथा आम लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।बैठक में ओपीडी, आईपीडी, एएनसी, संस्थागत प्रसव, मातृ स्वास्थ्य, टीकाकरण एवं आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने कहा कि सरकार द्वारा सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं, इसलिए स्वास्थ्य संस्थानों में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।



समीक्षा करते डीएम, डीडीसी व सिविल सर्जन।

समीक्षा में बताया गया कि अप्रैल से जून के बीच जिले में ओपीडी में 16 लाख 10 हजार 401 मरीजों का पंजीकरण हुआ। सीएचसी मेहसी ने लक्ष्य का 115 प्रतिशत और रक्सौल ने 108 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की, जबकि सुगौली सीएचसी एवं रामगढ़वा पीएचसी का प्रदर्शन 50 प्रतिशत से भी कम रहा। इसी अवधि में आईपीडी में 92 हजार 700 मरीज भर्ती हुए, जिसमें रामगढ़वा पीएचसी 130 प्रतिशत उपलब्धि के साथ पहले स्थान पर रहा।एएनसी की समीक्षा के दौरान डीएम ने प्रथम से चौथे एएनसी तक गर्भवती महिलाओं की निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा में प्रथम एएनसी की उपलब्धि 90 प्रतिशत, चौथे एएनसी की 63 प्रतिशत तथा संस्थागत प्रसव मात्र 29 प्रतिशत पाया गया। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को आशा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सुधारात्मक कदम उठाने को कहा।सी-सेक्शन प्रसव की समीक्षा में पाया गया कि अप्रैल से जून तक सदर अस्पताल में 333 अपरेशन हुए, जबकि चकिया में 18 और रक्सौल में 13 सी-सेक्शन किए गए। अन्य किसी भी पीएचसी या सीएचसी में सी-सेक्शन नहीं होने पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए उपलब्ध संसाधनों के आधार पर सभी योग्य संस्थानों में यह सुविधा शुरू कराने का निर्देश दिया।

डेंगू की समीक्षा में बताया गया कि वर्ष 2026 में अब तक जिले में केवल चार मरीज मिले हैं। इनमें दो तुरकौलिया, एक केसरिया और एक चिरैया प्रखंड के हैं। डीएम ने जिन स्वास्थ्य केंद्रों में फगिंग मशीन नहीं है, वहां तत्काल खरीद सुनिश्चित करने तथा नियमित फगिंग कराने का निर्देश दिया।आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा में बताया गया कि जिले में अब तक 14 लाख 81 हजार 759 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। अरेराज पहले, रक्सौल दूसरे और हरसिद्धि तीसरे स्थान पर है, जबकि बंजरिया, सुगौली और कल्याणपुर की प्रगति सबसे कम रही। डीएम ने पात्र लाभुकों का अधिकाधिक आयुष्मान कार्ड बनाकर योजना का लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया।बैठक में उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार, सिविल सर्जन ड़ दिलीप कुमार सिंह, एसीएमओ ड़ एस़एऩ सत्यार्थी, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी सहित सदर अस्पताल एवं सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी बने निक्षय मित्र, टीबी के पांच मरीजों को लिया गोद

**मोतिहारी(एनएसबी )।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत मंगलवार को सदर अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने 100 टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें फूड बास्केट वितरित किया। अभियान के तहत गोद लिए गए मरीजों को अगले छह माह तक प्रत्येक माह पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।कार्यक्रम में जिलाधिकारी, अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त और सिविल सर्जन ने पांच-पांच टीबी मरीजों को गोद लिया। वहीं अनुमंडल पदाधिकारियों ने तीन-तीन तथा जिला स्तरीय अधिकारियों ने दो-दो मरीजों को गोद लेकर उनके पोषण की जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य देश से तपेदिक का पूरी तरह उन्मूलन करना है। उन्होंने बताया कि निक्षय मित्र पहल के माध्यम से समाज के सक्षम एवं जागरूक लोग टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके पोषण और उपचार में सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने जिलेवासियों से पूर्वी चंपारण को टीबी मुक्त बनाने के लिए निक्षय मित्र बनने



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

की अपील की।उन्होंने कहा कि जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा जिलेभर में टीबी मरीजों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह या उससे अधिक समय तक लगातार खांसी, सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, बलगम में खून, वजन कम होना, थकान, शाम के समय बुखार या रात में अधिक पसीना आने जैसे लक्षण हों तो वह बिना संकोच निकटतम सरकारी अस्पताल में निःशुल्क जांच कराए। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि तक नियमित दवा लेने से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार, सिविल सर्जन ड़ दिलीप कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश सहित सदर अस्पताल के चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## केविवि इकाई ने निकाला कारगिल विजय दिवस पर विजय जुलूस

**मोतिहारी(एनएसबी)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय इकाई द्वारा 27 जुलाई को कारगिल विजय दिवस पर विजय जुलूस निकाला गया । इस कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अभिषेक पांडेय ने कहा कि श्आज हम कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर उन वीर सैनिकों को श्रद्धापूर्वक नमन करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने कारगिल युद्ध में अद्भुत साहस, पराक्रम और सर्वोच्च बलिदान देकर भारत की विजय सुनिश्चित की और अमर हो गये। कारगिल विजय दिवस हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि है। हमारे वीर जवानों के त्याग और बलिदान के कारण ही हम आज स्वतंत्र और सुरक्षित जीवन जी रहे हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालय कार्य संयोजक पवन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि दुनिया की सबसे कठिन लड़ाईयों में से एक कारगिल की लड़ाई थी। दुर्गम चोटी पर बैठे दुश्मनों को हराकर भारत ने दुनिया के सामरिक इतिहास में अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराई है। इसका श्रेय हमारे देश के वीर सैनिकों को जाता है। कारगिल विजय दिवस हम सबको उनके शौर्य और बलिदान के साथ मातृभूमि के लिए अपना सब कुछ निछावर करने की प्रेरणा देता है। इसी क्रम में प्रमुख उत्तर बिहार प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य महेश कुमार ने कहा कि 26 जुलाई का दिन केवल कैलेंडर की एक तारीख नहीं है, बल्कि यह हमारे इतिहास का वह पन्ना है जो हमारे वीर जवानों के रक्त, शौर्य और स्वाभिमान से लिखा गया है।यह जलती हुई मोमबत्तियां केवल मोम और धागा नहीं, बल्कि शहीदों की याद में हमारे दिलों में जलती सम्मान की लौ का प्रतीक हैं।इस मौके पर उत्तर बिहार प्रांत,केन्द्रीय विश्वविद्यालय कार्य संयोजक पवन कुमार ,उत्तर बिहार प्रान्त मीडिया संयोजक नीतीश कुमार और विभाग संयोजक आयुष किशन के साथ अन्य कार्यकर्ता आशुतोष झा, आशुतोष कुमार गुप्ता,रिशु राज,शिवम सिंह श, अखिलेश सिंह आदि उपस्थित थे।




विजय जुलूस निकालते अभाविप के सदस्यगण।

## गवाहों से मारपीट मामले में तीन गिरफ्तार अन्य आरोपितों की तलाश जारी

**अरेराज(एनएसबी)।** अरेराज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत अंतर्गत बरवा वार्ड-12 में दर्ज एक आपराधिक मामले के गवाहों के साथ कथित मारपीट एवं धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अन्य नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। बरवा शर्मा टोला निवासी गुड्डू शर्मा ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि अरेराज थाना कांड संख्या 121÷26 के गवाहों को पिछले कई दिनों से लगातार धमकाया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि 27 जुलाई की शाम कुछ लोगों ने उनके मड़ईनुमा घर में पीछे से प्रवेश कर शराब की बोतल रख दी और पुलिस को झूठी सूचना देकर उन्हें फंसाने का प्रयास किया। आवेदन के अनुसार, पुलिस जांच के बाद लौट रही थी, तभी आरोपितों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस घटना में उनकी पत्नी उषा देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनके सिर में चार टांके लगे हैं तथा दाहिना हाथ टूट गया है। साथ ही उनके गले से मंगलसूत्र और नाक का सोने का आभूषण छीन लेने का भी आरोप लगाया गया है। घटना में किरण देवी का हाथ टूटने तथा उनके पुत्र अनिश कुमार और स्वयं गुड्डू शर्मा के घायल होने की बात भी आवेदन में कही गई है।पुलिस ने इस मामले में रवि शर्मा, सूरज कुमार और रंजन शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया है।थानाध्यक्ष प्रत्याशा कुमारी ने बताया कि मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शेष नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस ले सरकार : जिलाध्यक्ष

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से मंगलवार को बंजरिया स्थित गांधी आश्रम पंडाल में जिला अध्यक्ष ई शशि भूषण राय उर्फ गप्पू राय की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने छात्र आंदोलन के दौरान हुई कार्रवाई को लेकर सरकार की आलोचना करते हुए छात्रों पर दर्ज मामलों को वापस लेने और गिरफ्तार छात्रों की बिना शर्त रिहाई की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि छात्रों के आंदोलन पर दंडात्मक कार्रवाई और गिरफ्तारियां लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुकूल नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को युवाओं के रोजगार और शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, ताकि ऐसी परिस्थितियां दोबारा उत्पन्न न हों।उन्होंने दावा किया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा शिक्षा व्यवस्था को लेकर बढ़ते जन असंतोष का संकेत है। साथ ही शिक्षा सहित अन्य विभागों में जवाबदेही और व्यापक सुधार की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार को छात्रों के विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी वापस लेकर गिरफ्तार छात्रों को शीघ्र रिहा करना चाहिए।श्री राय ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस छात्रों के मुद्दों पर उनके साथ खड़ी रहेगी और न्याय मिलने तक आंदोलन का समर्थन जारी रखेगी। उन्होंने इस आंदोलन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भूमिका की भी सराहना कीस मौके पर मदन प्रसाद कुशवाहा, मो़ आसैदुर्रहमान खान, ऋषि सिंह, ड. जेयाउल हक, मो़ आबिद हुसैन, सत्येंद्र नाथ तिवारी, अमित कुमार, मो़ नेयाज अहमद खान, धनंजय तिवारी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।




पत्रकारों को सम्बोधित करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष व अन्य ।

# नशा मुक्त भारत अभियान : जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं संपन्न विजेता करेंगे राज्य स्तर पर पूर्वी चंपारण का प्रतिनिधित्व

**मोतिहारी(एनएसबी)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माय भारत (डल ठींतंज) एवं जिला प्रशासन, पूर्वी चंपारण के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को राजा बाजार स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराना था।कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी, जिला युवा पदाधिकारी अंकिता तथा जिला कला एवं संसति पदाधिकारी फारुख सिद्दीकी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने युवाओं से नशे से दूर रहकर समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने तथा नशा मुक्त भारत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, युवा क्लबों एवं संस्थानों के प्रतिभागियों ने वाद-विवाद, स्लोगन लेखन, स्लैम पोएट्री, पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक, नृत्य एवं वोकल म्यूजिक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतियोगिताओं में वाद-विवाद में रितिक राज, स्लोगन लेखन में खुशी कुमारी, स्लैम पोएट्री में विकास वर्मा, पेंटिंग में सुमित वर्मा, नुक्कड़ नाटक में आरडीपीजी रामगढ़वा की टीम, नृत्य में रेशमा देवी स्कूल तथा वोकल म्यूजिक में एमजेके गर्ल्स, मोतिहारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सामाजिक जनआंदोलन है, जिसमें युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से युवा समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बन सकते हैं।जिलाधिकारी ने प्रतिभागियों के उत्साह, अनुशासन एवं उत्ष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि पूर्वी चंपारण के युवाओं में समाज को नई दिशा देने की क्षमता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम के अंत में घोषणा की गई कि सभी प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पूर्वी चंपारण का प्रतिनिधित्व करेंगे।इस अवसर पर आईएएस प्रोबेशनर राज ष्ण झा, जिला युवा पदाधिकारी अंकिता, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी, जिला कला एवं संसति पदाधिकारी फारुख सिद्दीकी, माय भारत की जिला अकाउंटेंट रानू कुमारी सहित अन्य अधिकारी, निर्णायक मंडल, शिक्षक, स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आदित्य ने किया।




सम्मानित करते डीएम ।

## संक्षिप्त खबरें

### फतुहा इंडस्ट्रियल एरिया में बंद पड़ी जूस फैक्ट्री से 12 लाख की चोरी

### ताला तोड़कर उखाड़ ले गए 10 डाई और मोटर

**फतुहा ।** इंडस्ट्रियल एरिया स्थित शोदांबे फूड्स एंड बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेडश में चोरों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है। पानी, मैंगो और लीची जूस का उत्पादन करने वाली यह कंपनी पिछले काफी दिनों से बंद पड़ी हुई थी। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाशों ने लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय फतुहा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। कंपनी के मालिक चंद्र भूषण सिंह ने बताया कि बंद पड़ी इस फैक्ट्री में करीब 10 दिन पहले ही वे खुद आए थे और परिसर की पूरी जांच कर अच्छे से ताला लगाकर गए थे। लेकिन मंगलवार की सुबह जब कर्मचारियों की नजर पड़ी, तो मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ मिला। कंपनी बंद होने के कारण इस बीच चोरों ने कब इस घटना को अंजाम दिया, यह कहना फिलहाल मुश्किल है। कर्मचारियों से सूचना मिलते ही जब मालिक और पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तो अंदर का नजारा देखकर सब हैरान रह गए। जांच के दौरान पाया गया कि चोर फैक्ट्री से जूस और बोतल निर्माण में इस्तेमाल होने वाली 10 कीमती डाई, 5 मोटर और बिजली पैनल का चेंजओवर उखाड़ ले गए। इसके अलावा अफिस में रखे टीवी और फ्रिज गायब थे, वहीं कंप्यूटर और एसी को भी तोड़-फोड़ कर पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया। कंपनी मालिक के अनुसार इस पूरी वारदात में चोरों ने लगभग 12 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति पर हाथ साफ किया है। इधर, घटना की सूचना पर पहुंची फतुहा पुलिस ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया। हालांकि, शुरुआती जांच में पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगा है। फतुहा थानाध्यक्ष श्रीमंत सुमन ने बताया कि पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है और जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### करंट से किशोर की मौत मामला में पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर थाने पहुंचे परिजन, कार्रवाई की मांग

**फतुहा।** थाना क्षेत्र के कोल्हर गांव में सोमवार को करंट लगने से हुई 13 वर्षीय अमरजीत कुमार की मौत के मामले में मंगलवार को नया मोड़ आया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को गाड़ी में ही रखकर भारी संख्या में फतुहा थाने पहुंचे और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। अमरजीत के पिता ज्ञानी पासवान और मां रजनी देवी सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मंगलवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिजन और गांव के लोग शांत माहौल में शव के साथ सीधे थाने पहुंचे। मृतक की मां रजनी देवी ने थाने जाकर पुलिस को लिखित आवेदन सौंपा और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मामले में मृतक के चाचा मुन्ना कुमार ने गांव के ही एक व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि अमरजीत सोमवार दोपहर करीब 3 बजे घर से शौच के लिए निकला था। आरोप है कि गांव के एक व्यक्ति ने खेत पटवन के लिए आम रास्ते पर ही बिना किसी सुरक्षा के नंगा बिजली का तार बिछा रखा था। सार्वजनिक रास्ता होने के कारण जैसे ही अमरजीत वहां से गुजरा, वह उस नंगे तार की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि रास्ते पर इस तरह नंगा तार बिछाना खुली लापरवाही है। परिजनों ने पुलिस से पारदर्शी जांच कर दोषी पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इधर, थाने पर आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्राप्त आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और दोषियों पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर के छोटी सरइयागंज स्थित नवयुवक समिति ट्रस्ट के सभागार में नवयुवक समिति ट्रस्ट एवं नागरिक मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान मे भूतपूर्व राष्टपति एपीज़ेअब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। ड रमेश केजरीवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन मोहन प्रसाद सिंहा ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम



श्रद्धांजलि सभा में मंचासीन अतिथिगण।

की शुरूआत पूर्व राष्ट्रपति ड कलाम साहब के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ की। वकताओं ने कहा कि देश के पूर्व राष्ट्रपति ड ए पी जे अब्दुल कलाम साहब का निधन 27 जुलाई 2015 को शिलांग (मेघालय) मे हुआ था। जबकि उनका जन्म 15 अक्टुबर 1931 को रामेश्वरम मे हुआ था। अपने अध्यक्षीय संबोधन में स्व ड कलाम साहब को याद करते हुए रमेश केजरीवाल ने उनके व्यक्तित्व और तित्व पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा कि ड कलाम साहब 25 जुलाई 2002 से लेकर 25 जुलाई 2007 तक भारत के राष्ट्रपति रहे। राष्ट्र सेवा के क्षेत्र में उत्ष्ट काम करने के लिए उन्हें 1997 में सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सुशोभित किया गया। इस क्रम में अन् उपस्थित लोगो ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए स्व कलाम साहब के प्रति भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की तथा ड कलाम अमर रहे का नारा बुलंद किया। मौके पर समिति के उपाध्यक्ष रणवीर अभिमन्यु, डा़एच़एल गुप्ता, डा प्रदीप अग्रवाल, डा जगदीश शर्मा, डा हरिकिशोर सिंह, परमेश्वरी देवी, अरुण कुमार, डा दिनेश प्रसाद सिंहा, सुरेंद्र पासवान, सुरेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### नीमा के नवगठित उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल में शामिल किए गए डॉ. बिपिन बिहारी सहित 11 सदस्य, चिकित्सकों ने दी बधाई



डॉ. विपिन बिहारी।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** ठकटअ के अध्यक्ष ड प्रो दिनेश्वर प्रसाद एवं ड़ प्रेमलता की सहमति के उपरांत बिहार सरकार के विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने तथा भारतीय चिकित्सा पद्धति (करट) के चिकित्सकों के हितों की प्रभावी पैरवी के लिए 11 सदस्यीय उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल (द्दँ-छीí ऊीँड्मल्ल) का गठन किया गया है। इस प्रतिनिधिमंडल में ड़ प्रो दिनेश्वर प्रसाद, ड आलोक कुमार, ड़ अनिल कुमार सिंह, ड मजहर आलम, ड रंजन दुबे, ड मनोज कुमार शर्मा, ड अब्दुल खबीर, ड मृत्युंजय कुमार, ड एम कुमार, ड़ बिपिन बिहारी (मुजफ्फरपुर) एवं ड रवि प्रकाश को शामिल किया गया है। यह प्रतिनिधिमंडल राज्य सरकार के स्वास्थ्य, आयुष एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ नियमित संवाद स्थापित करेगा तथा करट चिकित्सकों से जुड़े मुद्दों, सुझावों एवं जनहितकारी कार्यों को सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेगा। वही इस प्रतिनिधिमंडल के गठन पर ड रीता वर्मा, ड उषा कुमारी, ड विकेश, ड शशिरंजन, ड नीलू, ड रुबी कुमारी, ड रितेश वर्मा सहित अनेक चिकित्सकों, पदाधिकारियों ने टीम में शामिल' सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### अतलखा पंचायत के प्रवेश द्वार निर्माण में बिजली चोरी का आरोप, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र की अतलखा पंचायत में नोनैती से सहशोल बाजार जाने वाले मार्ग पर 15वीं वित्त आयोग की योजना से बनाए जा रहे प्रवेश द्वार के निर्माण कार्य को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में अनियमितता एवं सरकारी बिजली की कथित चोरी तथा निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए जांच की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण स्थल के समीप लगे सरकारी ट्रांसफार्मर से टोका फंसाकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा है। उनका कहना है कि यदि यह आरोप सही पाया जाता है तो यह बिजली अधिनियम का उल्लंघन है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। बताया जाता है कि प्रवेश द्वार का निर्माण लगभग 9,98,700 की लागत से कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने निर्माण में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता की भी जांच कराने की मांग की है, ताकि सरकारी राशि का सही उपयोग सुनिश्चित हो सके। निर्माण स्थल पर कार्य कर रहे एक मिस्त्री ने बताया कि यह कार्य पंचायत की मुखिया रूपम मिश्रा के पति दीपक मिश्रा की देखरेख में कराया जा रहा है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि निर्माण कार्य में बिजली का उपयोग विधिवत विद्युत कनेक्शन के माध्यम से किया जा रहा है या अवैध रूप से। इस संबंध में लगाए गए आरोपों की अभी तक किसी सक्षम विभाग द्वारा आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, बिजली विभाग के संबंधित कर्मी ने बताया कि मामले की स्थल जांच कराई जाएगी और यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



### सहरसा जंक्शन से 45 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद, एक गिरफ्तार

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** रेलवे सुरक्षा बल ने सहरसा जंक्शन से 45 बोतल प्रतिबंधित सिरप बरामद किया है जिसकी कुल कीमत 7785,रुपये आंकी गई है।जानकारी अनुसार मंगलवार को रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार साथ में उनि सुजीत कुमार मिश्र,एवं प्रधान आरक्षी बीरेन्द्र कुमार, सहरसा रेलवे स्टेशन पर गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान प्लेटफार्म ऑन ड्यूटी स्टाफ सीटी दिलीप कुमार मंडल, रेसुब पोस्ट मिले सभी साथ होकर आगे बढे तो सहायक अवर निरीक्षक नेहा कुमारी, मद्य निषेध थाना सहरसा साथ स्टाफ सभी साथ मिलकर प्लेटफार्म संख्या-02 पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान समय दोपहर 2.20 बजे एक व्यक्ति सफेद रंग का प्लास्टिक का झोला लिए संदिग्धावस्था में क्रू लोबी के पास देखा गया। सभी के द्वारा उक्त व्यक्ति को घेरकर रोका गया तथा उसके पास सफेद रंग का प्लास्टिक का झोला के बारे में पूछा गया तो उनके द्वारा कोई संतोषप्रद जबाब नही दिया गया तथा उनसे पूछने पर अपना नाम भरत कुमार, उम्र-25वर्ष, पिता-फागु चैधरी, सा.-झिटकिया, थाना-सिंघेश्वर, मधेपुरा का निवासी बताया बाद मे उसी के द्वारा उसके पास पाए गये सफेद रंग का प्लास्टिक का झोला को प्लेटफार्म पर रखवाकर खुलवाया गया तो उसमें कुल 45 बोतल प्रतिबंध सिरप प्रत्येक का मूल्य-173 रुपया पाया गया। मौके पर सहायक अवर निरीक्षक नेहा कुमारी के द्वारा समक्ष गवाहन समस्त कार्यवाही उपरांत कुल 45 बरामद प्रतिबंधित सिरप बोतल को जब्त किया गया तथा भरत कुमार को गिरफ्तार कर अग्रेतर कार्रवाई के लिए मद्य निषेध थाना, सहरसा को सौपा गया।



### संभावित बाढ़ की आशंका से बढ़ी चिंता, निचले इलाकों में नाव की मांग तेज, आज भी गांवों में लकड़ी के नाव का होता उपयोग

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। कोसी नदी के जलस्तर में संभावित वृद्धि की आशंका को लेकर प्रखंड के निचले इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। हाल के दिनों में हुई बारिश के कारण कई निचले क्षेत्रों में अब भी पानी जमा है, जिससे लोगों की आवाजाही और दैनिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कोसी का जलस्तर अचानक बढ़ता है तो कई गांवों का मुख्य सड़क से संपर्क टूट सकता है। संभावित बाढ़ को देखते हुए ग्रामीणों ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। सबसे अधिक परेशानी पशुपालक किसानों को हो रही है। खेतों और निचले रास्तों में जलजमाव रहने से पशुओं के लिए चारा लाने-ले जाने में कठिनाई हो रही है। ऐसे में किसान आवश्यकता पड़ने पर आवागमन सुचारु रखने के लिए नाव की व्यवस्था में जुट गए हैं।स्थानीय नाव निमार्ता लक्ष्मी शर्मा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से किसानों की ओर से नाव बनाने के ऑर्डर बढ़ने लगे हैं। उनका कहना है कि कोसी का जलस्तर कभी भी बढ़ सकता है। बाढ़ की स्थिति में गांवों के भीतर आवागमन और पशुओं के लिए चारा लाने-ले जाने का सबसे सुरक्षित साधन नाव ही होती है। इसी कारण लोग पहले से ही नाव तैयार कराने में रुचि दिखा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से संभावित बाढ़ को देखते हुए आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने की मांग की है।



### एनडीपीएस कांड के फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)।** पतरघट थाना कांड संख्या 133/26 में दर्ज एनडीपीएस अधिनियम के मामले के फरार अभियुक्त सुरेश कुमार पिता स्वर्गीय घुटर यादव निवासी घोघनपट्टी, को पतरघट पुलिस ने सोमवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि एनडीपीएस कांड संख्या 133/26 के फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार देर रात घोघनपट्टी स्थित उसके घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मंगलवार को अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी एवं इससे जुड़े मामलों में पुलिस की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### 30 लीटर देशी शराब के साथ एक कारोबारी को किया गिरफ्तार

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** काशनगर थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान 30 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ एक कथित शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष बजरंगी कुमार ने बताया कि सोमवार शाम नियमित गश्ती के दौरान पुलिस टीम कोपा चैक के समीप पहुंची। इसी दौरान संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके झोले से करीब 30 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान खगड़िया जिले के बेलदौर निवासी इंदल सादा के रूप में हुई है। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष बजरंगी कुमार ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# दो दिवसीय श्रीव्यास गुरु पूर्णिमा महोत्सव प्रारंभ, जगतगुरु स्वामी आगमानंद जी का आशीर्वाद लेने उमड़ा श्रद्धा का सैलाब





उद्घाटन करते जगतगुरु स्वामी आगमानंद जी, मंचासीन सभी अतिथि,

श्रद्धा का सैलाब

सहरसा षहर (एनएसबी)। शिवशक्ति योगपीठ के जगतगुरु परमहंस स्वामी आगमानंद जी महाराज के पावन सान्निध्य में दो दिवसीय श्रीव्यास गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य शुभारंभ मंगलवार की संध्या एमएलटी कॉलेज खेल मैदान में हुआ।इस अवसर स्वामी आगमानंद जी महाराज के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। मंच पर पहुंचने पर उन्हें मिथिला की पारंपरिक पाग एवं चादर भेंट कर भव्य सम्मान दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विराटपुर कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ रंजीत प्रसाद सिंह ने की, जबकि संचालन ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज की निदेशिका मनीषा रंजन ने किया। इस अवसर पर बीएनएमयू के कुलपति प्रो डॉ विमलेंदु शेखर झा, विधान पार्षद संजीव कुमार सिंह, नगर निगम महापौर बैन प्रिया, नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा, डॉ हिमांशु मोहन मिश्र, स्वामी मनवानंद, स्वामी प्रेमानंद, लाल बाबा, प्रदीप कुमार सिंह, एमएलटी कॉलेज के प्राचार्य सुधीर कुमार सिंह, एडीएम आपदा प्रबंधन गुड्डू तिवारी, डीएसपी प्रमेन्द्र भारती,पूर्व सांसद आनंद मोहन सहित अन्य अतिथियों को भी दुर्गा मानस पुस्तक, मिथिला की पाग एवं चादर देकर सम्मानित किया गया।महोत्सव स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशाल पंडाल, भव्य मंच, आवास, पेयजल, चिकित्सा सहायता, महाप्रसाद, वाहन पार्किंग एवं स्वयंसेवकों की व्यापक व्यवस्था की गयी है। दिनभर भजन-कीर्तन, सत्संग एवं विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिससे पूरा वातावरण भक्तिरस में डूबा रहा। उत्सव समिति के अनुसार बुधवार को गुरु पूजन, गुरु दर्शन, आध्यात्मिक प्रवचन तथा जगतगुरु स्वामी आगमानंद जी महाराज के आशीर्वचन के साथ महोत्सव का समापन होगा। समिति ने बताया कि बिहार के अलावा झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली सहित देश के विभिन्न राज्यों तथा विदेशों से हजारों श्रद्धालु महोत्सव में भाग लेने पहुंचे हैं। आयोजन की सफलता के लिए शिव शक्ति योगपीठ के पदाधिकारी एवं विभिन्न समितियों के स्वयंसेवक पूरे समर्पण के साथ सेवा कार्य में जुटे हैं।मौके पर अमित कुमार सिंह, विपलब रंजन, गंगा सिंह, डॉ रजनीश रंजन, सुबोध कुमार, ज्योति कुमार सिंह, स्वीटी कुमारी, रुचि श्वेता, डॉक्टर रजनीश रंजन, आशीष रंजन सिंह, कुंदन साह, सिकंदर प्रसाद, पिंटू, प्रेम शंकर भारती, अन्नू सिंह सहित अन्य ने आगत अतिथियों को सम्मानित किया।

## समरसता संकल्प अभियान से सामाजिक समरसता को मिलेगी नई ऊर्जाः भाजपा



मौके पर जिलाध्यक्ष व भाजपा कार्यकत्रा

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सिमरी बख्तियारपुर स्थित जिला मंत्री अरविंद भगत के आवास पर मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज के 650वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में चलाए जाने वाले देशव्यापी समरसता संकल्प अभियान की जानकारी दी गई। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी 29 जुलाई आषाढ़ पूर्णिमा से 20 फरवरी 2027 माघ पूर्णिमा तक राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, मंडल एवं पंचायत स्तर पर व्यापक जनभागीदारी के साथ यह अभियान चलाएगी। इसका उद्देश्य संत गुरु रविदास महाराज के समता, सद्भाव एवं सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा की संध्या पर देशभर के मंदिरों में ष्समरसता दीप महोत्सवष का आयोजन होगा। साथ ही ष्कलश वंदन अभियानष तथा 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक डेरा सचखंड बल्लां जालंधर से सीर गोवर्धनपुर वाराणसी तक श्री गुरु रविदास महाराज समरसता यात्रा निकाली जाएगी।भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने कहा कि सहरसा जिले में भी इस अभियान के तहत जिला, मंडल, शक्ति केंद्र, बूथ एवं पंचायत स्तर पर समरसता दीप महोत्सव, संगोष्ठी, जनसंवाद एवं जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ष्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासष का संकल्प संत गुरु रविदास महाराज की शिक्षाओं से प्रेरित होकर सामाजिक समरसता को मजबूत करने का कार्य कर रहा है।जिला मंत्री अरविंद भगत ने सभी कार्यकताओं एवं आम नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। संवाददाता सम्मेलन में भाजपा के विष्णुदेव मुखिया, नीरज शर्मा, सोनी पांडेय सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकत्रा उपस्थित रहे।

## मुस्कान अभियान के तहत 103 गुम व चोरी हुए मोबाइल बरामद, एसपी द्वारा उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए



बरामद मोबाइल सौपते पुलिस अधिकारी

सहरसा शहर (एनएसबी)। जिला पुलिस का ऑपरेशन मुस्कान लगातार लोगों के चेहरों पर मुस्कान ला रहा है। अभियान के फेज-09 के तहत मंगलवार को आरक्षी अधीक्षक विक्रम सिहाग ने 103 गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा गया। इसके साथ ही अब तक कुल 528 मोबाइल उनके मालिकों को वापस किए जा चुके हैं।जिनकी अनुमानित कीमत 91 लाख 9 हजार 454 रुपये है। सहरसा पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने ऑपरेशन मुस्कान फेज-09 के तहत बरामद 103 मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी।वही बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान के तहत अब तक सहरसा जिले में 528 मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत 91 लाख 9 हजार 454 रुपये बताई गई है। फेज-09 के दौरान सबसे अधिक मोबाइल बरामद करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को भी सराहा गया। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि मोबाइल गुम होने या चोरी होने पर तुरंत सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि मोबाइल को ट्रेस कर वापस दिलाया जा सके।आरक्षी अधीक्षक नें कहा कि मोबाइल चोरी या खो जाने पर इसकी सूचना तुरंत साइबर थाने व पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायें ताकि किसी असमाजिक तत्व के द्वारा मोबाइल से किसी प्रकार की अपराधिक वारदात को अंजाम नही दे सकें।

## सहरसा पुलिस की कार्रवाई-06 वारंटी गिरफ्तार

**सहरसा शहर (एनएसबी)।**न्यायालय सहरसा द्वारा निर्गत गैर जमानतीय वारंट के आलोक में सोनवषार्राज थाना द्वारा छोटकन साह, पे०-ओमी साह, सा०-देहद, अशोक साह, पे०-स्व० रामचन्द्र साह, संतोष साह, पे०-शंकर साह दोनों सा०-तीनधारा मोहनपुर सभी थाना-सोनवषार्राज जिला-सहरसा को गिरफ्तार कर न्यायालय, सहरसा में उपस्थापन हेतु भेजा गया। न्यायालय सहरसा द्वारा निर्गत गैर जमानतीय वारंट के आलोक में बिहरा थाना द्वारा भूनेश्वर साह पे०-पुलकित एवं मुरारी राय पे०-गणेश राय दोनों सा०-बिहरा थाना-बिहरा जिला-सहरसा को गिरफ्तार कर न्यायालय सहरसा में उपस्थापन हेतु भेजा गया। न्यायालय सहरसा द्वारा निर्गत गैर जमानतीय वारंट के आलोक में सोनवर्षा कचहरी थाना द्वारा अशोक साह, पे०-धनेश्वर साह, सा०-विशनपुर थाना-सोनवर्षा कचहरी, जिला-सहरसा को गिरफ्तार कर न्यायालय सहरसा में उपस्थापन हेतु भेजा गया।

## जिलाधिकारी ने नीलाम पत्र वादों की समीक्षा कर त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश



अधिकारियों को निर्देष देते जिलाधिकारी

**सहरसा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में नीलाम पत्र वादों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी कुमारी तोसी ने जिले में लंबित नीलाम पत्र वादों, उनसे संबंधित कुल सन्निहित राशि तथा विभिन्न स्तरों पर लंबित मामलों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। समीक्षा के क्रम में प्रत्येक नीलाम पत्र पदाधिकारी के पास लंबित वादों की संख्या, सन्निहित राशि, धारा 07 के निर्गत नोटिस एवं अंतिम चेतावनी नोटिस, गिरफ्तारी वारंट तथा कुर्की वारंट की स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित नीलाम पत्र वादों की नियमित एवं समयबद्ध सुनवाई सुनिश्चित करें तथा मामलों का शीघ्र निष्पादन करें। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि जिन मामलों में पूर्व में गिरफ्तारी वारंट निर्गत किया जा चुका है, उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित थाना प्रभारी को शीघ्र स्मार पत्र प्रेषित किया जाए, ताकि विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि नीलाम पत्र वादों की सुनवाई के दौरान संबंधित याचिका विभाग के पदाधिकारी, विशेषकर बैंक से संबंधित मामलों में बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, जिससे मामलों का त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन संभव हो सके। जिलाधिकारी ने ऐसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का भी निर्देश दिया, जिनमें नीलाम पत्र देनदार द्वारा सन्निहित राशि जमा कर दी गई है, किंतु तलवाना राशि अथवा अन्य न्यायालयीय शुल्क लंबित है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा कराते हुए ऐसे वादों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें। बैठक में अपर समाहर्ता निशांत कुमार, जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी कुमारी तोसी, अनुमंडल पदाधिकारी सहरसा, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिले के अन्य संबंधित पदाधिकारी तथा सभी अंचल अधिकारी उपस्थित रहे।

# 20 लाख से बनेगी सड़क और नाली

**दैनिक नवसंदेश**

खगड़िया। नगर परिषद खगड़िया क्षेत्र में विकास कार्यों का पहिया लगातार तेज गति से आगे बढ़ रहा है। नगर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए करोड़ों रुपये की योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। इसी कड़ी में वार्ड संख्या-04 अंतर्गत शेखपुरा के लोगों को एक और बड़ी विकास सौगात मिली है। नगर सभापति अर्चना कुमारी ने करीब 20 लाख 41 हजार 394 की लागत से बनने वाले आरसीसी नाला एवं पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना एवं नारियल फोड़कर शिलान्यास किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर सभापति अर्चना कुमारी ने कहा कि नगर परिषद खगड़िया का संकल्प है कि प्रत्येक वार्ड में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जाएं। उन्होंने कहा कि विकास का

## आवागमन होगा सुगम, जलजमाव से मिलेगी राहत



सड़क और नाला निर्माण का शिलान्यास करतीं नगर सभापति अर्चना कुमारी।

वास्तविक उद्देश्य आम नागरिकों को बेहतर जीवन, बेहतर सड़क, बेहतर जल निकासी और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है। इसी सोच के साथ नगर परिषद लगातार योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। उन्होंने कहा कि सड़क और नाला किसी भी क्षेत्र की जीवनरेखा होते हैं। जहां बेहतर सड़क होगी, वहां आवागमन सुगम होगा और मजबूत नाला बनने से जलजमाव की समस्या समाप्त होगी। नगर परिषद का प्रयास है कि विकास कार्य केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि हर मोहल्ले और हर परिवार तक उनका लाभ पहुंचे। नगर सभापति ने कहा कि वर्तमान समय में नगर परिषद खगड़िया क्षेत्र के लगभग सभी वार्डों में सड़क, नाला, पुलिया, सामुदायिक शौचालय, पार्क, पोखर सौंदर्यीकरण, हाईमास्ट लाइट, डेकोरेटिव लाइट एवं अन्य जनहित की योजनाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है। आने वाले समय में भी कई नई परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया जाएगा।

**नगर सभापति ने नाला एवं पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर किया शिलान्यास**

उन्होंने संवेदकों एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और यदि किसी योजना में अनियमितता पाई गई तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड पार्षद सीमा सिन्हा ने की। उन्होंने नगर सभापति अर्चना कुमारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना वार्ड संख्या-04 के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे क्षेत्र के हजारों लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा तथा वर्षों पुरानी सड़क एवं जल निकासी की समस्या समाप्त होगी।शिलान्यास समारोह में वार्ड पार्षद अमित कुमार सिंहा, वार्ड पार्षद पप्पू यादव, वार्ड पार्षद रंजीत कुमार, पैक्स अध्यक्ष राजनीति यादव, अमरेश पटेल, राजीव कुमार, नीरज कुमार, रोहित कुमार, शिवम कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिविर में एक दर्जन से अधिक महिलाओं का किया बंध्याकरण

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को परिवार नियोजन पखवाड़े के तहत एक दर्जन से अधिक महिलाएं बंध्याकरण करवाने पहुंचीं। इस दौरान चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मुकेश कुमार ने महिलाओं को परिवार नियोजन के महत्व और विभिन्न उपायों की जानकारी दी।

चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि दो बच्चों के जन्म के बीच सही अंतर रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए गर्भनिरोधक साधनों का उपयोग और समय पर परिवार नियोजन का ऑपरेशन करवाना आवश्यक है। बच्चों के जन्म में कम अंतर होने से मां का स्वास्थ्य तो बिगड़ता ही है, नवजात भी शारीरिक रूप से कमजोर हो जाते हैं। उचित पालन-पोषण

**चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मुकेश कुमार ने महिलाओं को दी परिवार नियोजन के महत्व और विभिन्न उपायों की जानकारी**

नहीं होने के कारण बच्चे कुपोषण का शिकार बनने लगते हैं।

उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या पर रोक लगाने और मातृ-शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए सरकार हर साल परिवार नियोजन कार्यक्रम चलाती है। शादी के तुरंत बाद बच्चे की जल्दबाजी न करें और पहले व दूसरे बच्चे के बीच उचित अंतराल जरूर रखें। बंध्याकरण के दौरान एएनएम नीलम कुमारी, सोनी कुमारी और उमेश पंडित समेत अन्य कर्मी भी मौजूद थे।

# पारा विधिक स्वयंसेवकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया अंतर्गत नए सिरे से 100 पारा विधिक स्वयंसेवक का चयन किया गया है। नव चयनित पारा विधिक स्वयंसेवक को प्रशिक्षण देने हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा किया गया।

उक्त बात की जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव चंदन कुमार द्वारा बताया गया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया राजेश कुमार बच्चन के निर्देशानुसार नव चयनित पारा विधिक स्वयंसेवक को सशक्त बनाने हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित माड्यूल के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।




बैठक को संबोधित करते जिला एवं सत्र न्यायाधीश।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया राजेश कुमार बच्चन, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय खगड़िया मनोज कुमार द्विवेदी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रवाल दत्ता एवं रूम्पा कुमारी, विशेष न्यायाधीश उत्पाद प्रभाकर कुमार झा, विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट ऋषि चंदन, प्राधिकार के सचिव चंदन कुमार एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण देने हेतु रिसोर्स पर्सन के रूप में मुख्य, विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता बालष्ण यादव, उपमुख्य, विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता सनोज

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने नए सिरे से 100 पारा विधिक स्वयंसेवकों का किया है चयन**

कुमार सिंह एवं प्रभास कुमार सिंह, सहायक, विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता निशांत शेखर एवं अनुराग कुमार एवं पैनल अधिवक्ता अमरजीत कुमार सिंह को प्रतिनियुक्त किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान रिसोर्स पर्सन द्वारा प्रशिक्षण हेतु उपस्थित पारा विधिक स्वयंसेवक भारतीय संविधान की मूल संरचना, लीगल सर्विस अथरिटी एक्ट 1987, जिला विधिक सेवा प्राधिकार अंतर्गत पीएलवी के भूमिका एवं कार्य, बुनियादी आपराधिक कानून आदि के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया। इसी तरह 29 जुलाई एवं 30 जुलाई को अन्य विषय पर पीएलवी को प्रशिक्षण दिया जाना है।

# 12 सितंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट खगड़िया एवं अनुमंडलीय सिविल कोर्ट गोगरी में करेगा।

उक्त जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया के सचिव चंदन कुमार द्वारा बताया गया कि 12 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों का जायजा लेने हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया राजेश कुमार बच्चन के निर्देश पर सभी विभागों के पदाधिकारीगण,बैंक के संयोजकगण एवं न्यायिक पदाधिकारीगण की लगातार बैठकें आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में 28 जुलाई को जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया के सचिव चंदन कुमार की अध्यक्षता में सभी राष्ट्रीयत बैंक के जिला



बैठक में न्यायिक अधिकारी व अन्य।

संयोजक एवं एलडीएम की एक बैठक आहूत की गई, जिसमें जिला संजोयक से उनके शाखा में अब तक कितने ऋणी को चिन्हित किया गया है एवं कितने ऋणी को नोटिस निर्गत किया गया है, की जानकारी ली गई और सभी जिला संयोजक को निर्देशित किया गया की ज्यादा से ज्यादा संख्या में वैसे पक्षकारों को चिन्हित करें,जिनको अब तक चिन्हित नहीं किया गया है, साथ ही वैसे चिन्हित पक्षकारों को यथाशीघ्र राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होने हेतु नोटिस निर्गत किया जाना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्तसभी को अपने स्तर से राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार करने का भी निर्देश दिया गया और पिछले लोक अदालत की तुलना में इस बार अधिक संख्या में बैंक से संबंधित मामलों के निष्पादन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

# बीरवास बांध के पास देर रात नशे में धुत दो युवक गिरफ्तार

**पसराहा (दैनिक नवसंदेश)।** पसराहा पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान बीरवास बांध के पास से शराब के नशे में घूम रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता हैकि पुलिस की गश्ती टीम जब रात्रि के 2 बजे क्षेत्र में गश्ती कर रही थी, तब दोनों युवक बांध पर संदिग्ध स्थिति में घूमते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने संदेह होने पर दोनों को रोककर उनकी जांच की, जिसमें उनके शराब पीने की पुष्टि हुई। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों की पहचान विकास कुमार बहादुरपुर अलौली और संतोष कुमार पैकांत निवासी के रूप में की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पसराहा थाना अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि दोनों युवकों के खिलाफ उत्पाद एवं मद्य निषेध कानून के सुसंगत धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। स्थानीय पुलिस प्रशासन इस प्रकार के मामलों को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है और क्षेत्र में लगातार गश्ती व सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है ताकि शराब तस्करों और शराब पीने वालों पर नकेल कसा जा सके। इस कार्रवाई से इलाके में शराब पीने वालों के बीच हड़कंप मच गया है।

# चौथम में दो दिवसीय विशेष दिव्यांगता शिविर सम्पन्न

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आईटी भवन में दो दिवसीय विशेष दिव्यांगता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के दिव्यांगजनों की चिकित्सीय जांच कर उन्हें आवश्यक प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराना था। शिविर के दौरान जिले से आई विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने दिव्यांगजनों की विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं की गहन जांच की। टीम में अर्थोपेडिक विशेषज्ञ ड़ आशीष कश्यप, नेत्र रोग विशेषज्ञ ड़ मोहम्मद अखलाक अख्तर तथा मनोचिकित्सक ड़ अमित कुमार शामिल रहे। इनके अलावा जिला दिव्यांग कोषांग के कर्मी सुमित कुमार एवं चौथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्यकर्मियों ने भी पूरे



जांच करते चिकित्सक।

आयोजन में सक्रिय सहयोग दिया। दो दिनों तक चले इस विशेष शिविर में क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से बड़ी संख्या में दिव्यांगजन अपने परिजनों के साथ पहुंचे। चिकित्सकों द्वारा सभी आवेदकों की दिव्यांगता का परीक्षण किया गया। जांच पूरी होने के बाद आवश्यक दस्तावेजों को अनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया गया और पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड उपलब्ध कराया गया। इससे लाभार्थियों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली। शिविर के दौरान आईटी भवन परिसर में दिव्यांगजनों एवं उनके परिजनों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने पंजीकरण, दस्तावेज सत्यापन तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं को व्यवस्थित ढंग से पूरा कराया, जिससे शिविर का संचालन सुचारु रूप से हुआ। हालांकि, इस अवसर पर कई स्थानीय लोगों ने यह शिकायत भी की कि इस प्रकार के विशेष शिविरों की जानकारी समय रहते आम लोगों तक नहीं पहुंच पाती है। उनका कहना था कि विभाग की ओर से पर्याप्त प्रचार-प्रसार नहीं किए जाने के कारण कई जरूरतमंद दिव्यांगजन शिविर का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं। स्थानीय लोगों ने भविष्य में ऐसे शिविरों के आयोजन से पूर्व व्यापक स्तर पर सूचना प्रसारित करने की मांग की। सीएससी प्रभारी डक्टर अनिल कुमार और प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अमर कुमार ने बताया कि दो दिवसीय विशेष दिव्यांगता शिविर में कुल 32 लाभार्थियों की जांच पूरी कर उन्हें मौके पर ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड जारी किए गए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि पात्र दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और सरल प्रक्रिया के माध्यम से उपलब्ध कराया जाए। साथ ही भविष्य में भी इस तरह के विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन सरकारी सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

# दबंगों ने युवक के साथ की मारपीट

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** दिघौन गांव में दबंगों ने 26 वर्षीय युवक को मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। परिजनों ने घायल युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी। घटना को लेकर पीड़ित दिघौन गांव निवासी इनामुल हक ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। आवेदन के अनुसार घटना बीती सोमवार की दोपहर करीब 2 बजे की है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि गांव के ही बादशाह, शमशाद और इसरार बर्फ बेचने वाले दुकानदार के साथ मारपीट कर रहे थे। जब इनामुल हक बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो दबंग प्रवृत्ति के इन लोगों ने उस पर ही हमला कर दिया और मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचक इनामुल हक का आरोप है कि कासिम के परिवार के सदस्य आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और लगातार गांव में गुंडागर्दी करते रहते हैं।

# गर्मी में भी लोगों की प्यास नहीं बुझा पा रही पियाऊ

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** भीषण गर्मी और उमस से आम जनता और राहगीर बेहाल हैं, लेकिन बेलदौर नगर पंचायत प्रशासन को इससे कोई सरोकार नजर नहीं आ रहा। लगभग एक वर्ष पूर्व लाखों रुपए की लागत से राहगीरों की सुविधा के लिए जगह-जगह लगाए गए पियाऊ आज सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। बताया जाता है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने, बधवा चौक के समीप और नाथ बाबा स्थान सहित नगर पंचायत के प्रमुख स्थलों पर लगे सभी पियाऊपूरी तरह बंद पड़े हैं। इन मशीनों से गर्मियों में ठंडा-स्वच्छ जल और सर्दियों में गर्म पानी मिलना था। लेकिन हकीकत यह है कि मार्च महीने से लेकर जुलाई तक एक भी पियाऊचालू स्थिति में नहीं है। चौंकाने वाली बात तो यह है कि इनमें से कई उपकरण तो लगने के पहले दिन से ही खराब पड़े हैं।अस्पताल आने वाले मरीज, दूर-दराज से आने वाले राहगीर और स्थानीय दुकानदार बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है, सरकार जल-जीवन-हरियाली और जनसुविधा के नाम पर करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाती है। लेकिन जब प्यास से तड़पता कोई राहगीर या मरीज अस्पताल और चौक पर लगे पियाऊके पास जाता है, तो उसे पानी की जगह केवल लोहे का डब्बा दिखाई देता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महज एक साल के भीतर यदि एक बार भी रखरखाव नहीं हुआ, तो यह सीधे तौर पर जनता के पैसे की लूट है। जब इस बाबत नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी से दूरभाष पर संपर्क साधा गया, तो उन्होंने हमेशा

**बेलदौर में शोभा की वस्तु बने पियाऊ**




की तरह बस इतना ही कहा कि जल्द ही ठीक करवा दिया जाएगा। हालांकि, इस आश्वासन को कई महीने बीत चुके हैं, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है।


# मध्याह्न भोजन योजना में गड़बड़ी का हुआ खुलासा

**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** मध्य विद्यालय मड़ैया के निरीक्षण में मध्याह्न भोजन योजना में कथित अनियमितता और लापरवाही सामने आयी है। 17 जुलाई को निरीक्षण के बाद जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पीएम पोषण योजना की ओर से प्रधानाध्यापक को स्पष्टीकरण जारी किया गया है। पत्र के अनुसार, विद्यालय में कुल नामांकन 1130 के विरुद्ध 709 बच्चों की उपस्थिति दर्ज की गई थी, जबकि भौतिक सत्यापन के दौरान महज 390 बच्चे ही उपस्थित मिले। निरीक्षण में मध्याह्न भोजन की पंजी संधारित नहीं पायी गयी, जबकि चखना पंजी 6 जुलाई, 2026 तक ही संधारित थी। निरीक्षण के दौरान उपस्थित बच्चों से पूछताछ में यह भी सामने आया कि अंडा/फल प्रत्येक शुक्रवार को नहीं दिया जाता है। पत्र में यह भी उल्लेख है कि बच्चों को बरामदे में बैठाकर मध्याह्न भोजन कराया जा रहा था तथा जहां बच्चे भोजन कर रहे थे, वहां साफ-सफाई का घोर अभाव पाया गया। पत्र में निर्देश दिया गया है कि दो दिनों के अंदर मार्च 2026 से जुलाई 2026 तक मध्याह्न भोजन योजना की अंडा/मौसमी फल पंजी की सत्यापित छायाप्रति कार्यालय में उपलब्ध कराई जाए। संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर संबंधित प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई की जाएगी।

**1130 नामांकन के विरुद्ध 709 उपस्थिति दर्ज, मिले सिर्फ 390**

# फरार आरोपी को पुलिस ने गाजियाबाद से पकड़ा

**पसराहा (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर पसराहा थाने ले आयी है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान तिहाय गांव निवासी जीवन कुमार यादव के रूप में की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी जीवन पर पसराहा थाने में कांड संख्या 120/26 में नाबालिग लड़की के अपहरण और लूटपाट का गंभीर मामला दर्ज था। इस घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था। पुलिस लगातार उसकी गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। पसराहा थाने के एसआइ अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गाजियाबाद से उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने जीवन की गिरफ्तारी की पुष्टि की।



# श्रावणी मेले को लेकर अगुवानी गंगा घाट पर प्रशासन अलर्ट

**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** श्रावणी मेला को लेकर कांवरियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गोगरी एसडीओ संजय कुमार ने अगुवानी गंगा घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गंगा घाट, अगुवानी बस स्टैंड और धर्मशाला सहित कांवरिया सुविधाओं से जुड़े विभिन्न स्थानों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गोगरी एसडीओ संजय कुमार ने बताया कि कांवरियों की सुविधा को लेकर अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। अगुवानी बस स्टैंड स्थित धर्मशाला में कांवरियों के ठहरने की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा शौचालय, पेयजल और कंट्रोल रूम की भी व्यवस्था रहेगी। अगुवानी बस स्टैंड से गंगा घाट तक व्यापक रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। गंगा घाट पर चेंजिंग रूम, बनाए जाएंगे। शौचालय की व्यवस्था होगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से गंगा नदी में बैरिकेडिंग के साथ एसडीआरएफ की टीम तैनात की जाएगी। साथ ही दंडाधिकारी के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहेंगे। एसडीओ ने कहा कि शनिवार और रविवार को कांवरियों की संभावित अधिक भीड़ को देखते हुए तीन पालियों में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी।

**कांवरियों की सुविधा को लेकर अधिकारियों ने घाट का जायजा**

# गुरु रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 650 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशव्यापी समरसता संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद शाह के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ भगत ने कहा कि यह अभियान संत गुरु रविदास जी के समता, सामाजिक समरसता, समानता, मानवता और सेवा के संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का एक व्यापक जनजागरण अभियान है।

उन्होंने कहा कि संत गुरु रविदास जी ने अपने जीवन के माध्यम से समाज को जाति, ऊंच-नीच और भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता एवं समानता का संदेश दिया। भारतीय जनता पार्टी उनके विचारों को आत्मसात करते हुए सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी




के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के मार्गदर्शन में पार्टी सामाजिक न्याय, समान अवसर और अंत्योदय की भावना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत खगड़िया जिले के सभी मंडलों एवं बूथों पर चरणबद्ध तरीके से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक मंडल में कार्यकर्ता सम्मेलन, गोष्ठी, विचार परिचर्चा, संगोष्ठी, श्रद्धांजलि सभा एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों में संत गुरु रविदास जी के जीवन, उनके संघर्ष, सामाजिक योगदान तथा उनके प्रेरणादायी संदेशों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान बूथ स्तर तक विशेष संपर्क अभियान चलाया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर संत गुरु रविदास जी के जीवन दर्शन, सामाजिक समरसता के संदेश तथा भारतीय जनता पार्टी की सामाजिक न्याय की सोच से आम लोगों को अवगत कराएंगे। अनुसूचित जाति बस्तियों सहित समाज के सभी वर्गों में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा, ताकि समरस समाज के निर्माण में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। शत्रुघ्न भगत ने कहा कि अभियान के दौरान जिले के सभी मंडलों में विशेष संगठनात्मक बैठकें आयोजित कर कार्यकर्ताओं को अभियान की रूपरेखा, जिम्मेदारियों और कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। प्रत्येक बूथ समिति को सक्रिय करते हुए बूथ स्तर पर अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के लिए संतों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, प्रबुद्धजनों तथा विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

**संत शिरोमणि गुरु रविदास के 650वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में भाजपा चला रही देशव्यापी समरसता संकल्प अभियान**

## संक्षिप्त खबरें

### आंगनबाड़ी केंद्र की छत से 'गिरी मासूम बच्ची, गंभीर रूप से घायल

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** अनुमंडल क्षेत्र के जिगरिया टोला, ढिंबर स्थित एक आंगनबाड़ी केंद्र में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। केंद्र की छत से गिरने के कारण एक मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और आंगनबाड़ी सेविका की मदद से



छत गिरी बच्ची अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती)

घायल बच्ची को तत्काल अनुमंडल अस्पताल, बाढ़ में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका इलाज जारी है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बच्ची किसी कारणवश आंगनबाड़ी केंद्र की छत पर चली गई थी। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गई। गिरते ही बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद केंद्र में मौजूद बच्चों और अभिभावकों में दहशत का माहौल बन गया।सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए और तत्काल बच्ची को अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया। चिकित्सकों ने बताया कि बच्ची को गंभीर चोटें आई हैं तथा उसकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त की। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा उपाय, मजबूत रेलिंग, सुरक्षित सीढ़ियां तथा बच्चों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

### शराबियों का लाइन होटल में तांडव, जमकर तोड़फोड़य छह हिरासत में

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। पंडारक थाना क्षेत्र में बीती रात शराब के नशे में धुत कुछ लोगों ने एक लाइन होटल में जमकर उत्पात मचाते हुए तोड़फोड़ कर दी। अचानक हुए हंगामे से होटल संचालक और आसपास के लोगों में अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए छह लोगों को हिरासत में ले लिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नशे में धुत लोगों ने होटल में हंगामा करते हुए सामान को नुकसान पहुंचाया, जिससे कुछ देर के लिए क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस ने स्थिति पर तत्काल नियंत्रण स्थापित कर लिया। मामले की जांच की जा रही है तथा हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ जारी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### 30 जुलाई को बाढ़ आएंगे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उमानाथ धाम में पूजा-अर्चना के साथ विकास कार्यों का करेंगे अवलोकन

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** अनुमंडल क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण राजनीतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम के तहत बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 30 जुलाई को बाढ़ पहुंचेंगे। यह जानकारी बाढ़ के पूर्व विधायक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ज्ञानू ने दी। पूर्व विधायक ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री



पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं पूर्व विधायक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ज्ञानू।

उमानाथ धाम पहुंचकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना करेंगे। इसके साथ ही उमानाथ क्षेत्र में चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों का भी अवलोकन करेंगे। उनके आगमन को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं तथा प्रशासन और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।पूर्व विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू ने कहा कि उमानाथ धाम के समग्र विकास और क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को सुढ़ बनाने की दिशा में यह दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर समर्थकों एवं स्थानीय लोगों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# बीएड कॉलेजों में भी डिग्री कॉलेज खोले जाएंगे : सम्राट

## तारापुर में दो लेन का अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनेगा, इसके लिए जमीन अधिग्रहण का काम शुरू हो चुका

## मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित राजकीय डिग्री महाविद्यालय और पठन-पाठन का विधिवत उद्घाटन किया

## कहा- सुल्तानगंज मेले की कई खासियत, बाबा धाम दुनिया में सोशलिज्म का सबसे बड़ा उदाहरण






जनता का अभिवादन करते मुख्यमंत्री।

**असरगंज (मुंगेर) (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुंगेर जिले के असरगंज नगर पंचायत स्थित जलालाबाद में रामानंद एवं परसीराम उच्च विद्यालय परिसर में नवनिर्मित राजकीय डिग्री महाविद्यालय और पठन-पाठन का विधिवत उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कलेज होने से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए अपने घरों से दूर नहीं भटकना पड़ेगा। मौके पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने हमें तारापुर से विधायक बनाया है। हमने आपसे जो जो वादा किया है उसको पूरा करूंगा। डिग्री कलेज असरगंज को स्वीत किया था आज उसका उद्घाटन कर आपको समर्पित कर रहा हूं। मुझे आपने विधायक बनाया और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद मोदी, नीतीश कुमार और साथ साथ एनडीए ने बागडोर दिया है जिस विश्वास के साथ आपको आश्वस्त करता हूं कि तारापुर के सपनो के साथ साथ पूरे बिहार का सपना पूरा करूंगा। बिहार का आमलोगों के बच्चे नीट और जेईई की परीक्षा पढ़ाई नहीं होने और आर्थिक समस्या के कारण नहीं कर पाते थे अब व बच्चे भी पढ़ाई करेंगे। हर प्रखंड में डिग्री कलेज और हर गांव में पढ़ाई की व्यवस्था की जा रही है। आज 212 डिग्री कलेज हो गया। जितना बीएड कलेज हैं बिहार में उसमें भी डिग्री कलेज खोले जाएंगे। हमारे बच्चे अब बाहर पढ़ने के लिए नहीं जाएंगे अब यहीं पढ़ेंगे। सभी प्रखंडों में लाइव क्लासेज की व्यवस्था और डिजिटल बनाया गया है। एक ऐसा ऐप होगा जिससे रात के 11 बजे तक भी बच्चे किसी शिक्षक से डिजिटली पढ़ सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत लंबे समय से शनिवार को हाफ डे छुट्टी की मांग की जा रही थी, उसको पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे बच्चों को खेलने, पढ़ने की पूरी व्यवस्था की जा रही है जिससे उनका सर्वांगीण विकास होगा। असरगंज के इस स्कूल के सामने एक बड़ा सा फील्ड है उसको बेहतर बनाने के लिए काम किया जाएगा। यहां तारापुर में दो लेन का अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनेगा जहां से देश दुनिया से लोग जुड़ सकेंगे। इसके लिए जमीन अधिग्रहण का काम शुरू है। अगले 5 वर्षो में बिहार में ही युवाओं को रोजगार देने का काम किया जाएगा। यहां इंडस्ट्रीज लगाने का काम किया जाएगा। एयरपोर्ट अब तो मुंगेर और तारापुर तक पहुंच जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा सुल्तानगंज मेले की खास बात ये है कि बाबा पर जलाभिषेक एक रंग के कपड़े में, एक ही बोली में बाबा के दरबार में लोग जाते हैं, इससे बड़ी सोशलिज्म दुनिया में नहीं है। 100 किमी से अधिक की दूरी पैदल तय कर भक्त जलाभिषेक करते हैं। सात निश्चय-3 के तहत राज्य के प्रत्येक प्रखंड में उच्च शिक्षा एवं डिग्री कलेजों की सुविधा उपलब्ध कराना सरकार का उद्देश्य है। इस मौके पर डीजीपी विनय कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार, प्रमंडलीय आयुक्त मुंगेर प्रेम सिंह मीणा, डीआईजी राकेश कुमार, जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पणिकर, पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, कुलपति मुंगेर विश्विद्यालय प्रो(ड़) संजय कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## छात्र आंदोलन में बीडीओ के घायल होने के विरोध में काली पट्टी बांधकर किया कार्य

**जमालपुर (मुंगेर) (दैनिक नवसंदेश)।** 25 जुलाई को बिहार में छात्र आंदोलन के दौरान सारण जिले में दो प्रखंड विकास पदाधिकारियों के घायल होने के विरोध में मंगलवार को जमालपुर प्रखंड कार्यालय में भी अधिकारियों एवं कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी श्वेता कुमारी सहित कार्यालय के कर्मियों ने विरोध दर्ज कराते हुए अपनी नियमित प्रशासनिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।बताया गया कि यह विरोध प्रदर्शन बिहार के सभी प्रखंडों में एक साथ किया गया। बीडीओ संघ ने छात्र आंदोलन के दौरान हुई घटना की निंदा करते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दौरान अधिकारियों पर हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। संघ की प्रमुख मांग है कि फील्ड में कार्यरत प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए तथा ड्यूटी के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपकरण और प्रभावी ल एंड अर्डर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जमालपुर प्रखंड कार्यालय में काली पट्टी बांधकर किए गए इस सांकेतिक विरोध के माध्यम से अधिकारियों ने घायल बीडीओ के प्रति एकजुटता व्यक्त की और सरकार से उनकी सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाने की मांग की।



काला बिल्ला लगाकर काम करती बीडीओ।

## यूनियन एवं सामाजिक नेता ने घटना को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

**जमालपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बाबा साहेब के प्रतिमा पर कालिख पोते जाने को लेकर कारखाना के तमाम श्रमिक संगठनों के अलावे सामाजिक राजनीतिक नेता कार्यकर्ता बुद्धिजीवियों ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया है। एससी एसटी यूनियन के सचिव सतीश भारती, शिवलाल रजक, मेंस कांग्रेस यूनियन के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, सचिव ष्ण कुमार, मेंस यूनियन के नेता देव शंकर सिंह, गोपाल जी,ओबीसी यूनियन के जोनल जनरल सचिव एके आजाद एवं पूर्वी रेलवे कर्मचारी संघ के भानु प्रताप पाठक, सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव, राजद नेता राजेश रमन उर्फ राजू यादव ने कहा है कि पुलिस प्रशासन अभिलंब इस मामले में और सामाजिक तत्वों पर कार्रवाई कर शहर में बिगड़ता वाले माहौल एवं तनाव को कम करने की दिशा में निष्पक्ष कार्रवाई करें नहीं तो पुलिस प्रशासन के विरुद्ध जनता की कार्रवाई करेगी।

## शराब के नशे में हंगामा कर रहे युवक गिरफ्तार

**जमालपुर( मुंगेर) (दैनिक नवसंदेश)।** जमालपुर पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान धरहरा थाना क्षेत्र के अमारी निवासी मनीष कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार युवक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर परिसर में शराब के नशे में उत्पात मचा रहा था।जिससे वहां मौजूद मरीजों और परिजनों को परेशानी हो रही थी। सूचना मिलने पर एएसआई धनंजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को हिरासत में ले लिया। बाद में उसे मेडिकल जांच के लिए भेजा गया। जहां शराब सेवन की पुष्टि होने के बाद बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।

## रेल कारखाना में दिव्यांग कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय संवेदनशीलता संगोष्ठी संपन्न

**जमालपुर (मुंगेर) (दैनिक नवसंदेश)।** रेल कारखाना जमालपुर में केंद्रीय कर्मचारी कल्याण निधि के अंतर्गत दिव्यांग कर्मचारियों के लिए आयोजित दो दिवसीय संवेदनशीलता संगोष्ठी मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। संगोष्ठी का उद्देश्य दिव्यांग कर्मचारियों को उनके अधिकारों, सरकारी सुविधाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा कार्यस्थल पर समावेशी और संवेदनशील वातावरण को बढ़ावा देना था। संगोष्ठी समारोह का उद्घाटन सीडब्लूएम विनय प्रसाद वर्णवाल, सीपीओ राजीव कुमार सहित अन्य ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर सीडब्लूएम ने कहा कि दिव्यांग कर्मचारियों को समान अवसर, सम्मान और सहयोग प्रदान करना संस्थान की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से दिव्यांगजन के प्रति सकारात्मक, सहयोगात्मक और संवेदनशील व्यवहार अपनाने का आह्वान किया। संगोष्ठी में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 भारतीय रेल में दिव्यांग कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं, रियायतों,कल्याणकारी योजनाओं तथा उनके अधिकारों पर विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञ वक्ताओं ने कार्यस्थल पर सुगम्यता, युक्तिसंगत सुविधाएं, स्वास्थ्य एवं कल्याण, दिव्यांग अधिकार और समावेशी कार्य संस्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिया। वहीं दिव्यांग कर्मचारियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और कार्यस्थल पर आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों से अधिकारियों को अवगत कराया।



उद्घाटन करते सीडब्लूएम।

## सोनपुर मंडल का मेगा टिकट जांच अभियान जारी

**सोनपुर (एनएसबी)** मंडल में यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं नियमसम्मत यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने तथा रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेगा टिकट जांच अभियान निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। दिनांक 27 जुलाई 2026 को मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री धीरज कुमार के निर्देशन में सोनपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों जैसे सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, मानसी, खगड़िया,नवगछिया एवं ट्रेनों में विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान में टिकट जांच कर्मियों, रेलवे सुरक्षा बल तथा वाणिज्य विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से सघन जांच की। इस अभियान के दौरान बिना टिकट, अनियमित टिकट एवं बिना उचित प्राधिकरण के यात्रा करने वाले '3,369' यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिससे ६ '33,15,675' ६- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। जुलाई माह (27 जुलाई 2026 तक) में सोनपुर मंडल द्वारा कुल '56,142' मामलों का निपटारा करते हुए लगभग '5' करोड़ रुपया का राजस्व अर्जित किया गया है। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे सदैव वैध टिकट के साथ ही यात्रा करें तथा यात्रा के दौरान रेलवे के नियमों का पालन करें। बिना टिकट अथवा अनियमित टिकट के यात्रा करने पर रेलवे अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाती है। सोनपुर मंडल यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं पारदर्शी रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ रेलवे राजस्व की सुरक्षा हेतु भविष्य में भी ऐसे विशेष टिकट जांच अभियान निरंतर जारी रखेगा।



टिकट चेकिंग अभियान।

# बाबा साहेब के प्रतिमा पर पोती कालिख, समर्थकों का हंगामा

# दोषियों की 24 घंटे में गिरफ्तारी नहीं हुई तो सड़क जाम की चेतावनी



कालिख से ढंकी बाबासाहेब की प्रतिमा।



प्रतिमा स्थल पर हंगामा करते समर्थक।



जांच करके पुलिस।

**जमालपुर (मुंगेर) (दैनिक नवसंदेश)।** संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की कारखाना गेट संख्या-6 जमालपुर के समीप प्रतिमा पर सोमवार रात असामाजिक तत्वों द्वारा कालिख पोत दिए जाने से मंगलवार सुबह इलाके में आक्रोश फैल गया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में बाबा साहब के समर्थक मौके पर जुट गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।सूचना पर जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान अपने टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंची और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों ने घटना में शामिल आरोपियों की शीघ्र पहचान कर गिरफ्तारी तथा उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। लोगों ने इसे शहर की शांति और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश बताया।केंद्रीय प्रतिमा विसर्जन समिति के अध्यक्ष सनम कुमार उर्फ बबलू पासवान, प्रमोद पासवान, चंदन पासवान, इंद्रदेव दास, वार्ड पार्षद साइ शंकर, मनोज पासवान, राजद नेता राजेश रमन उर्फ राजू यादव,बमबम यादव, सहित कई ने कहा कि यदि 24 घंटे के भीतर दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो बाबा साहब के समर्थकों के साथ जमालपुर-धरहरा मुख्य सड़क जाम कर उग्र आंदोलन किया जाएगा।वहीं पुलिस प्रशासन के साथ आरपीएफ की टीम कारखाना गेट सहित आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। घटना के बाद जमालपुर पुलिस क्षेत्र में पुलिस सतर्क है और मामले की जांच जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षा की असली स्मार्टनेस तकनीक नहीं, शिक्षक का संवेदनशील हृदय है

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** शिक्षा के बदलते परिश्य में, जहां स्मार्ट क्लास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल बोर्ड और अनलाइन शिक्षण को भविष्य की दिशा माना जा रहा है, वहीं शिक्षकों ने एक महत्वपूर्ण संदेश दिया हैशिक्षा की असली स्मार्टनेस तकनीक में नहीं, बल्कि शिक्षक के संवेदनशील हृदय में बसती है। उच्च माध्यमिक विद्यालय राणा विगहा, बाढ़ स्थित कम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर के समन्वयक आमोद कुमार ने कहा कि आधुनिक संसाधन सीखने की प्रक्रिया को सरल बना सकते हैं, लेकिन किसी बच्चे के मन की भाषा पढ़ने, उसकी पीड़ा समझने और उसके भीतर छिपी संभावनाओं को पहचानने की क्षमता किसी मशीन में नहीं, बल्कि एक संवेदनशील शिक्षक में होती है। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा व्यवस्था के सामने सबसे बड़ी चुनौती योग्य शिक्षकों की कमी नहीं, बल्कि शिक्षा में मानवीय संवेदनाओं को और अधिक सशक्त बनाने की है। बिहार में हजारों शिक्षक अपनी प्रतिभा, परिश्रम और समर्पण से उत्ष्ट कार्य कर रहे हैं। आवश्यकता उनकी योग्यता पर प्रश्नचि लगाने की नहीं, बल्कि उनकी संवेदनशीलता को शिक्षा का केंद्रीय मूल्य बनाने की है।आमोद कुमार ने कहा कि आज का विद्यार्थी केवल पाठ्यपुस्तकों का ज्ञान अर्जित करने विद्यालय नहीं आता। वह विश्वास, सुरक्षा, सम्मान, अपनापन और प्रेरणा की भी तलाश करता है। कई बार शिक्षक का एक प्रोत्साहन भरा वाक्य, एक आत्मीय मुस्कान या एक भरोसेमंद स्पर्श किसी निराश बच्चे के जीवन की दिशा बदल देता है। एक संवेदनशील शिक्षक अंकपत्र नहीं, बल्कि बच्चे के व्यक्तित्व, उसकी परिस्थितियों और उसके सपनों को पढ़ता है। वही शिक्षा को जीवंत और सार्थक बनाता है।कम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर एवं प्रधानाध्यापिका श्रीमती नीलम ने कहा कि षविद्यालय की उत्ष्टता केवल भवनों, उपकरणों या परीक्षा परिणामों से तय नहीं होती, बल्कि इस बात से तय होती है कि वहां प्रत्येक बच्चे को कितना सम्मान, विश्वास और आत्मीयता मिलती है। शिक्षक जब हर विद्यार्थी को केवल छात्र नहीं, बल्कि एक व्यक्तित्व, एक सपना और राष्ट्र के भविष्य के रूप में देखता है, तभी शिक्षा अपने वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त करती है।ष उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में परिवारों की बदलती संरचना, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, सोशल मीडिया और डिजिटल जीवनशैली ने बच्चों के मानसिक एवं भावनात्मक संसार को गहराई से प्रभावित किया है। ऐसे दौर में विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के आत्मविश्वास, संस्कार, चरित्र और भावनात्मक सुरक्षा का सबसे मजबूत आधार बन गया है। इसलिए शिक्षक का दायित्व पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित नहीं रह सकताय उसे प्रत्येक विद्यार्थी की परिस्थितियों, उसकी चुनौतियों और उसकी संभावनाओं को समझते हुए उसके व्यक्तित्व निर्माण का भी दायित्व निभाना होगा। वक्ताओं ने कहा कि संवेदनशील शिक्षक अनुशासन को भय से नहीं, बल्कि विश्वास से स्थापित करता है। वह कमजोर विद्यार्थी में भी भविष्य की चमक देखता है, असफलता में भी संभावना खोजता है और अभिभावकों को सहभागी बनाकर शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का अभियान बना देता है। ऐसी शिक्षा ही बच्चों में आत्मविश्वास, सामाजिक उत्तरदायित्व, नैतिकता और मानवीय मूल्यों का विकास करती है।कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने सामूहिक संकल्प लिया कि वे ज्ञान के साथ-साथ संवेदनशीलता, समानता, संवाद, नैतिक मूल्यों और मानवीय ष्टिकोण को अपनी शिक्षण प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बनाएंगे। सर्वसम्मति से यह संदेश दिया गया कि नई शिक्षा नीतियां, आधुनिक भवन, डिजिटल संसाधन और अत्याधुनिक तकनीक तभी सार्थक हैं, जब उनके केंद्र में संवेदनशील शिक्षक खड़ा हो। क्योंकि शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत किसी मशीन की बुद्धिमत्ता नहीं, बल्कि शिक्षक का संवेदनशील हृदय है। यही हृदय बच्चों के भीतर आत्मविश्वास, संस्कार, करुणा, जिम्मेदारी और बेहतर नागरिक बनने का प्रकाश जगाता है तथा राष्ट्र के भविष्य को मजबूत आधार प्रदान करता है।



नीलम,प्रधानाध्यापिका बाढ़।

### हड्डी रोग विशेषज्ञ नहीं, फ्रैक्चर मरीज सीधे पटना रेफर

**परिजनों ने प्राथमिक उपचार पर उठाए सवाल, अस्पताल बोलाविशेषज्ञ चिकित्सक के अभाव में रेफरल ही विकल्प**

**वर्षों से अर्थोपेडिक डक्टर की मांग अधूरी, अस्पताल प्रशासन व जनप्रतिनिधि कई बार भेज चुके हैं प्रस्ताव**



इलाज के बाद पटना रेफर।

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।**अनुमंडल अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ (अर्थोपेडिक सर्जन) की अनुपलब्धता एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई है। मंगलवार को पैर में गंभीर चोट लगने के बाद इलाज के लिए पहुंचे एक मरीज के परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान पैर को अस्थायी रूप से कार्डबोर्ड (कार्टन) की सहायता से स्थिर कर पटना रेफर कर दिया गया। परिजनों ने सवाल उठाया कि जब अनुमंडल स्तर का अस्पताल है तो यहां हड्डी रोग विशेषज्ञ की व्यवस्था क्यों नहीं है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मरीज दर्द से कराहता हुआ अस्पताल पहुंचा था। प्राथमिक जांच के बाद चिकित्सकों ने उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप पैर को स्थिर किया और बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। परिजनों का कहना था कि यदि अस्पताल में अर्थोपेडिक विशेषज्ञ उपलब्ध होते तो मरीज को तत्काल विशेषज्ञ उपचार मिल सकता था और बाहर जाने की मजबूरी नहीं होती।वहीं, अस्पताल सूत्रों का कहना है कि गंभीर फ्रै र के मामलों में विशेषज्ञ चिकित्सक की अनुपस्थिति में मरीज को सुरक्षित ढंग से रेफर करना ही चिकित्सा प्रोटोकल का हिस्सा है। अस्थायी स्प्लिंट (कार्डबोर्ड अथवा अन्य उपलब्ध सामग्री से पैर को स्थिर करना) प्राथमिक उपचार की सामान्य प्रक्रिया है, ताकि मरीज को उच्च चिकित्सा संस्थान तक सुरक्षित पहुंचाया जा सके। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है।जानकारी के अनुसार, अनुमंडल अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की मांग कोई नई नहीं है। अस्पताल प्रशासन द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग को इस संबंध में पत्र भेजे गए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी विधानसभा तथा विभिन्न मंचों पर अनुमंडल अस्पताल में अर्थोपेडिक चिकित्सक की तैनाती की आवश्यकता उठाई है। इसके बावजूद अब तक विशेषज्ञ की स्थायी नियुक्ति नहीं हो सकी है।क्षेत्रवासियों का कहना है कि बाढ़ अनुमंडल का यह अस्पताल बड़ी आबादी की स्वास्थ्य आवश्यकताओं का प्रमुख केंद्र है। प्रतिदिन सड़क दुर्घटना, गिरने, खेत-खलिहान और औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े फ्रै र एवं हड्डी संबंधी कई मरीज यहां पहुंचते हैं।विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं होने के कारण अधिकांश मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद पटना या अन्य बड़े अस्पतालों के लिए रेफर करना पड़ता है, जिससे मरीजों के परिजनों पर अतिरिक्तआर्थिक बोझ, समय की हानि और मानसिक परेशानी बढ़ जाती है।स्वास्थ्य विशेषज्ञों का भी मानना है कि अनुमंडल स्तर के अस्पतालों में अर्थोपेडिक, एनेस्थीसिया, रेडियोलजी और अन्य विशेषज्ञ सेवाओं की उपलब्धता से रेफरल की संख्या में कमी आएगी तथा गंभीर मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा। स्थानीय नागरिकों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में शीघ्र हड्डी रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति कर वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।अब देखना यह होगा कि लंबे समय से उठ रही इस मांग पर स्वास्थ्य विभाग कब तक ठोस निर्णय लेता है। फिलहाल, अस्पताल में आने वाले फ्रै र मरीजों के लिए प्राथमिक उपचार के बाद रेफरल ही सबसे बड़ा सहारा बना हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### ससुराल जाने के लिए निकले युवक का शव बरामद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** चरपोखरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव से ससुराल जाने के लिए निकले युवक का शव दूसरे दिन बरामद हुआ। उसका शव चौरी थाना क्षेत्र के महावीरगंज स्थित सड़क किनारे से बरामद हुआ। मृतक के सिर के पिछले हिस्से में कटे जैसा, चेहरा पर कटा एवं गले के नीचे कटे का निशान पाया गया। मृतक चरपोखरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव निवासी स्व. ददन राम का 29 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र राम है।

### झारखंड निवासी युवती की हत्या में फरार आरोपित गिरफ्तार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** चरपोखरी थाने की पुलिस ने झारखंड निवासी युवती की हत्या में फरार आरोपित पड़रिया गांव निवासी सीटू यादव उर्फ मंजीत कुमार को थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि 29 जून की सुबह पड़रिया गांव स्थित आहर से युवती का शव बरामद हुआ था। युवती का चेहरा एवं शरीर सड़ा-गला था, जिस कारण पुलिस ने अज्ञात के रूप में शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराया था। हालांकि 30 जून को उसकी पहचान झारखंड के गोंडा जिले के हनवरा थाना क्षेत्र के विश्वासखानी गांव निवासी गुलाबी मंडल की 19 वर्षीय पुत्री अंजू कुमारी का हुई थी।

### देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** हसनबाजार थानान्तर्गत हसनबाजार कस्बे से पुलिस ने युवक को देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक सुभाष कुमार उर्फ मंटू कुमार कातर गांव का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने युवक के पास से पांच लीटर देशी शराब बरामद किया है। बता दें कि हसनबाजार पुलिस ने दो दिन पूर्व भी कार में लदी काफी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की थी। हसनबाजार में नये थानेदार जयराम शुक्ला के पदस्थापन के बाद पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई शुरु कर दी है।

### गांजा के साथ किराना दुकानदार गिरफ्तार

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** पीरो थानान्तर्गत मनैनी छलका के पास स्थित किराना दुकान से पुलिस ने 380 ग्राम गांजा बरामद किया है। गिरफ्तार दुकानदार श्रीराम ठाकुर सिकरहटा थाने के नावाडीह गांव का निवासी बताया जाता है। उक्त दुकान में छापेमारी की गई जहां बिक्री के लिए छुपाकर रखा गया 380 ग्राम गांजा बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस ने किराना दुकानदार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### स्वतंत्रता सेनानी रामजी प्रसाद सिंह की 27वीं पुण्यतिथि आज

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शाहाबाद सिविल सोसाइटी एवं रामजी प्रसाद सिंह ग्रामीण विकास सामाजिक एवं आर्थिक शोध संस्थान के तत्वावधान में 29 जुलाई को आरा क्लब, आरा में श्रद्धांजलि सभा एवं जन संवाद आयोजित किया जाएगा। परिचर्चा का विषय भारत की स्वतंत्रता से वर्तमान तक : दशा एवं दिशा होगा। मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल एसके सिंह पूर्व वाइस चीफ, भारतीय थल सेना एवं अध्यक्षता पूर्व कुलपति प्रो. दुर्ग विजय सिंह करेंगे। यह जानकारी शाहाबाद सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. शशि कुमार सिंह ने दी।

### दो शराबियों को किया गिरफ्तार

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** गीधा थाने की पुलिस ने शराब के नशे में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि पहली गिरफ्तारी गिधा गांव निवासी दिलीप राम की हुई। दूसरी कार्रवाई मटियार गांव के कमल नारायण सिंह के खिलाफ हुई।

### अवैध हथियार और कारतूस बरामद, बदमाश फरार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुफस्सिल थाने की पुलिस ने थाना सिंगही मोड़ के पास से अवैध हथियार एवं कारतूस बरामद किया है। हालांकि तीन बदमाश बाइक छोड़कर फरार हो गए, जिसके बाद पुलिस ने बाइक जब्त कर ली। पुलिस ने मौके से देसी पिस्टल एवं जिंदा कारतूस बरामद किया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने प्रेस नोट जारी कर दी।

### देशी और विदेशी शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** टाउन थाने की पुलिस ने अलग-अलग जगह से देशी-विदेशी शराब के साथ दो को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार धंधेबाजों में टाउन थाने के अहिरपुरवा मोहल्ला निवासी राहुल कुमार एवं उसी थाना क्षेत्र के मोती टोला निवासी दिनेश यादव शामिल हैं।

### स्मैक जैसे पदार्थ के साथ दो गिरफ्तार

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** कोईलवर पुलिस ने कुल्हड़िया टोल प्लाजा के समीप 35.15 ग्राम स्मैक जैसे पदार्थ के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र के महिनवा निवासी धीरज कुमार तथा वार्ड संख्या-20 निवासी विकास कुमार (26) के रूप में हुई।

# नए स्वरूप में तैयार आरा का ऐतिहासिक वीर कुंवर सिंह पार्क



**विरासत का सम्मान-आधुनिकता का संगम, परिवार के साथ समय व्यतीत करने का स्थल बना**

**जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य हुआ पूरा, उच्च गुणवत्ता वाले प्राकृतिक पत्थरों का किया गया उपयोग**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** ऐतिहासिक एवं गौरवशाली वीर कुंवर सिंह पार्क का व्यापक जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। आम नागरिकों को आधुनिक, स्वच्छ, सुरक्षित एवं विश्वस्तरीय सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पार्क का समग्र पुनर्विकास किया गया है।

इस जीर्णोद्धार के उपरांत पार्क अब आधुनिक सुविधाओं, आकर्षक प्रा्तिक वातावरण एवं उत्ष्ट नागरिक सुविधाओं से सुसज्जित होकर जिलेवासियों एवं पर्यटकों के लिए एक नए आकर्षण के रूप में तैयार है। जीर्णोद्धार कार्य के अंतर्गत पार्क में अत्याधुनिक सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, योगशाला, सेल्फी प्वाइंट, कैफेटेरिया, शीतल पेयजल की व्यवस्था, ओपन जिम, लोटिंग गार्डन, चिल्ड्रेन प्ले जोन, आधुनिक ऐरियम, आकर्षक फाउंटेन, बोटिंग सुविधा, बेहतर प्रकाश व्यवस्था तथा बैठने की समुचित व्यवस्था विकसित की गई है। पार्क परिसर के प्रवेश द्वार, पाथवे एवं अन्य संरचनाओं के निर्माण में जयपुर से मंगाए गए उच्च गुणवत्ता वाले प्रा्तिक पत्थरों का उपयोग किया गया है, जिससे इसकी भव्यता एवं सौंदर्य में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वीर कुंवर सिंह पार्क परिसर में व्यापक स्तर पर हरित क्षेत्र का विकास, आकर्षक लैंडस्केपिंग, साफ-सफाई, पथों का सुदृढ़ीकरण तथा अन्य आधारभूत नागरिक सुविधाओं का भी विस्तार किया गया है। इसके परिणामस्वरूप यह पार्क अब बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए मनोरंजन, स्वास्थ्य, योग, मर्निंग एवं इवनिंग वक तथा परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय व्यतीत करने का एक आदर्श सार्वजनिक स्थल बन गया है।



## प्रशासन ने मांगा स्वच्छता और संपत्तियों के संरक्षण में सहयोग

**आरा** जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे पार्क की स्वच्छता, हरित वातावरण एवं सार्वजनिक संपत्तियों के संरक्षण में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा इस ऐतिहासिक धरोहर को भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। नवाचार, प्रति और विरासत का अद्भुत संगम वीर कुंवर सिंह पार्क अब भोजपुर की नई पहचान बनने को तैयार है।

# राज्य की चुनिंदा पंचायतों में शामिल बखोरापुर पंचायत

दैनिक नवसंदेश

**आरा/बड़हरा।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के मार्गदर्शन में बखोरापुर पंचायत भोजपुर जिले की उन चुनिंदा पंचायतों में शामिल है, जहाँ ग्रामीण विकास, सुढ़ आधारभूत अवसंरचना, स्वच्छता, सेवा वितरण एवं जनभागीदारी को केंद्र में रखकर एक मडल पंचायत के रूप में विकसित करने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। पंचायत भवन परिसर में आमजन को विभिन्न सरकारी सेवाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। यहाँ संचालित आरटीपीएस काउंटर तथा अन्य जनोपयोगी व्यवस्थाएँ ग्रामीणों के लिए सुगम एवं प्रभावी सेवा सुनिश्चित कर रही हैं। भवन में स्वच्छ पेयजल, शौचालय, आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों एवं कर्मियों के कार्य निष्पादन हेतु आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित की गई हैं। पंचायत सरकार भवन के समीप ही पंचायत क्षेत्र में वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित है, जो ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं स्वच्छ ग्रामीण परिवेश सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल जिलाधिकारी ने बखोरापुर पंचायत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन परिसर में उपलब्ध विभिन्न जनसुविधाओं एवं आधारभूत संरचनाओं का अवलोकन किया तथा पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर पंचायत में संचालित विकास कार्यो एवं सेवा वितरण व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि जिले की अन्य पंचायतों में भी इसी प्रकार की जनोन्मुखी एवं गुणवत्तापूर्ण व्यवस्थाओं का विस्तार किया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन, विकास और जनसुविधाओं का लाभ प्रत्येक नागरिक तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।

**जिलाधिकारी ने बखोरापुर पंचायत का किया निरीक्षण**

**बोले-मॉडल पंचायत के रूप में विकसित करने का हो रहा प्रयास**



### पंचायत के विकास के लिए समर्पित : रितेश सिंह

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बखोरापुर पंचायत के मुखिया रीतेष कुमार सिंह ने कहा कि वे अपने पंचायत को जिला ही नहीं राज्य स्तर पर सर्वाधिक सुविधाओं वाला पंचायत बनाने के लिए संकल्पित हैं। उनका प्रयास है कि पंचायत के सभी परिवार एवं व्यक्ति को उनके योग्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिला दें। श्री सिंह ने कहा कि पूरे पंचायत के लोग पंचायत स्तरीय कार्य इसी पंचायत सरकार भवन से कराएं, इसका पूरा इंतजाम किया जा रहा है।



### मानव तस्करी व महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मालती तकनीकी एवं सामाजिक कल्याण संस्थान द्वारा संचालित डॉ. पीसी निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में मानव तस्करी, महिला सुरक्षा एवं सामाजिक अपराधों की रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, मानव तस्करी एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम में महिला थानाध्यक्ष नीतु कुमारी ने महिलाओं को सुरक्षित रहने, किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने तथा आत्मरक्षा एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। जागरूकता ही महिलाओं की सबसे बड़ी सुरक्षा है। एसटी-एससी बिगाऊराम ने मानव तस्करी, बाल अपराध, ऑनलाइन ठगी तथा अन्य सामाजिक अपराधों से बचने के उपाय बताए। सचिव सत्य प्रकाश ने सभी प्रतिभागियों से समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया और कहा कि सुरक्षित समाज के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। संस्थान के निदेशक डॉ. विकास कुमार ने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें, महिलाओं का सम्मान करें।

### स्थानांतरित पदाधिकारियों के लिए विदाई समारोह

**सहार (दैनिक नवसंदेश)।** सहार बाल विकास परियोजना कार्यालय प्रांगण में स्थानांतरित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चन्दना माधव व प्रखंड समन्वयक रणधीर सिंह के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई सम्मान समारोह की शुरुआत बरुही पंचायत समिति सदस्य अजय सिंह के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी जनार्दन तिवारी स्थानांतरित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चन्दना माधव प्रखंड समन्वयक रणधीर सिंह डाटा अपरेटर प्रभु शरण समेत अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।। कार्यक्रम के दौरान स्थानांतरित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चन्दना माधव प्रखंड समन्वयक रणधीर सिंह बीडीओ जनार्दन तिवारी राम दत्त राम प्रखंड समन्वयक मीरा कुमारी डाटा अपरेटर प्रभु शरण महिला पर्यवेक्षी का सरीका श्रीवास्तव रिंकी कुमारी रीता कुमारी शिक्षक जयप्रकाश राय रंजीत कुमार सेविका संघ अध्यक्ष शर्मिला देवी प्रखंड क्षेत्र के पोषक क्षेत्र के सभी सेविका सहायिका व कर्मचारी उपस्थित थे।

## डिस्ट्रिक्ट बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान की डीएम ने की समीक्षा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में जूम वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला व्यवसाय सुधार कार्य योजना (डीबीआरएपी) एवं सिंगल विंडो सिस्टम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिले में व्यवसायिक सुगमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे सुधारात्मक कार्यो, निर्धारित लक्ष्यों एवं लंबित बिंदुओं की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान 46 सेवाओं एवं 154 सुधारात्मक बिंदुओं की विभागवार समीक्षा की गई। साथ ही सेवा प्रदायगी में पारदर्शिता, अनलाइन प्रक्रियाओं के विस्तार, समयबद्ध निष्पादन, निरीक्षण प्रणाली के सरलीकरण तथा विभागीय समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि प्रत्येक विभाग नोडल पदाधिकारी नामित करते हुए उनका नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आईडी शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि सभी सुधारात्मक कार्यो का प्रभावी अनुश्रवण एवं समन्वय किया जा सके। उन्होंने सभी विभागों को कारोबार करने में आसानी (ईओडीबी) से संबंधित लंबित बिंदुओं, आवश्यक सूचनाओं एवं अनुपालन प्रतिवेदनों का निष्पादन निर्धारित समयसीमा के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता (राजस्व), सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला अग्निशमन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता विद्युत, अधीक्षक श्रम कार्यालय, जिला नियोजन पदाधिकारी, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।



### रविदास जयंती पर भाजपा का कार्यक्रम आज से

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भाजपा ने संत शिरोमणि संत रविदास महाराज की 650वीं जयंती को समरसता संकल्प अभियान के रुप मे मनाने की घोषणा की गई है। पार्टी के भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने प्रेस को बताया कि इस बार संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650वीं जयंती को भाजपा विशेष रूप से पूरे देश में मनाएगी। पाटी गुरू पूर्णिमा 29 जुलाई से रविदास जयंती 20 फरवरी 2027 तक समरसता संकल्प अभियान चलाएगी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि गुरू पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सभी मंडलों के मंदिरों मे पूजा अर्चना की जाएगी। उस दिन समरसता दीप महोत्सव आयोजित होगा। विशेष रूप से जहां संत रविदास महाराज की मूर्ति या मंदिर है वहां भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम करेंगे। यह अभियान 29 जुलाई से प्रारंभ होकर 20 फरवरी 2027 तक भोजपुर जिला के जिला, मंडल एवं पंचायत स्तर पर व्यापक जनभागीदारी के साथ संचालित किया जाएगा। उक्त अभियान को सफल बनाने हेतु जिला एवं मंडल स्तर पर टोली बनाया गया है।

## लंबित आवासों का निर्माण एक सप्ताह में कराएं : बीडीओ




**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी बीर बहादुर पाठक की अध्यक्षता में सभी आवास सहायकों के साथ समीक्षा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित आवासों का सर्वेक्षण कर लाभुकों की वास्तविक स्थिति का आकलन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन लाभुकों के आवास निर्माण का कार्य अधूरा है और जो नियमानुसार भुगतान के पात्र हैं, उन्हें लंबित किस्त का भुगतान सुनिश्चित कराते हुए एक सप्ताह में आवास निर्माण पूरा कराया जाए। बीडीओ बीर बहादुर पाठक ने कहा, सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र परिवार को समय पर पक्का आवास उपलब्ध हो। सभी आवास सहायक अपने-अपने पंचायत क्षेत्र में लंबित आवासों का सर्वेक्षण गंभीरता से बैठक में प्रखंड के सभी आवास सहायक एवं आवास पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

### जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज द्वारा एमबीए, बीबीए एवं बीसीए के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए एक्सेप्ट अस 2026 ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। संचालन छात्रा मिस प्रियंशा ने किया। अध्यक्षता कॉलेज के चेयरमैन डॉ. आदित्य विजय जैन ने की। वाइस चेयरपर्सन डॉ. सैपी जैन, डायरेक्टर सिद्धा विजय जैन एवं अरिहंत विजय जैन भी मंचासीन रहे। मुख्य अतिथि नरेश कुमार, संयुक्त आयुक्त, पूर्वी प्रमंडल (ऑडिट) राज्य कर, पटना नरेश कुमार ने कहा कि आज सफलता केवल प्रतिभा या बुद्धिमत्ता से निर्धारित नहीं होती, बल्कि निरंतरता, धैर्य, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच ही व्यक्ति को सफलता के शिखर तक पहुंचाती है। विशिष्ट अतिथि ओम कुमार ने विद्यार्थियों को ईमानदारी, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने का संदेश देते हुए कहा कि उच्च शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रक्रिया है। कार्यक्रम में डॉ. सावित्री तिवारी, नीरज कुमार, अरुण मिश्रा, सौरभ कुमार, प्रतीक बनर्जी आदि मौजूद थे।

# कुंडवा शिव मंदिर में श्रावणी मेले का आगाज आज

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** शाहपुर प्रखंड स्थित प्राचीन व प्रसिद्ध कुंडवा महादेव मंदिर के विकास और सौंदर्यीकरण की दिशा में पहल तेज हो गई है। विधानसभा में स्थानीय विधायक राकेश रंजन द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न के जवाब में बिहार सरकार के पर्यटन विभाग ने मंदिर के सर्वांगीण विकास के लिए सकारात्मक रुख अपनाया है। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने विधानसभा में दिए लिखित उत्तर में बताया कि जिला पदाधिकारी, भोजपुर के प्रतिवेदन के अनुसार जगदीशपुर अनुमंडल के बिलौटी पंचायत स्थित कुंडवा महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि, सावन तथा अन्य धार्मिक अवसरों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यात्री शेड, पेयजल, सार्वजनिक शौचालय एवं प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध है। विधानसभा में यह भी सवाल उठाया गया कि मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन, अतिरिक्त यात्री शेड, शुद्ध पेयजल, पार्किंग, परिसर का सौंदर्यीकरण तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का अभाव है। इस पर पर्यटन विभाग ने कहा कि कुंडवा महादेव मंदिर के सर्वांगीण विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए जिला पदाधिकारी, भोजपुर से विस्तृत प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद निधि की उपलब्धता के आधार पर आगे का निर्णय लिया जाएगा। पर्यटन विभाग के इस जवाब से क्षेत्र के लोगों में उम्मीद जगी है कि आने वाले समय में कुंडवा महादेव मंदिर को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान मिल सकेगी और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रखंड के प्राचीन कुंडवा शिव मंदिर में सावन माह के प्रथम दिन बुधवार की शाम चार बजे श्रावणी मेले का उद्घाटन स्थानीय विधायक राकेश रंजन करेंगे। इसकी जानकारी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मदेव मिश्रा ने दी।



**विधायक करेंगे उद्घाटन पर्यटन मानचित्र पर चमकेगा कुंडवा महादेव मंदिर**

## श्री जैन बाला विश्राम में मनी आर्यिका रत्न चंदा मां की पुण्यतिथि



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** श्री जैन बाला विश्राम बालिका मध्य एवं प्लस.2 विद्यालय, धनुपरा में मंगलवार को विद्यालय की संस्थापिका आर्यिका रत्न चंदा माँ श्री की 50वीं पुण्यतिथि एवं विद्यालय के 105वें वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जैन समाज के मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा पदाधिकारी मानवेंद्र कुमार राय ने की। मुख्य अतिथि बड़हरा राघवेंद्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर डीपीओ मो़ नाजिश अली, रोटरी क्लब अफ आरा के अध्यक्ष् ष्ण माधव अग्रवाल एवं नीरज कुमार विशिष्ट अतिथि रहे। वक्ताओं ने आर्यिका रत्न चंदा माँ श्री के शिक्षा और समाज सेवा के कार्यो को याद किया। मौके पर मैट्रिक और इंटर में उत्ष्ट अंक लाने वाली मेधावी छात्राओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। चित्रकला एवं शिल्प प्रदर्शनी भी लगाई गई। विद्यालय के अध्यक्ष अभय कुमार जैन ने कहा कि माँ श्री का सपना था कि हर बेटी शिक्षित हो। संचालिका ब्र सुलोचना जैन एवं प्रभारी प्राचार्या ड़ माया गुप्ता ने सभी धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सचिव श्री प्रशांत कुमार जैन का विशेष योगदान रहा। अपने दूरदर्शी नेतृत्व, संगठन क्षमता और निरंतर परिश्रम से प्रशांत कुमार जैन ने विद्यालय एवं संस्था को शिक्षा, अनुशासन और सामाजिक उत्ष्टता के क्षेत्र में नई उंचाइयों पर पहुंचाया है। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय आज जिले का एक आदर्श शिक्षण संस्थान बनकर उभरा है। इस पुण्य कार्य में संयुक्त सचिव विभोर जैन, व्यवस्थापक गुलाबचंद जैन, संयोजक मोनू कुमार जैन एवं प्रधानाध्यापक ज्ञानचंद जैन का भी सराहनीय सहयोग रहा।

**विद्यालय का 105वां वार्षिकोत्सव मनाया गया**

# अभ्यास ब्रिगेड की टीम द्वारा विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का किया गया

**अरवल (एनएसबी)।** एंटी रोमियो स्क्वॉड पिंक पेट्रोलिंग अभया ब्रिगेड की टीम द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय मखमिलपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने विद्यालय की छात्राओं एवं छात्रों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, जिज्ञासाओं एवं सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को महिला उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा, लैंगिक अपराधों से संबंधित कानूनों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराध एवं साइबर फ्रॉड के विभिन्न प्रकारों से अवगत कराते हुए उनसे बचाव के प्रभावी उपायों के बारे में भी बताया गया। टीम द्वारा छात्राओं को यह समझाया गया कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, ऑनलाइन ठगी, या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करें।


छात्राओं को जागरुक करते टीम के लोग।

छात्राओं को थाना स्तर पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क, साइबर सुरक्षा तंत्र एवं आपातकालीन सेवा डायल 112 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, नए आपराधिक कानूनों से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी उन्हें जागरूक किया गया, ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों के प्रति सजग रह सकें।

कार्यक्रम के अंत में टीम द्वारा छात्राओं को आत्मविश्वासी बनने, किसी भी प्रकार के अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने एवं सुरक्षा से जुड़े संसाधनों का निडर होकर उपयोग करने की अपील की गई। साथ ही विद्यालय प्रशासन एवं छात्र-छात्राओं से सहयोग बनाए रखने तथा सुरक्षित एवं जागरूक समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया गया

## संक्षिप्त खबरें

### बांकेपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के समर्थन में अरवल टीम ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**मेहंदिया (एनएसबी)** । बाँकेपुर विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अरवल भाजपा की टीम भी सक्रिय रूप से चुनावी मैदान में उतर गई है। अरवल से गई यह टीम लगातार जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही है।इस अभियान का नेतृत्व अरवल जिला भाजपा अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी कर रहे हैं। उनके साथ जिला महामंत्री विकास दुबे, अमृत राज, भासकर कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता दिन-रात क्षेत्र में भ्रमण कर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हुए हैं। कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों से संवाद कर रहे हैं तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए भाजपा को विजयी बनाने की अपील कर रहे हैं।टीम के सदस्यों का कहना है कि बाँकेपुर क्षेत्र में भाजपा के प्रति लोगों का रुझान लगातार बढ़ रहा है और जनता विकास के मुद्दे पर पार्टी के साथ खड़ी नजर आ रही है। कार्यकताओं का दावा है कि इस उपचुनाव में भाजपा भारी मतों से जीत दर्ज करेगी। जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ चुनावी अभियान में लगे हुए हैं और जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि बाँकेपुर की जनता भाजपा को विजयी बनाकर विकास की गति को और तेज करेगी।

### गया नगर निगम के वार्ड पार्षद भाजपा में शामिल

**मेहंदिया (एनएसबी)।** गया नगर निगम के वार्ड पार्षद मनोज कुमार सहित अन्य को भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने पर कलेर के कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। कलेर भाजपा के कार्यकर्ता मनीष कुमार, गौरव कुमार, अमन कुमार, सहित आदि ने बताया कि मनोज कुमार एक जुझार एवं संघर्षशील कार्यक्रता हैं,भाजपा में आने से निश्चित तौर पर भारतीय जनता पार्टी को गया में मजबूती मिलेगी साथ ही साथ उनके प्रभाव से कलेर में भी भारतीय जनता पार्टी के जनाधार में वृद्धि होगी, इन लोगों ने मनोज कुमार के भारतीय जनता पार्टी में लंबी अवधि की कामना की है।

### आज होगा अहमदपुर हरना पंचायत में पैक्स चुनाव 2,706 मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

**कुर्था(एनएसबी)।** आज होने वाले अहमदपुर हरना पंचायत में पैक्स चुनाव को लेकर सभी प्रशासनिक एवं चुनावी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान के लिए मतदान केंद्र पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। जानकारी के



अनुसार अध्यक्ष पद के लिए 2 प्रत्याशी व सदस्य पद के लिए 23 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनके भविष्य का फैसला पंचायत के 2,706 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर करेंगे। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मतदान केंद्र पर तीन मतदान टेबल बनाए गए हैं। मतदान की प्रक्रिया सुबह 7:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक चलेगी। निर्वाचन पदाधिकारियों ने मतदाताओं से समय पर पहुंचकर निर्भीक एवं निष्पक्ष मतदान करने की अपील की है। वहीं मतदान समाप्त होने के बाद आज ही शाम 6:00 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। मतगणना कार्य के लिए भी तीन टेबल की व्यवस्था की गई है, ताकि परिणाम शीघ्र घोषित किए जा सकें।

### चारू मजूमदार के 54वें शहादत दिवस पर भाकपा माले ने संगठन मजबूत करने का लिया संकल्प

**कुर्था (एनएसबी)** भाकपा माले के प्रथम महासचिव स्वर्गीय चारू मजूमदार का 54वां शहादत दिवस मंगलवार को कुर्था प्रखंड के इब्राहिमपुर एवं राजेपुर पंचायत में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा पार्टी संगठन को मजबूत करने और जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाकपा माले के प्रखंड सचिव महेश यादव, पूर्व मुखिया अवधेश यादव, गणेश यादव, बालसुन्दर मिस्त्री, रिजवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


ध्वजा रोहण करते माले नेता।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड सचिव महेश यादव ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों पर संकट है और गरीब, किसान, मजदूर, छात्र तथा नौजवानों के हितों की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी जनता के अधिकारों की लड़ाई को और तेज करेगी। वहीं माले नेता एवं बारा पंचायत के पूर्व मुखिया अवधेश यादव ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि युवाओं और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने नीट परीक्षा से जुड़े मुद्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि छात्रों के आंदोलन ने पूरे देश में व्यापक असर डाला। साथ ही उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से गांव-गांव तक संगठन का विस्तार करने और आम जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यकताओं ने पार्टी के संगठन एवं ब्रांचों को मजबूत करने, जनसरोकार के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने तथा आम लोगों के बीच पार्टी के कार्यों का विस्तार करने का सामूहिक संकल्प लिया।

### जनगणना-2027 की नई तैयारी: 1 अगस्त से डिजिटल मोड में शुरू होगा जिला जनगणना हस्तपुस्तिका हेतु सूचना संग्रहण अभियान (175)

**जहानाबाद।** भारत की जनगणना-2027 के तहत जहानाबाद जिले में जिला जनगणना हस्तपुस्तिका तैयार करने के लिए 1 अगस्त से 30 अगस्त, 2026 तक डिजिटल माध्यम से सूचना संग्रहण अभियान चलाया जाएगा। प्रशिक्षित क्षेत्र अधिकारी मोबाइल ऐप के जरिए विभिन्न विभागों से आधारभूत जनसुविधाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, संचार, बिजली, बैंकिंग, कृषि, उद्योग तथा सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों से संबंधित आंकड़े एकत्र करेंगे। जिला प्रशासन ने चार्ज स्तर पर तैयारियां तेज कर दी हैं। क्षेत्र अधिकारियों के यूजर आईडी बनाए जा रहे हैं ताकि निर्धारित समय में कार्य पूरा हो सके। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया है कि वे निर्धारित प्रारूप में समय पर सूचनाएं उपलब्ध कराकर जनगणना-2027 के इस महत्वपूर्ण कार्य में पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करें। तैयार होने वाली जिला जनगणना हस्तपुस्तिका जिले की सामाजिक, आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय स्थिति का महत्वपूर्ण संदर्भ दस्तावेज होगी।


### विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम, बचाव और टीकाकरण पर दिया गया जोर

**जहानाबाद।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिड़ वाई भूटिया के निदेशानुसार जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में मखदुमपुर प्रखंड के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर इकील में सीएचओ, एएनएम, आशा कार्यकताओं एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति में हेपेटाइटिस एवं वायरल हेपेटाइटिस पर जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य कर्मियों को बताया गया कि हेपेटाइटिस एक वायरल संक्रमण है, जो यकृत (लिवर) को प्रभावित करता है। हेपेटाइटिस-ए एवं ई दूषित भोजन और पानी से फैलते हैं, जबकि हेपेटाइटिस-बी एवं सी संक्रमित रक्त, असुरक्षित इंजेक्शन, असुरक्षित शारीरिक संबंध तथा संक्रमित उपकरणों के उपयोग से फैल सकते हैं। विशेषज्ञों ने सुरक्षित पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षित रक्त एवं इंजेक्शन के उपयोग तथा हेपेटाइटिस-बी के टीकाकरण को बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय बताया।

## सावन की शुरूआत के साथ मधुश्रवा में गूंजेगा 'बोल बम', 30 जुलाई से श्रावणी मेला का शुभारंभ

**मेहंदिया (एनएसबी)।** पवित्र सावन माह के आगमन के साथ ही प्रसिद्ध धाम मधुश्रवा एक बार फिर शिवभक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है। आगामी 30 जुलाई से मधुश्रवा में श्रावणी मेले का शुभारंभ होगा। इसे लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह और उमंग देखी जा रही है। लोग सावन की शुरूआत भगवान शिव की आराधना और मधुश्रवा धाम के पवित्र सरोवर में स्नान कर भव्य तरीके से करना चाहते हैं।

श्रावण मास के दौरान पूरे महीने मधुश्रवा धाम में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है, लेकिन प्रत्येक सोमवारी को यहां विशेष भीड़ उमड़ती है। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु सबसे पहले पवित्र सरोवर में स्नान करते हैं, इसके बाद भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का जलाभिषेक एवं विधिवत पूजन करते हैं। ऐसी मान्यता है कि सावन में यहां श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसके साथ ही यह भी उल्लेखनीय है कि इस श्रावणी मेला में सिर्फ लोग स्नान-ध्यान करने ही नहीं आते हैं, बल्कि पूरे सावन माह तक यहां भव्य मेले का भी आयोजन होता है। इस मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें लगती हैं, जिनमें खेल-तमाशे, दवा, खान-पान, मनोरंजन सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं की दुकानें शामिल रहती हैं। यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ती है और पूरा क्षेत्र मेले के रंग में



सराबोर रहता है।30 जुलाई से शुरू होने वाले श्रावणी मेले को लेकर स्थानीय प्रशासन एवं मेला समिति भी आवश्यक तैयारियों में जुटी हुई है। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।सावन की पावन बेला में मधुश्रवा धाम एक बार फिर "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोष से गुंजायमान होगा। श्रद्धालुओं का मानना है कि मधुश्रवा में पूजा-अर्चना के साथ सावन की शुरूआत करना अत्यंत शुभ एवं फलदायी होता है।मेहंदिया थाना अध्यक्ष मनोरंजन कुमार ने बताया कि श्रावणी मेले में मधुश्रवा में सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था होगी और किसी तरह के लोगों को परेशानी नहीं होगी। पर्याप्त संख्या में पुरुष एवं महिला सिपाही मधुश्रवा में मौजूद रहेंगे, जो श्रद्धालुओं को स्नान आदि करने में सहयोग भी करेंगे और व्यवस्थाएं भी बनाएंगे।

## डिजिटल दौर में जागरूकता ही सबसे बड़ी सुरक्षा: साई सेंट्रल पब्लिक स्कूल में 'साइबर मंगलवार' कार्यशाला



**जहानाबाद (एनएसबी)।** सुलतानी पण्डुई स्थित साई सेंट्रल पब्लिक स्कूल में जिला प्रशासन एवं जहानाबाद पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में 'साइबर मंगलवार पहल' के अंतर्गत साइबर जागरूकता, नशा मुक्ति एवं सड़क सुरक्षा कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जहानाबाद के पुलिस अधीक्षक श्री कोटा किरण कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालय के निदेशक एस.पी. सिंह ने मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न (मेमेंटो) भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। अपने प्रेरक संबोधन में एसपी श्री कोटा किरण कुमार ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने, किसी भी परिस्थिति में ओटीपी साझा नहीं करने तथा साइबर अपराध होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा सड़क सुरक्षा नियमों—हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और ओवरस्पीडिंग से बचने-का पालन करने का आह्वान किया। एसपी श्री कोटा किरण कुमार ने साई सेंट्रल पब्लिक स्कूल की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार प्रदान करने का विद्यालय का प्रयास अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों के अनुशासन की विशेष प्रशंसा करते हुए कहा कि "यहाँ के बच्चे काफी अनुशासित और जागरूक हैं।" उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को सुझाव दिया कि विद्यार्थियों का निकटवर्ती पुलिस थाने का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाए, ताकि वे पुलिस की कार्यप्रणाली को समझ सकें और पुलिस के प्रति उनका विश्वास और अधिक मजबूत हो। विद्यालय के संयोजक अनुभव सिंह ने मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एसपी का मार्गदर्शन ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के भविष्य के लिए नई दिशा तय करेगा। उन्होंने कहा कि व्यस्ततम दिनचर्या के बावजूद एसपी का विद्यालय आकर बच्चों को प्रेरित करना पूरे विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा सुझाए गए पुलिस थाने के शैक्षणिक भ्रमण को शीघ्र ही आयोजित किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़े और वे कानून-व्यवस्था को निकट से समझ सकें। कार्यक्रम में साइबर डीएसपी अंकित कुमार, महिला थानाध्यक्ष अनामिका, विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

**एसपी कोटा किरण कुमार ने बच्चों को दिए सुरक्षा, संस्कार और सड़क सुरक्षा के मंत्र**

## 30 जुलाई को भव्य शुभारंभ के लिए तैयार श्रावणी मेला-2026, अंतिम चरण में व्यवस्थाएं



**जहानाबाद (एनएसबी)।** बाबा सिद्धेश्वर नाथ धाम, बराबर पहाड़ में आयोजित होने वाले श्रावणी मेला-2026 के 30 जुलाई को होने वाले भव्य शुभारंभ की तैयारियाँ लगभग पूरी हो चुकी हैं। जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया के निर्देश पर जिला प्रशासन शेष कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा करने में जुटा है, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। जिला पदाधिकारी के निदेर्शानुसार अनुमंडल पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी तथा जिला परियोजना पदाधिकारी (नमामि गंगे) लगातार मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर सभी कार्यो की प्रगति और गुणवत्ता की निगरानी कर रहे हैं। संबंधित अधिकारी नियमित रूप से स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। मेला परिसर में विद्युत एवं आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, टेंट-पंडाल निर्माण, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, सूचना पट्ट एवं साइनेज, पेयजल, अस्थायी शौचालय, बैरिकेडिंग, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य, विद्युत, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, नगर परिषद, पुलिस, आपदा प्रबंधन सहित सभी संबंधित विभागों को मेला अवधि के दौरान निर्बाध सेवाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने-अपने दायित्वों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निर्वहन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

**जिला पदाधिकारी के निर्देश पर बराबर धाम में सुरक्षा, स्वच्छता एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को दिया जा रहा अंतिम रूप**

## नमामि गंगे अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं नदी संरक्षण कार्यों की हुई समीक्षा




**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला गंगा समिति, जहानाबाद श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया के निदेर्शानुसार आज जिला गंगा समिति, नमामि गंगे, जहानाबाद की मासिक समीक्षा बैठक उप विकास आयुक्त श्री आदित्य कुमार पियूष की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, नदी संरक्षण एवं संवर्धन, स्वच्छता अभियान, जनजागरूकता कार्यक्रमों तथा आगामी कार्ययोजना की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान नदी तटों की स्वच्छता, जल स्रोतों के संरक्षण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, जनभागीदारी को बढ़ावा देने, जीविका समूहों, विद्यालयों, स्काउट एंड गाइड एवं अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही नदी संरक्षण से संबंधित गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करते हुए अधिकाधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि नमामि गंगे अभियान पर्यावरण संरक्षण के लिए अतिआवश्यक है इसलिए उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप गतिविधियों का नियमित अनुश्रवण करते हुए प्रगति प्रतिवेदन समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक के अंत में आगामी माह की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि नदी संरक्षण, स्वच्छता एवं जनजागरूकता से जुड़ी गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, जिससे नमामि गंगे अभियान के उद्देश्यों की प्राप्ति के साथ-साथ जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को भी और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। बैठक में निदेशक, डीआरडीए-सह-नोडल पदाधिकारी, जिला गंगा समिति डॉ. रोहित कुमार मिश्र, निदेशक, एनईपी डॉ. सुदर्शन कुमार, जिला परियोजना पदाधिकारी (नमामि गंगे) श्री अमित कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्री राजेश कुमार, सभी कार्यपालक पदाधिकारी, डीपीएम जीविका, सहायक कार्यपालक अभियंता (बाढ़ नियंत्रण), स्काउट एंड गाइड के जिला संगठन आयुक्त श्री हरिशंकर कुमार सहित जिला गंगा समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

**उप विकास आयुक्त द्वारा नदी संरक्षण एवं जनभागीदारी को और सशक्त बनाने के दिए गए दिशा निर्देश**

## प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लक्ष्य प्राप्ति को लेकर समीक्षा

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी, जहानाबाद श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया के निदेर्शानुसार आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त, जहानाबाद श्री आदित्य कुमार पियूष की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जिले में आवेदन की प्रगति,



विभागवार लक्ष्य, जन-जागरूकता अभियान एवं लाभार्थियों के ऑनलाइन आवेदन की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिले के संबंधित सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों को विभागवार प्रतिदिन प्राप्त किए जाने वाले आवेदन का लक्ष्य निर्धारित किया गया तथा उसके अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागीय तंत्र, क्षेत्रीय कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पात्र घरेलू उपभोक्ताओं को अपने आवासीय भवनों की छतों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित कराने हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाए, ताकि योजना का लाभ अधिकाधिक परिवारों तक पहुँच सके। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि प्रत्येक विभाग अपने निर्धारित दैनिक लक्ष्य के अनुरूप पात्र लाभार्थियों का प्रधानमंत्री सूर्यघर पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रतिदिन सुनिश्चित कराए तथा उसकी प्रगति का नियमित अनुश्रवण करते हुए दैनिक प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराए। सभी पदाधिकारियों को क्षेत्र स्तर पर विशेष जागरूकता अभियान चलाने एवं पात्र लाभार्थियों को आवेदन प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, विद्युत, जिला विकास पदाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए।